जबलपुर
शनिवार, 13 जुलाई 2024
- आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-8
- वर्ष : 19, अंक : 74
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 31
न्यून. 25


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में उछाल

## 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.16 अरब डॉलर पर पहुंचा

*मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच जुलाई को समाप्त सप्ताह में 5.16 अरब डॉलर उछलकर 657.16 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 1.71 अरब डॉलर घटकर 651.99 अरब डॉलर रहा था। इस वर्ष सात जून को विदेशी मुद्रा भंडार 655.82 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।*



ट्रफ लाइन के ऊपर जाने से मजबूत सिस्टम नहीं, इसलिए प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट नहीं

# तेज बारिश से भोपाल, खंडवा-डिंडौरी समेत प्रदेश के 15 जिले भीगे

## आज 11 जिलों में बारिश का अलर्ट, भोपाल में भी शनिवार को झमाझम के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में शुक्रवार को भी तेज बारिश का दौर जारी रहा। सीधी में 36 मिली मीटर पानी गिर गया। वहीं, भोपाल, गुना और नौगांव में करीब 25-25 मिमी बारिश हुई। बैतूल, धार, इंदौर, खंडवा, रतलाम, खजुराहो, रीवा, टीकमगढ़ और बालाघाट के मलाजखंड में भी बारिश हुई।

शनिवार को भी 11 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। जिसके तहत सीधी, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पन्ना, शहडोल, सतना, मैहर, अशोक नगर, शिवपुरी और गुना में बारिश होगी। मौसम विभाग ने टीकमगढ़, निवाड़ी के ओरछा, छतरपुर के खजुराहो, पन्ना, दमोह और हरदा में आकाशीय बिजली गिरने के साथ तेज बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं, सतना के चित्रकूट, अशोकनगर, भोपाल, सागर, खंडवा, खरगोन में मध्यम बारिश होगी। शनिवार को शाजापुर, आगर-मालवा, उज्जैन, बड़वानी, इंदौर, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, जबलपुर, नर्मदापुरम के पचमढ़ी, नरसिंहपुर, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर के अमरकंटक, रीवा, सीधी, सिंगरौली और श्योपुर में भी मौसम बदला रहेगा। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि अभी भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। आने वाले दिनों में भारी बारिश होगी। ट्रफ लाइन के ऊपर जाने से फिलहाल बारिश का मजबूत सिस्टम नहीं बन पा रहा है। हालांकि पूर्वी हिस्से में थोड़ी तेज बारिश हो सकती है, लेकिन पश्चिमी हिस्से में असर कम रहेगा। कुछ दिन के बाद सिस्टम की फिर से बनेगा।

### दमोह में हुई सबसे ज्यादा बारिश

प्रदेश के पूर्वी हिस्से में गुरुवार को तेज बारिश का दौर जारी रहा। 12 जिलों में पानी गिरा। सबसे ज्यादा दमोह में 50 मिमी पानी गिर गया। खजुराहो, मंडला, नौगांव, सतना, सिवनी में 13 मिमी के करीब पानी गिरा। छिंदवाड़ा, जबलपुर, रीवा, सागर, उमरिया, बालाघाट के मलाजखंड में भी बारिश हुई। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से यानी, बैतूल और गुना में भी हल्की बारिश दर्ज की गई।



### भोपाल में सुबह से छाए बादल, दोपहर में तेज बारिश

भोपाल में सुबह से बादल छाए रहे। उमस भरा मौसम रहा। दोपहर में कई इलाकों में तेज बारिश हुई। भोपाल में अब तक 570 मिमी बारिश हो चुकी है। यह कुल औसत बारिश का 32 प्रतिशत है।

### उज्जैन रहा सबसे गर्म

शुक्रवार को भोपाल में 31.5 डिग्री, इंदौर में 32.3 डिग्री, जबलपुर में 32 डिग्री और उज्जैन में पारा 33 डिग्री दर्ज किया गया। पचमढ़ी में सबसे कम 27.2 डिग्री, सिवनी में 27.4 डिग्री और बैतूल में पारा 29.5 डिग्री दर्ज किया गया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

वर्तमान जीवन शैली के परिणामस्वरूप जल में आई विकृति का उपचार करने की यह अद्भुत पहल

# पानी में ऐसा पौधा डालेंगे जो खुद चक्र बनाएगा, स्वतः स्वच्छ हो जाएगा जल



मुख्यमंत्री ने कहा, मेरी शुभकामना, कल्पना की उड़ान साकार हो

तालाब के पानी को स्वच्छ करने के नवाचार को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नीर नवजीवन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नीर नवजीवन परियोजना में प्राकृतिक रूप से तालाब के पानी को स्वच्छ करने का नवाचार अनुकरणीय है। इससे फाउंटेन, पेड़-पौधों तथा उपयुक्त जीवों के माध्यम से जल स्वतः स्वच्छ होता रहेगा।

यह तकनीक किफायती है, वर्तमान परिस्थितियों में इसका प्रभाव और महत्व बहुत अधिक है। वर्तमान जीवन शैली के परिणामस्वरुप जल में आई विकृति का उपचार करने की यह अद्भुत पहल है। उन्होंने कहा कि पानी को साफ करने का नवाचार लागत व टेक्नॉलाजी के हिसाब से अनूठा है।

**शहर का आकर्षण ऐसा है कि जो एक बार भोपाल आता है, वह यहीं का होकर रह जाता है**



### भोपाल के बड़े तालाब की निर्माण तकनीक वर्तमान में भी प्रेरणादायी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल का प्राकृतिक सौन्दर्य ईश्वर की विशेष कृपा है। वर्षा ऋतु में भोपाल की सुंदरता और अधिक बढ़ जाती है। ताल-तलैया, झील एवं एक हजार साल पहले निर्मित बड़े तालाब की अद्भुत छटा होती है। शहर का आकर्षण ऐसा है कि जो एक बार भोपाल आता है, वह यहीं का होकर रह जाता है। भोपाल का बड़ा तालाब बांध निर्माण का सर्वोत्तम उदाहरण है। इसके निर्माण की तकनीक वर्तमान में भी प्रेरणादायी है।

### मुख्यमंत्री ने कहा, मेरी शुभकामना कल्पना की उड़ान साकार हो

सुश्री ईष्ना ने बताई झील को प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक तरीके से संरक्षित रखने की तकनीक के बारे में नीर नवजीवन परियोजना की सुश्री ईष्ना अग्रवाल ने बताया कि झील बाल उद्यान को नवजीवन देने के उद्देश्य से शुरू की गई परियोजना में झील को प्राकृतिक और वैज्ञानिक तरीके से संरक्षित किया जाएगा।

रघुनंदन का मोहन से आग्रह


### शासन प्रशासन में फैली गंदगी के लिए चलाएं 'शुद्धिकरण' अभियान

*भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा रघुजी ने छोटे तालाबों के पुनर्जीवन, पानी को पीने योग्य बनाने और पर्यावरण शुद्धिकरण के अभियान के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि राजनीति और प्रशासन में भी इसी तरह के शुद्धिकरण की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कई मसलों पर मुख्यमंत्री ने सख्त निर्णय लिए हैं, इसलिए सरकार में ऊपर से नीचे तक फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ भी वे ही सख्ती का डंडा चला सकते हैं। पूर्व सांसद रघुजी ने कहा कि सरकार में बैठे लोग अपना घर भर रहे हैं। बाहरी लोग दलाल के रूप में सत्ता में प्रवेश कर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि जिन्हें दण्डित होना चाहिए वे मुकुट पहने शान से घूम रहे हैं। नीर नवजीवन परियोजना कार्यक्रम से बाहर आने के बाद रघुजी ने कहा कि मैं अब किसी पद पर नहीं हूं, न ही कोई लालसा है लेकिन अलग-अलग जगह से लोग आकर जब हर स्तर पर फैली रिश्वतखोरी के बारे में बताते हैं तो रात की नींद उड़ जाती है।*

## खबर संक्षेप


### मप्र के मुख्य न्यायाधीश होंगे संधावालिया

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने न्यायमूर्ति जीएस संधावालिया के नाम की अनुशंसा की है। राष्ट्रपति की मुहर के साथ ही नियुक्ति की विधिवत अधिसूचना जारी कर देगा। न्यायाधीश रवि मलिमठ की पिछले दिनों सेवानिवृत्ति के बाद शील नागू को कार्यवाहक चीफ जस्टिस बनाया गया था।



### नेपालः नदी में गिरी दो बसें, 7 भारतीयों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में उफनाई नदी की चपेट में आने से सवारी से भरी दो बसें बह गई हैं, हादसे में 50 से अधिक यात्री लापता हो गए हैं।हादसे में 7 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है। दोनों बसों में ड्राइवर समेत 63 यात्री सवार थे। इसमें से 2 लोगों ने बस से कूद कर जान बचाई है। त्रिशूली नदी में भूस्खलन की वजह बस बही।



(विस्तृत देश-विदेश पेज 3 पर)

### आईएएस पूजा दोषी पाए जाने पर होंगी बर्खास्त

**मुंबई।** महाराष्ट्र कैडर की आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। केंद्र सरकार ने उनके खिलाफ जांच के लिए कमेटी का गठन कर दिया है जिसे दो हफ्तों के अंदर अपनी रिपोर्ट देना है। अगर वे दोषी पाई जाती हैं तो उन्हें बर्खास्त किया जा सकता है। बता दें कि पिछले कई दिनों से गलत कारणों से आईएएस पूजा विवादों में चल रही हैं।



केंद्र सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन

## हर साल 25 जून को मनाया जाएगा संविधान हत्या दिवस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित किया है। इस आशय की अधिसूचना भी जारी कर दी है। इसमें केंद्र ने कहा है कि 25 जून 1975 में देश में आपातकाल लगाया गया था, ऐसे में अब भारत सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय किया है। यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण कराएगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, '25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दर्शाते हुए देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था।

नेपाल में 'प्रचंड' की सरकार गिरी

## पुष्प कमल दहल विश्वास मत हारे, दिया पीएम पद से इस्तीफा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' को बड़ा झटका लगा है। प्रचंड संसद में विश्वास मत हार गए। 19 महीने सत्ता में रहने के बाद अब उन्हें पद छोड़ना पड़ा। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा की अगुवाई वाली सीपीएन-यूएमएल द्वारा प्रचंड की सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद उनको विश्वास मत हासिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

रांची में आरएसएस की बड़ी बैठक

## प्रांत स्तर पर बदलाव, भाजपा में जा सकते हैं कुछ कार्यकर्ता



एजेंसी ⏭ रांची

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रांत प्रचारकों की अखिल भारतीय वार्षिक तीन दिवसीय बैठक रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में शुक्रवार से शुरू हो गई। इस बैठक में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के मार्गदर्शन में संघ अपनी वार्षिक कार्य योजना तैयार करेगा।

### शाखाएं बढ़ाने का लक्ष्य

*इस समय देश में संघ की 73 हजार शाखाएं हैं और हमारा लक्ष्य उसे बढ़ाकर एक लाख तक ले जाने का है। देशभर में 10-15 गांवों के समूह पर मंडल स्तरीय संगठन बनाए जाने की योजना है। बैठक में संघ के सभी सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल, सीआर. मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त, आलोक कुमार, अतुल लिमये, सभी 46 प्रांतों के प्रचारक, अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य, संघ की छह प्रमुख गतिविधियों-कार्यक्रमों के संयोजक एवं सहसंयोजक, सभी क्षेत्र प्रचारक, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख और उनके सहयोगी उपस्थित हैं। इस बैठक के बाद भी संघ प्रमुख मोहन भागवत 19 जुलाई तक रांची में प्रवास करेंगे। इस दौरान वे संघ की विचारधारा वाले संगठनों से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों के साथ विमर्श करेंगे।*

### 4 महीने के उच्चतम स्तर महंगाई खुदरा महंगाई 5% के पार

**नई दिल्ली।** खुदरा महंगाई चार महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। जून महीने में आंकड़ा 5 फीसदी के पार चला गया है। जून में खुदरा महंगाई 5.08 फीसदी दर्ज की गई है। पिछले महीने तक यह आंकड़ा 4.75 फीसदी था जो अब पांच प्रतिशत के भी पार चला गया है। इस समय सब्जियों के दाम भी आसमान छू रहे हैं, आम जनता इससे त्रस्त हो चुकी है। अब आंकड़े भी उस महंगाई की तस्दीक कर रहे हैं। खाद्य महंगाई दर 9.36 फीसदी दर्ज की गई है। बड़ी बात यह है कि खाद्य महंगाई पिछले महीने 8.83 फीसदी थी जो अब सीधे 9 फीसदे के पार चली गई है।



(विस्तृत व्यापार पेज 7 पर)

### केजरीवाल को अंतरिम जमानत, मगर अभी जेल में ही रहेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने उन्हें बड़ी बेंच की सुनवाई होने तक के लिए अंतरिम जमानत दी है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि हमने चुनावी फंडिंग को लेकर भी सवाल उठाया है, ऐसे में सिर्फ पूछताछ के आधार पर गिरफ्तारी की अनुमति नहीं दी जा सकती है। कोर्ट ने अब इस मामले में तीन जजों की बेंच के गठन के लिए सीजेआई को भेजा है। हालांकि, कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद भी सीएम केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे।






शाही शादी में देश-विदेश के वीवीआईपी मेहमान शिरकत करने पहुंचे

बारात में नाचे डब्ल्यूडब्ल्यूई चैम्पियन जॉन सीना, कार में बैठकर किया प्रियंका ने डांस

# मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में एक दूजे के हुए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट

## भारतीय थीम पर नजर आया मंडप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

12 जुलाई अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट जन्मों जन्मांतर के बंधन में बंध गए। जियो वर्ल्ड सेंटर में अनंत-राधिका की शाही शादी हुई। अनंत-राधिका की आलीशान शादी को सालों तक याद रखा जाएगा। वेडिंग में अंबानी फैमिली का हर मेंबर रॉयल लगा। अनंत-राधिका की शादी के ये फंक्शन 14 जुलाई तक चलेंगे। ग्रैंड स्केल पर हुई इस वेडिंग में देश-विदेश के वीवीआईपी मेहमान शिरकत करने पहुंचे।





### शादी में 3 हजार करोड़ रुपए खर्च

अनंत और राधिका की शादी के फंक्शन में अंबानी परिवार 3000 करोड़ रुपए खर्च किया। शादी से पहले हल्दी और मेहंदी के जो प्री वेडिंग फंक्शन हुए थे। ये फंक्शन मुंबई में हुआ था और इसमें जस्टिन बीबर ने परफॉर्म किया था। कुल मिलाकर शादी का खर्च तकरीबन 5 करोड़ है।

### फूलों से सजी कार

*अनंत अंबानी की शादी के लिए बारात इतनी धूमधाम से निकली। देखने वालों की आंखें चमक उठीं, जैसे ही एंटीलिया से फूलों से सजी कार बाहर निकली इसकी शान ने हैरान कर दिया। गाड़ी के निकलने की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हो गईं। अनंत की शादी के मौके पर अंबानी परिवार ने घर के अहम सदस्यों को याद किया। वेडिंग वेन्यू पर नीता अंबानी के पिता (रविंद्रभाई दलाल) और मुकेश अंबनी के पापा (धीरूभाई अंबानी) की तस्वीरों को लगाया गया। दोनों की तस्वीरों के फ्रेम के चारों तरफ फूलों से डेकोरेशन की गई।*

# महाराष्ट्र में हावी हो रही जातिगत राजनीति पर भड़के केंद्रीय मंत्री गडकरी

देश में जात पात का कोई स्थान नहीं

# जो कोई करेगा जातिवाद की बात उसका कर दिया जाएगा 'बायकॉट'

## सड़क परिवहन मंत्री ने जाति की राजनीति करने वाले नेताओं पर निशाना साधा

एजेंसी ▶▶ पणजी

भाजपा के नेता और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कास्ट की पॉलिटिक्स करने वाले नेताओं पर निशाना साधा है। गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि महाराष्ट्र में इस समय जातिवाद की राजनीति हो रही है।

मैं किसी भी तरह के जात-पात को नहीं मानता हूं और जो इसकी बात करेगा तो मैं उसको सबक सिखाऊंगा। उसका बायकाट कर देंगे। गडकरी ने कहा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में करीब 40 फीसदी मुसलमान हैं। मैंने उनको पहले ही बता दिया था कि मैं आरएसएस वाला हूं और हाफ चड्डी वाला हूं। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि किसी को वोट देने से पहले सोच लो कि बाद में पछताना न पड़े। गडकरी ने कहा कि जो मुझे वोट देगा उनका भी काम होगा और जो वोट नहीं देगा उनका काम भी मैं करूंगा।

### कोई भी जाति के आधार पर बड़ा नहीं होता



गडकरी ने कहा कि कोई भी शख्स जाति के आधार पर बड़ा नहीं होता है। गरीबी, भूखमरी और रोजगार सबके लिए है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिलेंडर हो या कोई अन्य चीज अगड़ी और पिछड़ी जाति के लोग एक ही रेट पर इसे खरीदते हैं। इसके साथ ही गडकरी ने कहा कि पेट्रोल हिंदू और मुसलमान एक ही कीमत पर खरीदते हैं।

### महाराष्ट्र में इसी साल होंगे विधानसभा चुनाव

*इस साल महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। अक्टूबर-नवंबर के महीने में राज्य की 288 विधानसभा सीटों के लिए इलेक्शन होगा।*

### सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिए बिना जनसेवा करें

गडकरी ने कहा कि वर्तमान में महाराष्ट्र में जातिवाद बढ़ रहा है और यह विकास को खत्म करने वाला है। सभी राजनीतिक नेताओं को इसके प्रति जागरूक रहना चाहिए और सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिए बिना जनसेवा और विकास की राजनीति करनी चाहिए। महाराष्ट्र में 6 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रिंग रोड बनाए जाएंगे।। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बड़े पैमाने पर देश का विकास कर रही है। नेताओं और कार्यकर्ताओं को जनता की जरूरतों को समझना चाहिए और उन्हें पूरा करना चाहिए। तब ही जनता वोट के रूप में अपना आशीर्वाद देगी।




### एमआईएपी को जोड़ने वाले हाईवे रोड का किया लोकार्पण

गडकरी ने गोवा में मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे रोड का लोकार्पण किया। 1,183 करोड़ की लागत वाली 7 किमी लंबी मोपा लिंक परियोजना से कनेक्टिविटी में सुधार होगा। तेज़ और परेशानी मुक्त यात्रा की सुविधा भी मिलेगी। इस सहयोग के लिए गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे मोपा के लिए 6-लेन पहुंच-नियंत्रित लिंक रोड गोवा राज्य में पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का नया प्रवेश द्वार है।

*अपनी ही पार्टी को दी खास सलाह*

### कांग्रेस जैसी गलती न करें, जनता का विश्वास जीतें

गडकरी ने कहा कि भाजपा एक अलग तरह की पार्टी है और यही वजह है कि पार्टी ने बार-बार वोटरों का विश्वास जीता है। उन्होंने भाजपा को कांग्रेस द्वारा की गई गलतियों को दोहराने को लेकर आगाह किया। भाजपा को वो गलतियां नहीं करनी हैं जो कांग्रेस ने कीं और उसकी वजह से देश की सबसे पुरानी पार्टी को सत्ता से बेदखल होना पड़ा। गडकरी ने इस बात पर जोर दिया कि अगर हम वही करते रहेंगे जो कांग्रेस करती रही है, तो उनके जाने और हमारे आने का कोई मतलब नहीं है। गडकरी ने पणजी में गोवा भाजपा कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। बैठक में राज्य इकाई के अध्यक्ष सदानंद तनावड़े और सीएम प्रमोद सावंत सहित अन्य नेता शामिल हुए।

### भाजपा एक अलग तरह की कैडर वाली पार्टी

अपने 40 मिनट के भाषण में केंद्रीय मंत्री ने अपने गुरु और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के इस कथन को याद किया और कहा कि आडवाणी जी कहा करते थे कि हम एक अलग पार्टी हैं। हमें समझना होगा कि हम अन्य पार्टियों से कितने अलग हैं?

### हमारा लक्ष्य- भ्रष्टाचार मुक्त बने देश

गडकरी ने कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस की गलतियों की वजह से भाजपा को चुना है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी कार्यकर्ताओं को यह पता होना चाहिए कि राजनीति सामाजिक और आर्थिक सुधार लाने का एक साधन है। भाजपा को भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाना है और इसके लिए हमारे पास एक योजना होनी चाहिए।

ममता और बंगाल गवर्नर में विवाद

# 8 बिल खारिज करने पर शीर्ष कोर्ट पहुंची बंगाल की सरकार



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में एक बार फिर ममता बेनर्जी और गवर्नर सीवी आनंद बोस के बीच ठन गई है। ममता सरकार के 8 विधेयकों को गवर्नर बोस द्वारा खारिज करने से यह नया विवाद उपजा है।

ममता सरकार ने गवर्नर के फैसले के खिलाफ अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बंगाल सरकार की वकील आस्था शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका पर देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ से तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया है।

### गवर्नर ने कोई कारण नहीं बताया

याचिका में कहा गया है कि गवर्नर ने बिना कोई कारण बताए आठ विधेयकों को खारिज कर दिया है। यह कृत्य लोकतांत्रिक शासन प्रणाली को कमजोर करता है। राज्य सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि राज्यपाल महोदय की यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 200 का उल्लंघन है।

### राज्य के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा

याचिका में कहा गया है कि बिना कारण बताए विधेयकों को मंजूरी देने से इनकार करना लोकतांत्रिक शासन को कमजोर करना है। राज्य की वकील ने इस बारे में तर्क दिया कि राज्यपाल का यह कदम लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के लिए खतरा पैदा कर रही है और राज्य के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। मामले की त्वरित सुनवाई की मांग पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट मामले पर विचार करेगी।



# केजरीवाल को दी सशर्त अंतरिम जमानत, पर नहीं होगी रिहाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। उन्हें यह राहत ईडी से जुड़े मामले में दी गई है और फिलहाल वे सीबीआई की हिरासत में हैं। उन्हें अभी जेल में ही रहना होगा। जस्टिस खन्ना ने कहा कि क्या गिरफ्तारी की आवश्यकता, अनिवार्यता गिरफ्तारी के औपचारिक मापदंडों की संतुष्टि को संदर्भित करती है। हमने माना है कि केवल पूछताछ से गिरफ्तारी की अनुमति नहीं मिलती। केजरीवाल ने 90 दिन की कैद झेली है। हम निर्देश देते हैं कि केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए। कोर्ट ने इस याचिका को बड़ी पीठ के पास भेज दिया है।

**दिल्ली शराब घोटाले में 25 तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत-** केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली, लेकिन अभी उन्हें जेल में ही रहना पड़ेगा। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ा दी है।

### मामले को बड़ी पीठ के पास भेजा

कोर्ट ने कहा कि हम धारा 19 के प्रश्न पर विचार कर रहे हैं। हमने धारा 19 और 45 के बीच अंतर साफ कर दिया है। जस्टिस खन्ना ने कहा कि न्यायालय की शक्ति अधिकारी की शक्ति से अलग होती है। हमने गिरफ्तारी की आवश्यकता, अनिवार्यता को आधार बनाया है। विशेष रूप से आनुपातिकता के सिद्धांत के मद्देनजर, जिसे हमने बड़ी पीठ के पास भेजा है।

शंभू बॉर्डर मसले पर हरियाणा सरकार से बोला सुप्रीम कोर्ट

# राज्य नहीं कर सकते हाईवे बंद, इसे यातायात के लिए जल्द खोला जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शंभू बॉर्डर खोलने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार की याचिका पर कहा कि कोई राज्य हाईवे को कैसे रोक सकता है? किसान भी देश के नागरिक हैं। उनकी समस्याओं का समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार को काम यातायात को नियंत्रित करना है।

सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी हरियाणा और पंजाब हाईकोर्ट के उस फैसले के बाद आई है जिसमें उसने सप्ताहभर में शंभू बॉर्डर को खोलने का आदेश दिया था।



### किसान बना रहे रणनीति

हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ किसान इस मामले को लेकर रणनीति बनाने में जुटे हैं। किसान संगठनों ने 13 जुलाई को संयुक्त बैठक कर कोई फैसला लेने की बात कही है। सूत्रों का कहना है कि किसान बॉर्डर खुलने के बाद दिल्ली कूच कर सकते हैं।

### किसान यहां धरना दे रहे

शंभू बॉर्डर पर किसान पिछले 5 महीने से धरने पर बैठे हैं। किसान आंदोलन के दौरान प्रदर्शन कर रहे 22 वर्षीय युवक की मौत की न्यायिक जांच के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ हरियाणा सरकार की दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट मे सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसान नागरिक हैं, उन्हें भोजन और अच्छी चिकित्सा सुविधा दें।

### हरियाणा सरकार दाखिल करेगी हलफनामा

कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने यह टिप्पणी की। इस पर हरियाणा सरकार हलफनामा दायर करेगी।

## महिला डॉक्टर को ठगों ने लगाया 28 लाख का चूना

**मुंबई।** ऑनलाइन स्कैम भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं। लोग रोज तरह-तरह के स्कैम के शिकार हो रहे हैं। सोशल मीडिया के जरिए लोगों के साथ स्कैम करना बहुत ही आसान हो गया है। ठगों ने लिंकडिन पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर एक महिला के साथ ठगी की है। डॉक्टर के साथ एक साइबर ठग ने 28 लाख रुपए की धोखाधड़ी की।

## खबर संक्षेप

### आरएसएस मानहानि मामले में राहुल को राहत



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने भिवंडी कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ आरएसएस के कार्यकर्ता राजेश कुंटे द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले में कुछ अतिरिक्त दस्तावेजों को स्वीकार करने की अनुमति दी गई थी। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण ने यह आदेश पारित किया है।

### ड्रग्स के साथ एसआई और साथी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एसआई और उसके साथी को एक करोड़ की ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल सेल ने सब इंस्पेक्टर को दिल्ली के जाफराबाद मेट्रो स्टेशन से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सिपाही का नाम मनीष और उसके साथ का नाम रवि है। मनीष ट्रैफिक पुलिस में तैनात है और उसका साथी रवि नेपाल का रहने वाला है।

### पूर्व सीएम रेड्डी पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज

**अमरावती।** आंध्र के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी मुश्किल में घिरते दिख रहे हैं। उनके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ है।

डीयू ने मनुस्मृति पढ़ाने का प्रस्ताव रद्द किया

# पाठ्यक्रम में विवादित हिस्से को शामिल नहीं करेंगे : प्रधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय ने लॉ फैकल्टी के उस प्रस्ताव को रिजेक्ट कर दिया है, जिसमें मनुस्मृति को पढ़ाए जाने की बात कही गई थी। हालांकि इसे लेकर विवाद भी उठ रहा था।

डीयू के विधि संकाय के एलएलबी पाठ्यक्रम में प्राचीन ग्रंथ मनुस्मृति को शामिल करने को लेकर उठे विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पाठ्यक्रम में किसी भी विवादित हिस्से को शामिल नहीं करने का आश्वासन दिया है। प्रधान ने कहा



कि मनुस्मृति को पाठ्यक्रम में शामिल करने की कुछ सूचना आई थी। मैंने डीयू के कुलपति से इस संबंध में बातचीत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि विधि संकाय के कुछ सदस्यों ने न्यायशास्त्र अध्याय में कुछ बदलाव प्रस्तावित किए हैं लेकिन जब यह डीयू के पास आया तो उन्होंने इसे खारिज कर दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा-लंबित मामले घटेंगे

# ग्राम अदालतों की स्थापना से किफायती न्याय होगा आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि ग्राम न्यायालय स्थापित करने से नागरिकों को किफायती और त्वरित



न्याय उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी और निचली अदालतों में लंबित मामलों की बड़ी संख्या में कमी आएगी। संसद द्वारा पारित एक अधिनियम में नागरिकों को न्याय तक पहुंच प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने जमीनी स्तर पर ग्राम न्यायालयों की स्थापना का प्रावधान किया गया था कि सामाजिक, आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण कोई भी न्याय हासिल करने के अवसरों से वंचित न हो। कोर्ट ने राज्यों के मुख्य सचिवों और उच्च न्यायालयों के महापंजीयकों को 6 सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल कर ग्राम न्यायालयों की स्थापना और संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया।

भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग
विद्युत बढ़ोति

पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना

"पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना" केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गयी योजना है जिसका उद्देश्य आवासीय घरों में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को उनकी छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे बिजली के बिलों में 30% से 70% कमी आएगी और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखा जा सकेगा। वेंडर द्वारा 5 वर्ष तक सोलर प्लांट का रखरखाव भी शामिल है। इस योजना में DCR सोलर पैनल लगाये जाने की बाध्यता होगी।

नेट मीटर कैसे काम करता है?

नेट मीटर एक द्विदिश मीटर है जो ग्रिड से खपत की गई बिजली और आपके सोलर पैनलों द्वारा विद्युत ग्रिड में दी गयी बिजली दोनों को रिकार्ड करता है। यह इस प्रकार काम करता है।

- दिन के समय, आपके सोलर पैनल बिजली उत्पन्न करते हैं, जो सबसे पहले आपके घर के उपकरणों द्वारा उपयोग की जाती है।
- अतिरिक्त बिजली ग्रिड में वापस भेजी जाती है, और नेट मीटर इस निर्यातित ऊर्जा को रिकार्ड करता है।
- रात के समय या बादल वाले दिनों में, जब आपके सोलर पैनल पर्याप्त बिजली नहीं बना रहे होते हैं, तो आप ग्रिड से बिजली की खपत करते हैं। नेट मीटर इस आयातित ऊर्जा को रिकार्ड करता है।
- शुद्ध खपत (आयातित-निर्यातित) के आधार पर उपभोक्ता का बिल जारी किया जाता है।

केन्द्रीय वित्तीय सहायता (CFA) विवरण

- 1 KW के सोलर रूफटॉप कनेक्शन पर 30000 रुपए की सब्सिडी।
- 2 KW के सोलर रूफटॉप कनेक्शन पर 60000 रुपए की सब्सिडी।
- 3 KW एवं 3 KW से अधिक के सोलर रूफटॉप कनेक्शन पर 78000 रुपए की सब्सिडी।

कितनी क्षमता का ऑनग्रिड सोलन पैनल लगाये

| मासिक खपत (यूनिट्स) | आवश्यक सोलर प्लांट क्षमता (KW) |
| --- | --- |
| 0 -150 | 1 - 2 KW |
| 150 - 300 | 2 - 3 KW |
| > 300 | 3 KW से अधिक |

बिजली बिल में नेट मीटर के लाभ

- बिजली बिल में कमी : केवल शुद्ध खपत की गई बिजली (कुल खपत माइनस ग्रिड में भेजी गई अतिरिक्त सौर ऊर्जा) के लिए भुगतान करें। 30% से 70% तक विद्युत बिल में बचत होगी।
- यदि आप अतिरिक्त ऊर्जा निर्यातित करते है तो आगामी माह के बिल में अतिरिक्त ऊर्जा (Carry forward Unit) का समायोजन किया जाता है।
- ऊर्जा स्वतंत्रता : ग्रिड पर निर्भरता कम करें और बढ़ती बिजली लागत से बचाव करें।
- सोलर प्लांट की लागत 4 से 5 वर्ष में वसूल हो जायेगी।

लागत

सोलर रूफटॉप प्लांट की लागत पैनल की मेक, कंपनी, उपभोक्ता की पसंद, सोलर पैनल के प्रकार आदि पर निर्भर है। अतः सोलर पैनल की अधिकतम लागत नियत नहीं है। लागत राशि पूर्णतः वेंडर को देय होगी। सब्सिडी सोलर प्लांट स्थापना के बाद आवेदन कर्ता के खाते में प्राप्त होगी।

पैनल और विक्रेता कैसे चुनें

- पैनल का चयन करें : उच्च दक्षता वाले पैनलों को अच्छे वारंटी शर्तों के साथ देखें। पैनल के प्रकार (मोनोक्रिस्टलाइन, पॉलीक्रिस्टलाइन), दक्षता और गिरावट दर जैसे कारकों पर विचार करें।
- विक्रेताओं की तुलना करें : योजना की वेबसाइट पर स्वीकृत विक्रेताओं की सूची का उपयोग करें। उनके अनुभव, ग्राहक समीक्षा और बिक्री के बाद की सेवा की तुलना करें।
- कोट प्राप्त करें : प्रतिस्पर्धी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न वेन्डर से कोट प्राप्त करें व तुलनात्मक विचार करें।
- प्रमाणपत्र जांचें : सुनिश्चित करें कि पैनल और इनवर्टर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों (जैसे IEC और BIS प्रमाणपत्र) को पूरा करते हैं।
- सामान्यतः सौर पैनल की परफॉरमेंस वारंटी 25 वर्ष होती है।

आवेदन कैसे करें

1. ऑनलाइन पंजीकरण : आधिकारिक पीएम सूर्य घर योजना वेबसाइट http://pmsuryaghar.gov.in पर या स्मार्ट बिजली एप या पोर्टल पर जाएं और पंजीकरण फॉर्म भरें।
2. आवेदन जमा करना : आवेदन बिजली बिल अपलोड करें।
3. स्वीकृति : आवेदन करने पर 10 किलोवॉट तक आटोमेटिक स्वीकृति मिल जायेगी।
4. स्थापना : स्वीकृति के बाद, स्वीकृत सूची से एक विक्रेता चुनें एवं विक्रेता के साथ स्टेंडर्ड एग्रीमेन्ट करें।
5. सब्सिडी वितरण : स्थापना और सत्यापन के बाद सब्सिडी की राशि सीधे आपके बैंक खाते में क्रेडिट की जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए :
आधिकारिक पीएम सूर्य घर योजना वेबसाइट http://pmsuryaghar.gov.in पर जाएं या हमारी हेल्पलाईन 1912 पर कॉल करें।
1912
मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर
जन संपर्क एवं मीडिया प्रबंधन विभाग mpez.nidaan@gmail.com 9425807257 mpez.co.in mpeastdiscom mpez.co.in



*नेपाल में भीषण हादसा हुआ। भूस्खलन की चपेट में आने के कारण दो बसें हादसे का शिकार हो गईं। जानकारी के मुताबिक मध्य नेपाल में मदन-आश्रित राजमार्ग पर लगभग 63 यात्रियों को ले जा रही दो बसें त्रिशूली नदी में बह गईं। हादसे में 7 भारतीयों और एक बस चालक की मौत हुई। 63 से ज्यादा लोग लापता हैं, बचाव अभियान जारी।*

2 लोगों ने कूदकर जान बचाई

# नेपाल में भूस्खलन से 2 बसें नदी में गिरीं, ड्राइवर सहित 7 भारतीयों की मौत, 65 से ज्यादा लापता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल में भारी बारिश के बीच शुक्रवार सुबह एक हाईवे पर भूस्खलन के चलते 2 बसें त्रिशुली नदी में गिर गईं। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों के मुताबिक, दोनों बसों में चालकों समेत 63 लोग सवार थे। जानकारी के मुताबिक हादसे में 7 भारतीयों और एक बस चालक की मौत हो गई है। 65 से ज्यादा लोग लापता हैं। एक बस के ड्राइवर की मौत की पुष्टि हो गई है, जबकि 2 लोगों ने बस से कूद कर जान बचाई। हादसा सेंट्रल नेपाल में मदन-अश्रित हाइवे पर सुबह करीब 3 बजकर 30 मिनट पर हुआ। लगातार बारिश और पानी के तेज बहाव के चलते सर्च और बचाव कार्यों में दिक्कत आ रही है।




**7 दिन में 62 लोगों की मौत**

नेपाल में बारिश और खराब मौसम के चलते पिछले 7 दिनों में 62 लोगों की मौत हुई है, इनमें 34 लोग भूस्खलन में मारे गए। 90 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 28 लोग बाढ़ में बहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक नेपाल में भारी बारिश से कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 121 घर सैलाब में बह गए और 82 बुरी तरह से ध्वस्त हो चुके हैं। सभी फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया है।

### नेपाल पीएम ने हादसे पर दुख जताया

भूस्खलन के चलते नदी में गिरने वाली एक बस काठमांडू जा रही थी। इसमें 24 लोग सवार थे। दूसरी बस में 41 लोग सफर कर रहे थे। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि नारायणगढ़-मुग्लिन रोड स्टेशन पर भूस्खलन से बस बह जाने से लगभग पांच दर्जन यात्रियों के लापता होने की रिपोर्ट से मुझे काफी दुख हुआ है। मैं सरकार की सभी एजेंसियों को यात्रियों की खोज करने और उन्हें सही सलामत बचाने का निर्देश देता हूं।




### यात्रियों को खोज में सर्च ऑपरेशन जारी

दहल ने एक्स पर लिखा,'नारायणघाट-मुगलिंग सड़क खंड के सिमल्टार में भूस्खलन में बसों के बह जाने के बाद लगभग पांच दर्जन यात्रियों के लापता होने और देश के विभिन्न हिस्सों में आपदा से हुए नुकसान की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं गृह प्रशासन सहित सभी सरकारी एजेंसियों को यात्रियों की खोज और बचाव के लिए निर्देश देता हूं। विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन से आए मलबे ने नारायणघाट-मुगलिंग सड़क खंड पर यातायात बाधित कर दिया है।

जम्मू से यात्रा के लिए रवाना होने वाले लोगों की संख्या 81,644 हुई

सीआरपीएफ सुरक्षाकर्मियों ने सुरक्षा प्रदान की

# अमरनाथ यात्राः 4,400 से अधिक श्रद्धालुओं का 15वां जत्था रवाना



एजेंसी ▶▶ जम्मू

अमरनाथ तीर्थ यात्रा में शामिल होने के लिए शुक्रवार को जम्मू से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 4,400 से अधिक श्रद्धालुओं का 15वां जत्था रवाना हुआ। इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि जम्मू शहर के भगवती नगर आधार शिविर जहां से तीर्थयात्री जम्मू से कश्मीर के लिए अपनी यात्रा पर निकले थे उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### अब तक ढाई लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे बाबा के दरबार में

अधिकारियों ने बताया कि 2,713 तीर्थयात्री 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग से यात्रा करेंगे जबकि 1,721 तीर्थयात्री 14 किलोमीटर लंबे छोटे लेकिन कठिन रास्ते बालटाल से यात्रा करेंगे। इस जत्थे के साथ ही जम्मू से यात्रा के लिए रवाना होने वाले लोगों की संख्या 81,644 हो गई है। अब तक ढाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन करने पहुंच चुके हैं।

### कड़ी सुरक्षा के बीच 165 वाहनों में सवार होकर रवाना हुआ 15वां जत्था

उन्होंने बताया कि 4,434 तीर्थयात्रियों का पंद्रहवां जत्था 165 वाहनों में सवार होकर सुबह 3 बजे पहलगाम तथा बालटाल आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ और उन्हें सीआरपीएफ सुरक्षाकर्मियों ने सुरक्षा प्रदान की।

**तीर्थयात्रा 19 अगस्त को होगी समाप्त**

यह तीर्थयात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी। अधिकारियों ने यह भी बताया है कि गुरुवार तक 2,66,955 लोगों ने अमरनाथ जी की पवित्र गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की है। 29 जून को शुरू हुई 52 दिवसीय तीर्थयात्रा जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी हमलों की एक श्रृंखला और सोमवार को कठुआ जिले में घात लगाकर किए गए हमले के पीछे के आतंकवादी को पकड़ने के लिए चल रहे बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान के बीच चल रही है।

### स्मृति ईरानी को ट्रोल करने वालों पर बरसे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों में हार का सामना करने के बाद बार-बार ट्रोल होने वालीं स्मृति ईरानी के बचाव में राहुल गांधी सामने आए हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, जीवन में जीत और हार होती रहती है। मैं सभी से गुजारिश करता हूं कि वे श्रीमती स्मृति ईरानी या किसी अन्य नेता को लेकर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने और बुरा व्यवहार करने से बचें।



## भारत-कतर के बीच अगली बैठक आयोजित करने पर बनी सहमति

# संयुक्त कार्य समूह की बैठक में दोनों देशों के बीच ट्रेड प्रमोशन को सुगम बनाने पर तैयार

दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार में व्यवधान उत्पन्न करने वाले सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान निकालने और दोनों देशों के बीच व्यापार संवर्धन (ट्रेड प्रमोशन) को सुगम बनाने पर भी सहमति जताई। इसके अलावा दोनों पक्षों के बीच 2025 में नई दिल्ली में संयुक्त कार्य समूह की अगली बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल अधिकारियों के एक समूह ने 10 जुलाई, 2024 को दोहा के कतर में अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ एक संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठक की। इस बैठक में भारत के वाणिज्य विभाग, अन्य मंत्रालयों एवं संगठनों के अधिकारियों ने भाग लिया। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार में व्यवधान उत्पन्न करने वाले सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान निकालने और दोनों देशों के बीच व्यापार संवर्धन (ट्रेड प्रमोशन) को सुगम बनाने पर भी सहमति जताई।

■ सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान हो

इसके अलावा दोनों पक्षों के बीच 2025 में नई दिल्ली में संयुक्त कार्य समूह की अगली बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में इस बारे में जानकारी दी, भारत-कतर संयुक्त कार्य समूह की बैठक के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने दोहा के कतर में अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ एक संयुक्त कार्य समूह की बैठक की।





### भारत और कतर के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 14.08 बिलियन डॉलर

भारत और कतर के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 14.08 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा है। भारत कतर का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग में हाल के घटनाक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि इस संबंध को और भी आगे बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। इस संबंध में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार के साथ-साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग के क्षेत्रों को बढ़ाने के लिए कई प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की। इनमें रत्न और आभूषण, सीमा शुल्क अधिकारियों के बीच सहयोग, स्थानीय मुद्रा में व्यापार, फार्मास्यूटिकल्स, खाद्य प्रसंस्करण और खाद्य सुरक्षा, एमएसएमई आदि में सहयोग शामिल है।

### *जारी चर्चाओं की प्रगति की भी समीक्षा की और उन्हें शीघ्र पूर्ण करने पर सहमति जताई*

*बैठक में दोनों पक्षों ने व्यापार को सुगम बनाने और माल पर सीमा शुल्क नियंत्रण के लिए आगमन-पूर्व सूचना के आदान-प्रदान में खाद्य सुरक्षा और सहयोग पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) के लिए जारी चर्चाओं की प्रगति की भी समीक्षा की और उन्हें शीघ्र पूर्ण करने पर सहमति जताई। मंत्रालय ने बताया दोनों पक्षों ने व्यापार और निवेश सहयोग के लिए निजी क्षेत्र के दृष्टिकोण और प्रस्तावों का अनुसरण करने और उन्हें कार्यान्वित करने में अपनी निर्धारित भूमिका निभाने के लिए संयुक्त व्यापार परिषद को सक्रिय करने की संभावित व्यवस्था पर भी विचार-विर्मश किया।*


## खबर संक्षेप

### लॉन्च के तुरंत बाद फेल हुआ चीनी आईस्पेस रॉकेट



**नई दिल्ली।** चीन की कंपनियों की तरफ से लॉन्च किए जा रहे कई रॉकेट अपने मिशन पर पहुंचने से पहले फेल हो रहे हैं। पिछले 12 दिनों दो बड़ी कंपनियों की तरफ से लॉन्च किए गए रॉकेट फेल हो चुके हैं। एक ताजा घटना में एक चीनी रॉकेट स्टार्ट-अप को एक बार फिर रॉकेट लॉन्च की विफलता का सामना करना पड़ा है। जिसकी वजह से तीन मौसम उपग्रह नष्ट हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक हाइपरबोला एक - आईस्पेस की तरफ से बनाया गया।

### हवा में टकराने से बाल-बाल बचे 2 विमान



**नई दिल्ली।** न्यूयॉर्क के सिरैक्यूज़ हैनकॉक इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऊपर आसमान में एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। दो विमान आपस में टकराने से बाल-बाल बच गए। संघीय उड्डयन प्रशासन ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। दोनों विमान कॉमर्सियल विमान कंपनियों के थे। एक फ्लाइट पीएसए एयरलाइंस 5511 और दूसरी एंडेवर एयर 5421 थी। यह घटना 8 जुलाई को सुबह लगभग 11:50 बजे हुई।

10 लाख का सामान-पासपोर्ट चोरी का मामला

# दिव्यांका त्रिपाठी ने इटली की पीएम मेलोनी से मांगी मदद

एजेंसी ▶▶ रोम

टेलीविजन एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी और उनके पति विवेक दाहिया अपनी शादी की 8वीं एनिवर्सरी मनाने यूरोप गए थे, जहां उनका 10 लाख रुपए का सामान और पासपोर्ट चोरी हो गया है। पैसे और पासपोर्ट चोरी होने के बाद कपल यूरोप में फंस गया है। जब पुलिस और इंडियन एंबेसी से मदद मांगने के बाद भी कोई सहायता नहीं मिली तो दिव्यांका त्रिपाठी ने इटली की पीएम मेलोनी को लेटर लिखकर मदद की गुहार लगाई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर दिव्यांका ने मदद की गुहार लगाते हुए लिखा है, डियर प्राइम मिनिस्टर मिस जॉर्जिया मेलोनी, हम उत्साह के साथ इटली घूम रहे थे, जब तक हमें लूटा नहीं गया।



### क्या है पूरा मामला

एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी पति विवेक के साथ इटली के फ्लोरेंस शहर गई हुई थीं। वहां उन्होंने किराए पर एक कार ली थी, जिसके जरिए वो रहने के लिए होटल और रिसॉर्ट देख रहे थे। बुकिंग के सिलसिले में वो एक रिसॉर्ट गए थे, लेकिन जब वो बाहर आए तो देखा कि उनकी कार के शीशे तोड़कर उनका सारा सामान चोरी कर लिया गया है। चोरी हुए सामान में उनके पैसे और पासपोर्ट भी थे। साथ ही बीते दिन की गई खरीददारी का सारा सामान भी कार में ही थी। कपल ने इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

माता-पिता का छलका दर्द

# बेटा शहीद हुआ, बहू कीर्ति चक्र लेकर मायके चली गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आरोप है कि शहीद अंशुमान सिंह की पत्नी स्मृति अपने पति की फोटो एल्बम, कपड़े और अन्य यादों के साथ सरकार के द्वारा दिए गए कीर्ति चक्र को लेकर अपने घर गुरदासपुर चली गई हैं। वह न सिर्फ माता-पिता के शहीद बेटे का मेडल लेकर गई बल्कि उसके दस्तावेजों में दर्ज स्थायी पते को भी बदलवाकर अपने घर गुरदासपुर का करवा दिया है। सियाचिन में साथियों को बचाने में शहीद हुए कैप्टन अंशुमान सिंह के परिवार को उनके अदम्य साहस और बहादुरी के लिए 5 जुलाई 2024 को राष्ट्रपति ने कीर्ति चक्र से सम्मानित किया था। लेकिन अब अंशुमान सिंह के माता-पिता का एक और दर्द सामने आया है।



संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में बड़ा दावा

# 2060 तक भारत की जनसंख्या तोड़गी सारे रिकॉर्ड, 170 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि भारत की जनसंख्या 2060 के दशक की शुरुआत में लगभग 1.7 अरब तक पहुंच जाने का अनुमान है और इसके बाद इसमें 12 प्रतिशत की कमी आएगी, लेकिन इसके बावजूद यह पूरी शताब्दी के दौरान विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा।

गुरुवार को जारी 'वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2024' रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले 50-60 वर्षों के दौरान दुनिया की जनसंख्या में वृद्धि जारी रहने का अनुमान है और 2024 में यह 8.2 अरब तक पहुंच जाएगी, जबकि 2080 के दशक के मध्य तक लगभग दुनिया की आबादी लगभग 10.3 अरब हो जाएगी।

### *2054 में यह बढ़कर 1.69 अरब तक पहुंचने का अनुमान*

*विश्व निकाय के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (डीईएसए) के जनसंख्या प्रभाग द्वारा प्रकाशित संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट में कहा गया है, ''इस शताब्दी में भारत के सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बने रहने की संभावना है, हालांकि 2060 के दशक की शुरुआत में इसकी आबादी लगभग 1.7 अरब तक पहुंचने के बाद इसमें 12 प्रतिशत की गिरावट आने का भी अनुमान है।'' रिपोर्ट के अनुसार भारत की जनसंख्या 2024 में 1.45 अरब तक पहुंच सकती है। वहीं, 2054 में यह बढ़कर 1.69 अरब तक पहुंच जाएगी। इसके अनुसार, यह भी अनुमान है कि सदी के अंत तक 2100 में भारत की आबादी घटकर 1.5 अरब हो जाएगी, लेकिन इसके बावजूद यह दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा।*

### भारत दुनिया में सबसे आबादी वाला देश बनेगा

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि 2024 में भारत की जनसंख्या 1.45 बिलियन होने का अनुमान है और 2054 में यह बढ़कर 1.69 बिलियन हो जाएगी। 2100 में सदी के अंत तक भारत की जनसंख्या घटकर 1.5 बिलियन हो जाने का अनुमान है। इसके बावजूद भारत दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा।

## अयोध्या में बनेगा अनोखा वर्ल्ड रिकार्ड

# दुनिया भर के 200 जादूगर रामलला का दर्शन कर जादू से फहराएंगे भगवा ध्वज

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

सृष्टि के नियंता अद्भुत कला के जादूगर प्रभु श्रीराम के समक्ष दुनिया भर के जादूगर वर्ल्ड रिकार्ड के लिए यहां जुटेंगे। यह जादूगर 14 जुलाई रविवार को प्रातः श्रृंगार आरती में रामलला का दर्शन करेंगे।



इसके उपरांत श्रीरामजन्म भूमि परिसर में ही अपनी जादुई कला से एक साथ भगवा ध्वज लहराकर वैश्विक कीर्तिमान बनाएंगे। जादूगरों के सामूहिक प्रयास को रिकार्ड करने के लिए मुम्बई से इंटरनेशनल टैलेंट बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड एवं जीनियस वर्ल्ड रिकार्ड के अधिकारियों की टीम भी यहां मौजूद रहेंगी।

### दो दिन सायं 6 बजे से जादू शो भी होगा

भारतीय मैजिक कला ट्रस्ट के चेयरमैन डा. सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता व ट्रेजरार डॉ. वीके सम्राट एवं कार्यक्रमाध्यक्ष सुनील शर्मा ने संयुक्त रूप से आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि संगठन के शैक्षणिक सत्रों के अतिरिक्त शनिवार व रविवार की सायं छह बजे से मंत्रार्थ मंडपम वासुदेव घाट में जादू का ओपेन शो भी होगा। इस शो में चुनिंदा जादूगर अपनी कला के तिलिस्म से दर्शकों को चमत्कृत करेंगे। इस आयोजन के पीछे अंधविश्वासों को दूर कर सनातन संस्कृति के प्रति युवाओं को जागरूक करना है।

### इस आयोजन में मुस्लिम जादूगर भी शामिल होंगे

कुमार उर्फ इंजीनियर कुलदीप मिश्र ने बताया कि भारतीय मैजिक कला ट्रस्ट के तत्वावधान में अयोध्या में दो दिवसीय जादू समागम 2024 का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 13 व 14 जुलाई को होगा। राम संकल्पना ट्रस्ट के अध्यक्ष व बावन मंदिर के महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज के माध्यम से चार महीने पहले पहल की गई थी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपतराय से बातचीत हो गई है। जादू समागम में देश भर के सभी प्रतिष्ठित जादूगरों के अलावा श्रीलंका, बंगलादेश और नेपाल के भी जादूगर हिस्सा लेंगे। इनमें मुस्लिम जादूगर भी शामिल हैं।

# स्व-सहायता समूह, कुटीर, ग्रामोद्योग, मध्यम उद्यम को प्रोत्साहित करने आगे आएं बैंक

- एन्युअल क्रेडिट प्लान मध्यप्रदेश 2024-25 का किया विमोचन
- एक पेड़ मां के नाम वृहद पौधरोपण में सहयोग करेंगे सभी बैंक
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में स्व-सहायता समूह, कुटीर-ग्रामोद्योग तथा मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए बैंक सहयोगी प्रवृत्ति अपनाएं और अपनी गतिविधियों का विस्तार करें। उन्होंने कहा कि रोजगारमूलक कार्यों के लिए कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन जैसे क्षेत्रों में सभी जिलों में समान रूप से गतिविधियों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 189वीं और 190वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को राज्य बैंकर्स समिति ने 'एक पेड़ मां के नाम' वृहद पौधरोपण अभियान के लिए बधाई देते हुए पौधरोपण में सभी बैंकों के सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एन्युअल क्रेडिट प्लान मध्यप्रदेश 2024-25 पुस्तक का विमोचन भी किया।



### लोगों को साहूकारी प्रथा से निकालने की जरूरत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों के समान विकास के उद्देश्य से उद्योग-व्यापार प्रोत्साहन के लिए आंचलिक स्तर पर गतिविधियां संचालित कर रही है। बैंकर्स इस उद्देश्य से विभिन्न अंचलों की आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए पहल करें। विकास और गरीब कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनजातीय क्षेत्रों में व्याप्त साहूकारी प्रथा से निकालकर लोगों को बैंकों से जोड़ने के लिए प्रयास किए जाएं। इसी प्रकार घुमन्तु, अर्धघुमन्तु जनजातियों को ठोस आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के लिए उन्हें कृषि अथवा व्यवसाय से जोड़ने के लिए भी कार्य योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि जिन 14 स्थानों पर बैंकिंग शाखाएं खोली जाना शेष हैं, वहां आवश्यक समन्वय एवं प्रबंध कर समय-सीमा में बैंक सुविधा आरंभ की जाए।

### नए जिलों में प्रारंभ होंगे ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान

बैठक में वर्ष 2023-24 में बैंकों की व्यवसाय वृद्धि, वार्षिक साख योजना, शासकीय योजनाओं की प्रगति पर जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही वित्तीय समावेशन, गैर निष्पादित अस्तियों के संबंध में भी विचार-विमर्श हुआ। बताया गया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना लगभग सभी जिलों में की गई है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बीपीएल युवाओं को आवश्यक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है। नए जिले मऊगंज, मैहर और पांढुर्ना और पहले से आगर-मालवा तथा निवाड़ी में प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है।

---

मुख्यमंत्री ने की सीएम राइज स्कूलों की समीक्षा

## दसवीं व बारहवीं में छात्रों को शिक्षक पढ़ाएंगे खेती का पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दसवीं और बारहवीं के छात्रों को कृषि, हॉर्टिकल्चर, मत्स्य पालन, डेयरी, पशुपालन विषयों की पढ़ाई शुरु की जाए। पढ़ने वाले ज्यादातर छात्र खेती किसानी से जुड़े होते हैं, ऐसे में इनका जुड़ाव पढ़ाई से होगा। सीएम राइज स्कूलों में इन विषयों की पढ़ाई शुरु की जाए। स्कूल स्तर पर यह व्यवस्था लागू करने के लिए टास्क फोर्स बनाकर काम किया जाए। गुरुवार को यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में सीएम राइज स्कूलों के संचालन की बैठक में कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सीएम राइज स्कूल शुरु किए जाएं और शिक्षकों व स्टाफ के लिए आवास की व्यवस्था की जाए। शिक्षा को रोजगार से जोड़ने के लिए ब्लॉक स्तर पर एक आईटीआई बनाया जाना चाहिए। जिसके लिए निजी क्षेत्र से भी मदद ली जा सकती है।

### अगस्त में बनकर तैयार होंगे 21 स्कूलों के भवन

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रथम चरण में बनने वाले 274 सीएम राइज स्कूलों में 21 स्कूलों का भवन निर्माण अगस्त माह तक पूरा होगा। शेष का निर्माण का काम चल रहा है। बैठक में निशुल्क परिवहन सेवा, आवश्यक सामग्री की आपूर्ति, अधो-संरचना विकास, शैक्षणिक गतिविधियों, व्यावसायिक शिक्षा के सबंध में प्रेजेंटेशन भी दिया गया।

### विधायक डोडियार ने विकास कार्यो की समीक्षा बैठक ली

**भोपाल।** सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार ने सैलाना जनपद पंचायत के मीटिंग हॉल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो और लोक कल्याणकारी विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। डोडियार ने कहा कि इलाके में जितने भी विकास कार्य चल रहे हैं, उन्हें पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा करने के साथ समय सीमा में पूर्ण किया जाए।

---

शुरुआत मुंबई से, पहला इंटरेक्टिव सेशन कल

# शिवराज की तरह डॉ. यादव भी निवेश के लिए उद्योगपतियों को रिझाने चलाएंगे अभियान

- औद्योगिक प्रतिनिधियों से वन-टू-वन मीटिंग करेंगे डॉ. यादव
- आयोजन के लिए किया जा रहा प्रमुख उद्योगपतियों को आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में निवेश लाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जिस तरह उद्योगपतियों को आकर्षित करने का अभियान चलाते थे, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उसी रास्ते चलने के लिए तैयार हैं। फरवरी 2025 में भोपाल में 'इन्वेस्ट मध्यप्रदेश-ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025' का आयोजन प्रस्तावित है।

इसका उद्देश्य निवेशकों को राज्य की क्षमताओं, प्रचुर संसाधनों एवं अनुकूल औद्योगिक वातावरण से अवगत करा कर मप्र को निवेश के लिए आदर्श राज्य के रूप में स्थापित करना एवं देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करना है। समिट को सफल बनाने और उद्योगपतियों को आकर्षित करने के लिए 13 जुलाई को मुंबई में पहला इन्टरेक्टिव सेशन आयोजित किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री डॉ यादव औद्योगिक प्रतिनिधियों से वन टू वन मीटिंग करेंगे।

### निवेश को प्रोत्साहित करने 'उद्योग वर्ष' घोषित

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 2025 को 'उद्योग वर्ष' घोषित किया गया है। डॉ. यादव के नेतृत्व में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न रणनीतियों, योजनाओं के माध्यम से सकारात्मक वातावरण के सुदृढ़ीकरण का सतत प्रयास किया जा रहा है। फरवरी में होने वाली समिट को सफल बनाने के लिए औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों, संसाधनों पर देश के विभिन्न शहरों में इन्टरेक्टिव सेशन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत देश की वित्तीय राजधानी मुंबई में इस तरह का पहला सत्र आयोजित किया जा रहा है। मुंबई कई प्रमुख व्यावसायिक संगठनों, कंपनियों का मुख्यालय है, और यहां न केवल देश, बल्कि एशिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज भी है। प्रस्तावित संवादात्मक सत्र में मुंबई में स्थित विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख उद्योगपतियों को आमंत्रित किया जा रहा है।*

### औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर दृष्टिकोण करेंगे साझा

मुंबई के सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. यादव शामिल होंगे। मध्यप्रदेश में निवेश, नवाचार और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार के दृष्टिकोण और प्रयासों को रेखांकित किया जाएगा। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र सिंह, निवेश के अवसरों और संभावनाओं की जानकारी देंगे। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के प्रमुख उद्योगपति भी राज्य के औद्योगिक परिदृश्य और विकास की संभावनाओं पर अपने दृष्टिकोण साझा करेंगे। यह सेशन निवेशकों को प्रमुख हितधारकों के साथ जुड़ने, राउंड टेबल चर्चाओं में भाग लेने और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ नेटवर्क बनाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और मुख्यमंत्री के बीच वन-टू-वन मीटिंग होंगी। इसमें औद्योगिक विकास के संबंधित विषयों में सहयोग के लिए एक अनूठा अवसर प्राप्त होगा।

## जनहितैषी मुद्दों को लेकर सीएम ने ली विधायकों और अधिकारियों की बैठक

**बिजली कटौती की समस्या और सीपीए को पुनर्जीवित करने पर भी हुई चर्चा**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के विधायकों के साथ बैठक ली। बैठक में विधायकों के साथ संभाग के जिलों के कलेक्टर और एसपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल रहे। इस दौरान विधायकों के जनहितैषी मामलों में सुनवाई करने के लिए कहा गया। गुरुवार को सीएम निवास के समत्व भवन में हुई बैठक में भोपाल के अलावा संभाग के सीहोर, रायसेन, विदिशा, राजगढ़ और नर्मदापुरम संभाग के बैतूल, हरदा और नर्मदापुरम जिलों के भाजपा विधायक शामिल रहे। इस दौरान विधायकों ने बिजली कटौती की समस्या को प्रमुखता से उठाया। साथ ही लोगों को जाति प्रमाण-पत्र बनवाने में 50 साल का रिकार्ड मांगने की समस्या से भी अवगत कराया। भोपाल के विधायकों ने सीएम के समक्ष सीपीए को पुनर्जीवित करने का मुद्दा भी उठाया। कई विधायकों ने क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण के सुझाव भी दिए। सीएम डॉ. यादव ने जनहितैषी मामलों की सुनवाई प्राथमिकता से करने के निर्देश अफसरों को दिए। साथ ही अफसरों को कानून व्यवस्था को लेकर भी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगी।

**रोडमैप और विकास प्रस्तावों पर भी चर्चा:** विधायकों से उनके क्षेत्र के रोडमैप और विकास के प्रस्तावों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही, राज्य शासन की प्राथमिकता वाले मुद्दों पर विधायकों के एक्शन की रणनीति की जानकारी ली गई। इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव पिछले तीन दिन में 6 संभागों की बैठक ले चुके हैं। इसमें रीवा, शहडोल, उज्जैन, जबलपुर संभाग के जिलों के विधायक शामिल रहे हैं। बैठक में सांसद विष्णुदत्त शर्मा भी शामिल हुए।

---

गढ़ाकोटा के पीपलघाट स्थित श्री गणेश संस्कृत विद्यालय में आयोजन

## पूर्व मंत्री भार्गव ने सैकड़ों बटुकों के साथ अपने नाती आशुतोष का कराया मुंडन, उपनयन व दीक्षा संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गढ़ाकोटा के पीपलघाट स्थित श्री गणेश संस्कृत विद्यालय में पढ़ने वाले बटुक ब्राह्मणों का दीक्षा समारोह जगदीश शाला मंदिर पटेरिया में आयोजित किया गया। जिसमें बटुक ब्राह्मणों का उपनयन संस्कार, धर्म की दीक्षा देकर उन्हें कर्मकांडी बनाया गया। आयोजन में पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव पूरे परिवार के साथ शामिल हुए। इस दौरान भार्गव ने अपने नाती आशुतोष का भी उपनयन संस्कार कराया।



बटुकों का ब्रह्म मुहूर्त में पंच गव्य स्नान कराकर शुद्धि के बाद 11 विभिन्न स्थानों की मिट्टी का सिर पर लेप कर संस्कार शुरू हुए। नवीन वस्त्र धारण कर सभी हवन वेदी पर बैठे और पंडितों ने विश्व कल्याण और शांति के लिए अनुष्ठान किया। बटुकों के माता-पिता तब भावुक हो गए, जब उनके बच्चे धर्मध्वजा हाथ में लेकर भिक्षा पात्र के साथ सबसे पहले भिक्षा दान संस्कार को बढ़ने लगे। धर्म सभा में सभी साधु-संतों का सम्मान किया गया। समारोह में महामंडलेश्वर हरिदास महाराज, महंत कमलापथ दास, ब्रजेश महाराज, डॉ. प्रमोद शास्त्री, डॉ. देवेंद्र गुरु, बालमुकुंद शास्त्री, भगवत शास्त्री, पं. श्रीराम भार्गव, कुश भार्गव, मनोज तिवारी, शिवदत्त शुक्ला सहित कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने सहभागिता निभाई।

## दो दिन पूर्व मां-बेटे के डबल मर्डर केस का खुलासा, बेटा ही निकला कातिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

एक बार फिर संपत्ति के कारण भाई-भाई की जान का दुश्मन निकला। विगत दिनों जगदलपुर में मां-बेटे के डबल मर्डर केस में बड़ा खुलासा हुआ है। हत्यारा कोई और नहीं बल्कि घायल नितेश ही निकला।

उसी ने बुधवार देर रात अपनी मां गायत्री और भाई नीलेश गुप्ता की हत्या की थी। उसने पहले तवे से दोनों की बेरहमी से पिटाई की और जब दोनों बेहोश हो गए तो नितेश ने नाड़े से दोनों का गला घोंटकर मार डाला। पुलिस की जांच में पता चला है कि दोनों भाइयों के बीच पिछले 6 महीने से जमीन बेचने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी को लेकर नितेश ने बेरहमी से मां और भाई की हत्या कर दी। इसके बाद इसे हमले का रूप देते हुए पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। पूछताछ में ये भी पता चला है कि नितेश अपने बड़े भाई नीलेश के दूसरी जाति की लड़की के साथ अफेयर से नाराज था। शादी में जाति बाधक बन रही थी। इसी वजह से नितेश की शादी भी नहीं हो पा रही थी। इसीलिए वह बड़े भाई से नाराज था। 6 महीने से जमीन बेचने की जिद कर रहा था आरोपी नितेश गुप्ता किराने की दुकान चलाता था। वहीं, बड़ा भाई नीलेश फेरी का काम करता था। नितेश कर्जे में था, इसलिए वह अपने बड़े भाई नीलेश और मां पर जमीन बेचने का दबाव बना रहा था। वह कहता था कि इससे जो पैसा आएगा उससे नया बिजनेस करेंगे। 6 महीने से इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था।

## सीएम डॉ. मोहन ने साइकिल से कारगिल जा रही आशा मालवीय के साहस को सराहा

- साइकिलिस्ट को प्रोत्साहन स्वरूप एक लाख रुपए देने के निर्देश
- विजय दिवस की रजत जयंती 26 जुलाई को पहुंचेगी कारगिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगामी 26 जुलाई को आने वाली कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के लिए कन्याकुमारी से कारगिल-सियाचिन जा रही एकल साइकिलिस्ट सुश्री आशा मालवीय को प्रोत्साहन स्वरूप एक लाख रुपए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

राजगढ़ जिले के ग्राम नाटाराम की निवासी सुश्री आशा 'सशक्त सेना-समृद्ध भारत' के उद्देश्य से कन्याकुमारी से साइकिल यात्रा आरंभ कर भोपाल आईं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से साइकिलिस्ट सुश्री आशा मालवीय ने समत्व भवन में भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुश्री आशा का पुष्पगुच्छ भेंटकर व कैप पहनाकर अभिवादन किया और स्पोर्ट्स किट भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एकल साइकिलिस्ट सुश्री आशा



के साहस की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और लक्ष्य प्राप्ति में सफलता की कामना की। राष्ट्रीय खिलाड़ी व एकल महिला साइकिलिस्ट सुश्री आशा ने 'महिला सुरक्षा-महिला सशक्तिकरण' के उद्देश्य से संपूर्ण भारत में अब तक 26 हजार किलोमीटर की एकल साइकिल यात्रा की है।

---

## केन्द्रीय विद्यालय की छात्रा की पानी की बोतल में तरल पदार्थ मिलाने के मामले में पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

केंद्रीय विद्यालय में विगत दिनों 11वीं की छात्रा के बोतल में एसिड जैसा तरल पदार्थ मिलना और एक अंग्रेजी में लिखा लेटर मिलने को लेकर प्राचार्य कुशल चंद्रा ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सिटी कोतवाली थाने में शिकायत की गई। इस मामले में बीएनएस की धारा 118 अ के तहत ऋकफ दर्ज किया गया है। सिटी कोतवाली थाना पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

दरअसल, यह घटना सोमवार 8 जुलाई की है। केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने वाली 11वीं की एक छात्रा अपने सहेलियों के साथ खेल मैदान से वापस आई थी। इसके बाद अपने बैग में रखे पानी की बोतल से पानी पिया, तो गले में एसिड जैसे जलन होने लगा। इसके बाद लड़की ने मुंह से पानी निकल दी और चिल्लाने लगी। बोतल की पानी को जमीन में गिराने पर उसमें से झाग निकलने लगा।




### हैंड राइटिंग की हो रही जांच

प्राचार्य कुशल चंद्रा से बात करने पर उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे लगे हैं मगर चल नहीं रहे है। इसके कारण से किसने यह घटना किया है बता पाना मुश्किल है। गुमनाम लेटर को लेकर पूछने पर कहा कि 11वीं के जितने भी छात्र-छात्राएं हैं सभी की अंग्रेजी की कॉपी जमा की गई है। उस लेटर की हैंड राइटिंग भी मिलाई जा रही है।

### जांच के बाद होगी आगे की कार्रवाई

सिटी कोतवाली पुलिस जांचकर्ता एएसआई आरपी बघेल ने मामले की गंभीरता को लेकर बोतल को जब्त कर लिया। बोतल को फॉरेंसिक टीम एक्सपर्ट के पास जांच के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूल स्टाफ कितना भी प्रयास करें, मुझ तक नहीं पहुंच जाएगा

इतना ही नहीं वहीं पर अंग्रेजी में लिखा हुआ एक लेटर मिला है जिसमें लिखा था कि 'स्कूल स्टाफ कितना भी प्रयास कर ले मुझ तक नहीं पहुंच सकते'। इस मामले में छात्रा के पिता ने कहा कि कुछ दिन पहले भी पानी के बोतल में किसी ने वॉशिंग पाउडर डाल दिया था। घर आने के बाद परिजनों को छात्रा ने जानकारी दी थी। तब घटना के संबंध में गंभीरता से नहीं लिया गया।

सटोरियों को पकड़ने की कार्रवाई के दौरान हुआ था घटनाक्रम

बिलासपुर के बेलगहना थाना क्षेत्र का मामला

## दिव्यांग के साथ मारपीट के केस में एसपी ने महिला आरक्षक सहित 3 को किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर के बेलगहना थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मियों द्वारा एक दिव्यांग से मारपीट के मामले में एसपी ने महिला आरक्षक सहित तीन को सस्पेंड कर दिया है। पुलिसकर्मी सटोरियों को पकड़ने के लिए एक होटल पर छापमारी करने गए थे।

इसी दौरान उन्होंने वहां एक दिव्यांग होटल कर्मचारी से मारपीट की थी।




दरअसल, बेलगहना थाने में पदस्थ आरक्षक दामोदर सिंह, आरक्षक हेमंत चंद्राकर व महिला आरक्षक कोमल तिवारी ने 9 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर सटोरियों को पकड़ने के लिए खोगसरा स्थित आमागोहन गांव मे बादल के होटल में दबिश देने गए। तीनों सिपाही अपनी पुलिसिया दबंगई दिखाते हुए होटल में घुसकर वहां के कर्मचारियों को बाहर करने लगे।

इसी दौरान दिव्यांग कर्मचारी समसुद्दीन उनकी आवाज सुन नहीं पाया और बाहर नहीं निकला। जिसके बाद सिपाहियों ने समसुद्दीन के साथ मारपीट करते हुए उसे बाहर निकाला। दिव्यांग से मारपीट करने से गांव में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। एसपी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच के बाद आरक्षक दामोदर सिंह नव आरक्षक हेमंत चंद्राकर व महिला आरक्षक कोमल तिवारी को निलंबित कर दिया है।

### स्कूल प्रबंधन से संबंधित व्यक्तियों व पुस्तक विक्रेताओं की याचिका खारिज

# फर्जी आईएसबीएन पुस्तक तथा मनमानी फीस वृद्धि मामले में सिर्फ प्राचार्यों को जमानत

**जबलपुर। फर्जी आईएसबीएन पुस्तक तथा मनमानी फीस वृद्धि के खिलाफ शहर के 9 थानान्तर्गत 11 प्रकरण दर्ज किये गये थे। प्रशासन व पुलिस के कार्यवाही के खिलाफ चार रिट याचिका तथा जमानत के लिए 27 याचिकाएं दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस एम एस भट्टी की एकलपीठ ने याचिकाओं की सुनवाई करते सिर्फ आठ स्कूल प्राचार्यों को जमानत का लाभ प्रदान किया है। स्कूल प्रबंधन से संबंधित व्यक्तियों तथा पुस्तक विक्रेताओं की जमानत याचिका एकलपीठ ने खारिज कर दी है ।**

गौरतलब है कि पुलिस द्वारा दर्ज की गयी 11 एफआईआर में स्कूल के प्रबंधक,प्राचार्य तथा पुस्तक विक्रेताओं सहित 81 व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये 27 आरोपियों ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की थी। इसके अलावा कार्यवाही के खिलाफ चार स्कूलों ने रिट याचिका भी दायर की थी। सभी याचिकाओं की सुनवाई संयुक्त रूप से की गयी।

याचिकाकर्ताओं की तरफ से तर्क दिया गया कि वह प्राचार्य के पद पर पदस्थ थे। वह कर्मचारी है और नीतियां का निर्धारण प्रबंधन करता है। पूरे प्रकरण में उनकी कोई भूमिका नहीं है। कर्मचारी होने के बावजूद भी पुलिस ने उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। मध्य प्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम 2017 में अधिक फीस वृद्धि के मामले में जुर्माने का प्रावधान है । आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने का कोई प्रावधान



नहीं हैं। गिरफ्तार किये गये पुस्तक विक्रेताओं की तरफ से तर्क दिया गया कि पब्लिशर ने पुस्तकों की सप्लाई की थी। पब्लिशर की तरफ से सप्लाई की गयी पुस्तकों को बेचते थे। पुस्तकों के फर्जी आईएसबीएन नम्बर के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी।

सरकार की तरफ से जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा गया कि स्कूल प्रबंधन तथा पुस्तक विक्रेता मिली भगत कर एक्सपर्ट कमेटी के अनुमोदन के बिना प्रतिवर्ष पाठ्यक्रम में बदलाव कर देते थे। फर्जी आईएसबीएन का नम्बर का उपयोग कर पुस्तकों का प्रकाशन करवाया जाता था। इसके अलावा स्कूल प्रबंधन के द्वारा अपनी ऑडिट रिपोर्ट में भी फर्जीवाड़ा किया गया है। पुलिस ने कुछ पब्लिशर के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया है। प्रकरण की जांच जारी है और अभियुक्तों को जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिये। एकलपीठ ने बुधवार को दायर चारों रिट याचिका पर दो सप्ताह बाद सुनवाई निर्धारित करते हुए जमानत याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखने के आदेश जारी किये है। एकलपीठ ने शुक्रवार को जारी अपने फैसले में सिर्फ आठ प्राचार्य को जमानत का लाभ प्रदान किया है। एकलपीठ ने स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों में शामिल प्राचार्य तथा पुस्तक विक्रेताओं की याचिका खारिज कर दी है। जिन आठ प्राचार्यों के साथ जमानत का लाभ मिला है उनमें से पांच एफआईआर दर्ज होने वाले दूसरे स्कूलों के प्रबंधन समिति के सदस्य है। उनकी तरफ से दो जमानत याचिका दायर की गयी थी। जिसमें से उनकी एक जमानत याचिका एकलपीठ ने खारिज कर दी है। दो महिला सहित तीन प्राचार्यों को ही जमानत का लाभ मिला है।

# अधिवक्ता न होकर भी अधिवक्ता का मोनो लगाने पर हो कार्रवाई

## स्टेट बार काउंसिल ने डीजीपी व एसपी को भेजा पत्र

जबलपुर।

एमपी स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने राज्य के पुलिस महानिदेशक व जबलपुर के पुलिस अधीक्षक को एक पत्र भेजा है। इसके जरिये मांग की गई है कि अधिवक्ता न होकर भी अधिवक्ता का मोनो लगाकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। कायदे से महज वकीलों को भी एडवोकेट मोने लगाने का अधिकार है। सैनी ने बताया कि राज्य के कई वकीलों ने इस तरह की शिकायतें भेजी हैं। जबलपुर में भी शिकायतों की संख्या काफी हो गई है। इससे साफ है कि असली से अधिक फर्जी वकील वाहनों में घूम रहे हैं। वे वकालत का रौब गालिब कर यातायात नियमों का धडल्ले से उल्लंघन कर रहे हैं। इससे असली वकीलों की छवि पर अनुचित असर पड़ रह है। जबकि वकील हमेशा नियम-कायदों का पालन करने के लिए जाना जाने वाली नोबल कम्युनिटी है। शिकायत तो यहां तक मिली है कि मुंशी, दलाल, व्यवसायी, न्यायिक कर्मी सहित विधि के छात्र तक वकील का मोनो लगे वाहन चला रहे हैं। यह अनुचित है।

**मकान खाली कराने दबाव की शिकायत :** सैनी ने बताया कि पिछले दिनों तीन शहरों से गंभीर शिकायतें सामने आईं। जिनके अनुसार वकील के दफ्तर में इंटर्नशिप कर रहे विधि छात्रों ने स्वयं जूनियर वकील बताकर मकान खाली कराने का धंधा चला रखा है। वे वाहनों में एडवोकेट मोनो लगाकर धमकाने गए थे। यदि भविष्य में जबलपुर सहित समूचे मप्र से ऐसी कोई शिकायत विधि छात्र आदि के विरुद्ध आई तो स्टेट बार में पंजीयन खतरे में आ जाएगा।




# स्कूल का छज्जा गिरा, बड़ा हादसा टला

**जबलपुर।** जर्जर भवनों में चलते सरकारी स्कूल अब बच्चों के लिये जानलेवा बन रहे हैं। विभाग इन स्कूलों की मरम्मत तक कराने में गंभीर नहीं है, जिससे हादसों की संभावना बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक शाला गोविंदगंज तमरहाई में शुक्रवार दोपहर करीब साढे तीन बजे अचानक छत का छज्जा भरभराकर गिर गया। राहत की बात यह रही कि उस समय बच्चे उस छज्जे के नीचे नहीं थे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। शिक्षकों ने कहा कई बार उच्च अधिकारियों को भवन की जर्जर स्थिति से अवगत कराया जा चुका है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। शुक्रवार के हादसे में बच्चे बच गये। लेकिन भविष्य में किसी बड़े हादसे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि स्कूल में करीब 500 बच्चे पढ़ते हैं। यहां रात के समय असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। जिससे यहां और आसपास चोरी की वारदातें भी बढ़ी हैं।

### आला अधिकारी मैदान में उतरे, चौतरफा निगाहें

# मुहर्रम को लेकर पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड में

जबलपुर।

मोहरर्म पर्व को लेकर पहली बार जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट हैं। लिहाजा यह माना जा रहा है कि किसी को भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं होगी। जबलपुर के कुछ क्षेत्र अपनी संवेदनशील क्षेत्रों की श्रेणी में शामिल हैं। विगत कुछ बर्षों में कुछ चिन्हित जगहों पर महौल बिगाड़ने की कोशिशे भी हुई। इन्हें ध्यान में रखकर आलाअधिकारी अलर्ट मोड में हैं। पिछले दो दिनों से संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर, एसपी सहित अन्य अधिकारी व सुरक्षा बल लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद से देश के अलग अलग हिस्सों में साप्रदायिक घटनाओं के मामले सामने आए हैं। चूंकी जबलपुर के कई क्षेत्र अति संवेदनशील की कैटेगरी में आते हैं। वहीं बीते कुछ साल में जबलपुर में बड़े त्योहारों के दौरान साप्रदायिक तत्वों ने सिर उठाने और महौल बिगाड़ने का सफल प्रयास किया है। इन सब बातों को देखते हुये प्रशासन इस बार बहुत गंभीर है। बीते तीन दिनों से संभागायुक्त अभय वर्मा, कलेक्टर दीपक सक्सेना, आईजी अनिल कुशवाहा, एसपी



आदित्य प्रताप सिंह, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम कमिश्नर मैदान में है। लॉ एंड आर्डर से लेकर बिजली पानी तक हर बिन्दू पर इस बार उच्च अधिकारी खुद जांच और निगरानी कर रहे हैं। तहसीलदार से लेकर अपर कलेक्टर और एएसपी से लेकर टीआई तक हर कोई सभी जमीनी अधिकारियों को क्षेत्र वार जिम्मेदारी बांट दी गई हैं। जहां संवेदनशील थानों में बल बढ़ाया गया है, वहीं रिजर्व पुलिस बल को 24 घंटे तैयार रहने के निर्देश दिये गये हैं। जिला प्रशासन ने साफ कर दिया है महौल बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

#### हर वाट्सअप ग्रुप पर नजर

सबसे अधिक निगरानी सोशल मीडिया की हो रही है। जिला प्रशासन ने सोशल मीडिया की निगरानी के लिये अलग से प्लान बनाया है। जबलपुर जिले के अधिकांश वाटसअप ग्रुप लिस्टेड किये गये हैं। जिनमें पुलिस और एलआईबी के लोग भी शामिल हैं। इसके अलावा भी थाना वार सोशल मीडिया निगरानी दल बना है। कोई भी संवेदनशील संदेश वीडियो मैसेज को तत्काल ट्रेस करने और रोकने की तैयारी है। वहीं दूसरी तरफ गलत मैसेज भेजने वाला और फारवर्ड करने वाला दोनों कार्यवाही की जद में आएगा, यह प्रशासन ने साफ कर दिया है।

#### संवेदनशील थानों में बढ़े बल

हनुमानताल, ओमती, कोतवाली, गोहलपुर, बेलबाग आदि संवेदनशील थाना क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल दिया गया है। वहीं इन थाना क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी लगाए गये हैं। वहीं बड़ी संख्या में गोपनीय सीसीटीवी लगाए गये, जिससे माहौल बिगाड़ने और बिगाड़ने का प्रयास करने वाले ट्रेस हो सके हैं। अगले तीन दिन और विशेष रूप से सफर की रात और शहादत की रात व यौमे आशूरा (मोहरर्म) के दिन एसडीएम तहसीलदारों को अपने अपने क्षेत्र में मैदान में रहने के निर्देश दिये गये हैं।

# मंदिर में मूर्तियों से छेड़खानी पर सनसनी

**विधायक सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा**

**जबलपुर।** बरेला थाना क्षेत्र के गौरैया घाट क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब यहां के प्रतिष्ठित श्री राम जानकी मंदिर में मूर्तियों को तोड़ने का प्रयास एवं विराजमान स्थान से प्रतिमाओं को हटाने की खबर फैली। घटना की खबर फैलती ही क्षेत्रीय जनों की भीड़ जुटना शुरु हो गई। दल बल के साथ पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं केन्ट विधायक अशोक रोहाणी और नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज सहित अन्य सामाजिक राजनीतिक धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि भी घटना स्थल पर पहुंचे। जनप्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों ने आमजन को भरोसा दिलाया कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के साथ साथ पूरे क्षेत्र में पूछताछ में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरैयाघाट स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में सुबह करीब 5 बजे पूजन के लिए पहुंचे स्थानीय लोगों ने देखा कि, मंदिर के अंदर विराजित भगवान की मूर्तियां अपने स्थान से हटकर नीचे पड़ी हुईं हैं। पूजन सामग्री के साथ दीवारों में लगी भगवान की फोटो को तोड़ने का प्रयास करते हुए जमीन पर फेंका गया है। अपराधिक शरारत करने वाले ने आमजन की 'आस्था' को चोट पहुंचाने का प्रयास किया है। मंदिर में हुई इस हरकत के बाद से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश बना हुआ है। प्राथमिक जांच में पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज मिला है, जिसमें रात 3:37 बजे एक युवक मंदिर के अंदर जाता हुआ दिख रहा है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर उक्त युवक की तलाश कर रही है।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

जबलपुर।

शासन के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम द्वारा आज शनिवार को मुख्यालय सहित सभी 16 संभागीय कार्यालयों में आयोजित किया गया है। इस संबंध में राजस्व विभाग के उपायुक्त पी.एन. सनखेरे ने बताया कि लोक अदालत में अधिभार में करदाताओं को छूट मिलेगी। आयोजित नेशनल लोक अदालत में शहर के सम्माननीय करदाताओं को अधिक से अधिक छूट का लाभ मिले इसके लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने संबंधित अधिकारियों को समक्ष में बुलाकर निर्देश दिये हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू", एम.आई.सी. सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉं. सुभाष तिवारी एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी करदाताओं से भी अपील की है कि बकाया करों की राशि में छूट का लाभ नेशनल लोक अदालत के माध्यम से दी जा रही है, इसलिए आप सभी करदाताओं से अपील है, कि अधिक से अधिक संख्या में नेशनल लोक अदालत में पहुंचकर छूट का लाभ लें।

# मुक्तिधाम के चारों ओर खुले पड़े हैं मौत के कई मुहाने

**जबलपुर।** जिले के बरनू नदी किनारे स्थित ग्राम कटरा में रेत की अवैध खदान में हुए हादसे के बाद भी प्रशासन अब तक नहीं चेता है। जिस खदान में हादसा हुआ, उसे और उससे लगीं कुछ खदानों को तो दूसरे-तीसरे दिन मिट्टी व मुरुम आदि डाल कर बंद करा दिया गया लेकिन रमखिरिया पुल से लेकर कटरा और उससे आगे देवरी तक कदम-कदम पर खोद दी गईं रेत में की अवैध खदानों को बंद नहीं कराया गया है। सबसे खतरनाक स्थिति कटरा से सटे देवरी गांव में है जहां बरनू नदी किनारे स्थित मुक्तिधाम और इसके करीब आधा किलोमीटर के हिस्से में 50 से अधिक मौत की खाइयां खुदी पड़ी हैं। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर वर्षाकाल में अधिक जोखिमपूर्ण स्थिति आवश्यक सुरक्षा उपायों के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

# 75 अवैध वेंडरों पर कार्यवाही

**जबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील के निर्देश पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ मधुर वर्मा के नेतृत्व में चलाये गए अभियान मे प्लेटफार्म एक से प्लेटफार्म 6 तक कार्यवाही की जा रही हैं जिसमे प्लेटफार्म पर अनाधिकृत रूप से अन्दर आने वाले बेंडरों कि जांच की जा रही हैं रेलवे अधिनियम की धारा 144 के तहत जून माह में जबलपुर स्टेशन सहित मंडल पर 57 अवैध बेंडरो को पकड़कर आरपीएफ के सुपुर्द किया गया एवं 18 वेंडरो को मानक नियमों का उलंघन करने पर 8950 रूपये का जुमार्ना वसूलने के साथ ही अमानक खाद्य सामाग्री को नष्ट कर उन पर अर्थ दंड लगाया गया। इस कार्यवाही में सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री अखिलेश कुमार नायक , गुन्नार सिंह एवं श्री ग्रेसियस नाजरत सहित वाणिज्य विभाग के निरीक्षक एवं परिवेक्षकों की भूमिका सराहनीय रही।

### बजट में सभी वर्गो के उत्थान के लिए किए गए प्रावधान

# जनकल्याण के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : राकेश सिंह

**जबलपुर।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने यहा कहा कि मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए कृत संकल्पित हैं। अद्योसंरचना विकास के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और अन्य जनहित की सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयासरत हैं। गौवंश की रक्षा, किसानों की कल्याण और मातृशक्ति के उत्थान की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही हैं। श्री सिंह यहां भाजपा कार्यालय में बजट में प्रस्तावित प्रदेश सरकार की योजनाओं पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हाल ही में मप्र सरकार ने पिछले साल के मुकाबलें 16 प्रतिशत वृद्धि के साथ बजट प्रस्तुत किया है। जिसमें इन सभी योजनाओं को शामिल किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र व मप्र में डॉ. मोहन यादव की नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार डबल इंजन की स्पीड के साथ बढ़ रही हैं। सरकार ने निर्णय लिया है कि बायपास से जुड़ी सड़को को आठलेन बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत गांव-गांव विकास पहुंच रहा हैं। इस योजना के तहत कुछ नई सड़कों का निर्माण किया गया हैं तो वहीं 2 हजार किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण भी कराया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर जनजीवन मिशन की शुरुआत की गई। आज गांव के 70 लाख 86 हजार 293




घरों में नल जल योजना के तहत पानी पहुंच रहा हैं। श्री सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। अभी 14 शहरों में शासकीय अस्पतालें हैं। मंदसौर, नीमच और सीधी जिलों में शासकीय मेडीकल कॉलेज शीघ्र ही खोलें जायेंगे। गंभीर आपात स्थितियों में लोगों को उच्च स्तरीय चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए पीएम श्री एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई गई है। जिसकी शुरुआत जबलपुर में भी हो चुकी है। स्वास्थ्य सेवाओं में 42 हजार पदों की भर्तिंया की जाएगी। प्रदेश के 4 करोड़ 51 लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका हैं। जिससे उन्हें स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण सुविधाएं निःशुल्क मिलेगी। इसी तरह गरीब परिवारों को शासकीय अस्पतालों में उस समय विकट स्थिति का सामना करना पड़ता है जिसमें उनमें किसी के परिजनों की मृत्यु हो जाती थी और शव घर तक ले जाने के लिए पैसों का अभाव बाधा बनता था। ऐसी जगहों के लिए शांति बस सेवा शुरु की गई। किसानों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए सन 2028 तक 1 करोड़ हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई का लक्ष्य तय किया गया हैं। किसान सम्मान निधि से प्रदेश के 8 लाख से अधिक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी लाने प्रयास किए जा रहे है। 150 नए सीएम राइज स्कूल खोलने का प्रावधान किया जा रहा हैं। जिनमें शिक्षकों की भर्ती की भी तैयारी की जा रही हैं। महिलाओं के उत्थान की दिशा में लखपति दीदी, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम आवास योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना ऐसी अनेक योजनाएं चल रही हैं। जो महिलाओं के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 4 बड़े शहरों जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर में यातायात की दृष्टि एलीवेटेड कॉरीडोर बनाया जा रहा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 को गौवंश रक्षा वर्ष के रुप में बनाया जा रहा है। प्रदेश में संचालित गौवंश रक्षा एवं पोषण की राशि को दो गुना कर दिया गया हैं। इस अवसर पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष रानू तिवारी, राज्य सभा सदस्य सुमित्रा बाल्मीक, विधायक अशोक रोहाणी, संतोष बरकड़े, वरिष्ठ नेता विनोद गोटिया, मीडिया पेनेलिस्ट रविन्द्र पचौरी, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत साहू आदि मौजूद रहे।

लगातार जांच होने से सुधरेगी स्थिति

# अधिकारियों के पहुंचने के पहले ही कई दुकानदार प्रतिष्ठान बंद कर भागे

**सिहोरा।** मिलावट एवं मुनाफाखोरों पर अंकुश लगाने राजस्व एवं खाद्य विभाग के संयुक्त अमले ने सिहोरा में संचालित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच कर नियम कानून कायदों की जानकारी देकर उसका शत प्रतिशत पालन करने की समझाइस दी। इसके साथ ही प्रतिष्ठानों में उपलब्ध खाद्य पदार्थों का स्टॉक, कीमत, एक्सपायरी डेट की जांच की। जब अधिकारियों की टीम जांच कर रही थी उसी समय नगर के अनेक छोटे होटल व्यवसायी अपना प्रतिष्ठान बंद कर फरार हो गये। जब तक जांच जारी थी तब तक अनेक स्थानों पर हड़कंप की स्थिति बनी रही।


फोटो 02 सिहोरा

### एक दर्जन विभाग शामिल थे दल में

विदित हो जनता के काम में गड़बड़ी करने वालो को सावधान करने के मकसद से जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने अनूठा प्रयोग करते हुए प्रथम चरण में जन सुविधाओं को चुस्त दुरुस्त करने व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित करने वालों को नियम कानून कायदे की जानकारी देकर अव्यवस्थाओं में सुधार लाने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए दल गठित किए थे। सिहोरा क्षेत्र के लिए गठित स्पेशल टीम के लगभग एक दर्जन विभागों के संयुक्त अमले ने एक माह पूर्व विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच कर सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। इसी क्रम में व्यवस्थाओं में सुधार की जमीनी हकीकत जानने पुनः व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की।

### अधिकारियों ने जांचे मापदण्ड

सिहोरा प्रभारी तहसीलदार शशांक दुबे के नेतृत्व में जांच दल के खाद्य एवं औषधि प्रशासन सहित अन्य अमले ने आयुष्मान हॉस्पिटल, हर्ष रेस्टोरेंट, विदेशी मदिरा दुकान का आकस्मिक निरीक्षण का कीमत खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एक्सपायरी डेट आदि की जांच की।



# एक पेड़ मां के नाम अभियान में निमार्णाधीन पार्क में किया पौधारोपण

**सिहोरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आरंभ किए गए एक पेड मां के नाम अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी ने खितौला तिराहे के पास निमार्णाधीन पार्क में नगर एक दर्जन से अधिक पौधों का रोपण किया तथा उनकी रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अरुण जैन,राजेश दाहिया,अनुपम सराफ,राजा ठाकुर,मंडल महामंत्री सुग्रीव श्रीवास,रत्नेश दुबे,अखलेश बैरागी,सुनील चक्रवर्ती,सोनू मिश्रा,सुप्पी बर्मन,सियोल जैन,जितेंद पटेल,सतीश पटेल,सुबोध दुबे,अखिल तिवारी,दीपक तिवारी,सुशीला शुक्ला,मनोज पटेल,अखिल गुप्ता,मनीष करड़ा,राहुल पटेल आदि उपस्थित थे।

**जजों ने पौधारोपण कर जीवन बचाने का लिया संकल्प**

जबलपुर। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के अध्यक्ष प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को अदालत परिसर में पंचज अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इस दौरान प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश अवस्थी के अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के सचिव जिला जज अवधेश श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आलोक प्रताप सिंह, जिला रजिस्टार अम्बुज श्रीवास्तव नगर निगम मजिस्ट्रेट वेदप्रकाश सगर व प्रशिक्षु न्यायाधीशगण ने पौधारोपण किया। प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश अवस्थी ने संदेश दिया कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम पांच-पांच पौधे जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल अपने घर के सदस्य की तरह करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि वृक्ष हमेशा परोपकार का कार्य करते हैं।

# बस की टक्कर से युवक की मौत, 3 घायल

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अतंर्गत ग्राम पौड़ा के पास मेन रोड में एक बस ने एक बाईक को टक्कर मार दी, जिसमें सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक महिला और 2 साल का मासूम बालक भी शामिल है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है।



सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जुझारी उमरिया खदिया टोला मझौली निवासी अजीत उर्फ राजा गोटिया अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20 जेड के 1837 से केश कुमार भूमिया, मालती भूमिया एवं 2 वर्षीय छोटा भैया के साथ मालती की ससुराल से अपने घर ग्राम जुझारी उमरिया खदिया मोहल्ला जा रहा था। रात लगभग 11 बजे जैसे ही ग्राम पौड़ा के पास मेन रोड के सामने पहुंचे तभी बस क्रमांक एमपी 53 पी 0411 के चालक ने अजीत गोटिया की बाईक में टक्कर मार दी, जिससे बाईक में सवार चारों लोग बाईक सहित नीचे गिर गए। राहगीरों ने एंबुलेंस से घायलों को उपचार के लिए सिहोरा अस्पताल भिजवाया जहां अजीत गोटिया के सिर व चेहरे पर गंभीर चोटें आ जाने के कारण डॉक्टर ने अजीत को मृत घोषित कर दिया और घायल केश कुमार, मालती व 2 वर्षीय छोटा भैया को जानकीरमण अस्पताल में रिफर कर दिया। पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए, 106(1) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

सिहोरा के महामना थे स्वर्गीय अग्रवाल

# महाविद्यालय के संस्थापक श्याम सुंदर अग्रवाल की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्थापक स्व. श्री श्याम सुंदर अग्रवाल की प्रतिमा का अनावरण समारोह महाविद्यालय परिसर में स्वर्गीय अग्रवाल के पुत्र उधवजी एंव उनकी पत्नी वीना अग्रवाल अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य डॉ एम के श्रीवास्तव की अध्यक्षता,जन भागीदारी समिति अध्यक्ष राजा मोर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ.आर.के. चपरा,पूर्व प्राध्यापक डॉ चितरंजन घोष,सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ.अरुणा पाण्डेय और सेवानिवृत लाइब्रेरियन वीना जैन और सिहोरा तहसील के अनुविभागीय अधिकारी रूपेश सिंघई भी विशेष रुप से उपस्थित थे।



### योगदान को चिर स्मरण बनाने प्रतिमा की स्थापना

महाविद्यालय की स्थापना 1957 में ज्ञानोदय शिक्षा समिति के संचालक स्वर्गीय श्याम सुंदर अग्रवाल के द्वारा एक निजी उच्च शिक्षा संस्थान के रूप में की गई थी। बाद में 1967 में सरकार द्वारा अधिगृहीत किया गया। प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि स्वर्गीय अग्रवाल की दूरदर्शिता और शिक्षा के प्रति समर्पण एंव योगदान के चिर स्मरण एंव सम्मान हेतु इस प्रतिमा की स्थापना महाविद्यालय परिसर में नए सिरे से की जा रही है। सिहोरा के लिए उनका अवदान,उन्हें महामना मदन मोहन मालवीय के तुल्य खड़ा करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा उनके योगदान को याद किया।

### स्वर्गीय रामदुलारी के नाम से होगा मुख्य भवन

महाविद्यालय ने स्वर्गीय अग्रवाल की धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती रामदुलारी के नाम पर महाविद्यालय के मुख्य भवन का नामकरण करने की घोषणा भी को गई। इस अवसर पर सभी अतिथियों के द्वारा महाविद्यालय परिसर पर वृक्षारोपण भी किया गया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय समस्त आयोजन समिति और प्राध्यापकों, कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा।



# एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने की बैठक

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की महत्वाकांक्षी अभियान है 'एक पेड़ मां के नाम', अत सभी अधिकारी-कर्मचारी पर्यावरण संरक्षण के लिए सुरक्षित व खाली स्थान पर एक पेड़ अवश्य लगाए। साथ ही उसकी सुरक्षा भी करें ।उन्होंने कहा कि ऐसी जगह पेड़ लगाए ताकि रोज उसकी देखभाल हो सके। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि पौधे स्थानीय संसाधनों से प्राप्त करें। पौधों के लिए डीएफओ या किसी व्यक्ति पर निर्भर न रहे । उद्यानिकी विभाग द्वारा नर्सरी में पौधे तैयार करने साथ ही वन विभाग द्वारा भी पौधे तैयार किए जाते हैं। सभी विभाग अपने-अपने लक्ष्य अनुसार पौधे प्राप्त कर उसे लगाना सुनिश्चित करें और भावी पीढ़ी के लिए पौधे लगाना सुनिश्चित करें।

इस दौरान वन मंडल अधिकारी ने भी पौधे लगाने की तकनीक बताते हुये कहा कि प्रकृति को संतुलित करने के लिए पेड़ लगाना आवश्यक है। यदि हम प्रकृति को संतुलित नहीं करेंगे, तो प्रकृति हमें संतुलित करना जानती है। इस दौरान सभी अधिकारियों ने कहा कि वे प्राथमिकता से अपने घर, आसपास या खाली जगह में पौध रोपण करेंगे और उनकी देखभाल करेंगे। साथ ही उन्हें एक पेड़ मां के नाम हैशटैग भी करेंगे। बैठक में नगर निगम कमिश्नर सहित स्वयंसेवी संगठनों से जुड़े व्यक्ति व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

डीजे वाले से विवाद पर चाकूबाजी

# भाई की शादी में आए 3 युवकों पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** जबलपुर में चाकूबाजी की घटना लगातार सामने आ रही हैं। हर दिन दर्जनों चाकूबाजी की घटनाएं हो रही हैं जिससे लोगों में दहशत का माहौल हैं। कल फिर एक बारात में डीजे वालें से विवाद होने पर कुछ लोगों ने चाकू से दूल्हे के भाई सहित तीन लोगों पर हमला कर दिया और



भाग गया। यह तीनों युवक मंडला के निवासी है जो यहां बारात में तिलवारा क्षेत्र में आए थे। घायलों को मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। एक युवक की हालत नाजुक बताई गई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भीकमपुर निवास मंडला निवासी शुभम कछवाहा, शिवम कछवाहा, एक अन्य बारात में जबलपुर के तिलवारा थाना क्षेत्र में आए थे। शादी में डीजे वालें से विवाद हो गया। इसके बाद डीजे वालें ने फोन करके कुछ लोगों को बुलाया और अज्ञात बदमाशों ने उन पर चाकू से वार किये और फरार हो गए। घटना की जानकारी आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को दी लेकिन पुलिस समय पर नहीं पहुंची जहां घायल को परिजनों के द्वारा इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल लाया गया जिनका इलाज मेडिकल अस्पताल में किया जा रहा है।

जहां परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया है कि पुलिस को जानकारी देने के बाद भी पुलिस घायलों को देखने के लिए मेडिकल अस्पताल भी नहीं पहुंची जबकि परिजनों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी लेकिन तिलवारा पुलिस घटना होने के बाद भी मौके पर और ना ही मेडिकल अस्पताल पहुंची, परिवार के लोगों ने बताया कि पुलिस को इस बात की सूचना देने के बाद पुलिस के द्वारा बोला गया कि आप 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को मेडिकल अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन घायलों को मेडिकल अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन तो भी पुलिस मेडिकल अस्पताल भी नहीं पहुंची।

## खेत में करंट लगने से मौत

बरेला थाना अतंर्गत ग्राम सैलया में खेत में काम करते समय करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सलैया थाना बरेला निवासी 50 वर्षीय सुखराम लोधी को गत शाम लगभग 4 बजे खेत में काम करते समय बिजली का करंट से जल जाने के कारण पुत्र अजय लोधी द्वारा महाकौशल अस्पताल में लाया गया जहां डॉक्टर ने चैक कर सुखराम लोधी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## जहर सेवन से युवक की मौत

लार्डगंज थाना अतंर्गत गोलबाजार में अज्ञात जहर का सेवन करने पर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिलेहरा थाना नरसिंहपुर निवासी 23 वर्षीय शुभम राय ने गोलबाजार में अज्ञात जहर का सेवन करने पर गत रात लगभग 11.30 बजे मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार दौरान देर रात लगभग 1 बजे शुभम राय की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# रंगदारी वसूली नहीं मिलने पर बदमाशों ने युवक को चाकू व डंडों से पीटा

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अतंर्गत पहलवान बाबा जीआरपी लाईन के पास माँ के साथ सब्जी खरीदने जा रहे एक युवक से तीन बदमाशों ने शराब पीने के लिए रुपए की मांग की, रुपए देने से मना करने पर तीनों बदमाशों ने गालीगलौज की और चाकू व डंडे से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू बिल्डिंग जेल लाईन के पास निवासी 24 वर्षीय अमित कुमार राम गत दिवस अपनी माँ धूरमावती देवी के साथ पैदल सब्जी खरीदने जा रहा था। गत शाम लगभग 6.20 बजे पहलवान बाबा जीआरपी लाईन के पास पहुंचे, तभी वहां एक बाईक में सवार विपिन चौधरी उर्फ डॉक्टर, सत्यम कुचबंधिया और तनिष्क जायसवाल आए और उससे शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग करने लगे, मना करने पर तीनों गालीगलौज करने लगे। विपिन ने चाकू से दोनों पैर की जांघ पर हमला कर दिया और सत्यम कुचबंधिया और तनिष्क जायसवाल ने डंडे से मारपीट कर चोटें पहुंचा दी। घायल अमित कुमार को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2),118(1), 119(1), 351(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



# स्मार्ट मीटर के विरोध में सूपाताल बिजली कार्यालय का घेराव

**जबलपुर।** स्मार्ट मीटर के विरोध में जारी कांग्रेस के अभियान के क्रम में शुक्रवार को सूपाताल बिजली कार्यालय का घेराव किया गया। यहां नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा शुरू से ही मोंटी कार्लें कंपनी के द्वारा बिजली अधिकारियों को साथ लेकर आम नागरिकों के ऊपर दबाव बनाकर जबरदस्ती लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाएं जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगाने के बाद, खामियाजा यह हुआ की जून 2023 में जिस आम उपभोक्ता का बिल 59, 75, 115, 210, 79 आ रहा था, आज उनका बिल बढ़कर लगभग 10 गुना हो गया है, अब उन्हें 1500 से लेकर 7000 तक की राशि का भुगतान करना होगा। शर्मा ने कहा इस समस्या की जानकारी लगते ही कांग्रेस ने आम उपभोक्ताओं को साथ लेकर सूपाताल बिजली कार्यालय का घेराव किया गया। कांग्रेस ने चर्चा के अधिकारियों से कहा कि जब तक आम उपभोक्ता का बिल कम नहीं हो जाता है, और स्मार्ट मीटर अलग नहीं किए जाते हैं, तब तक कोई भी आम उपभोक्ता बिजली विभाग को 1 रुपए का बिजली बिल नहीं भरेगा।




**श्री द्वारिका नाथ चौधरी-** तिघरा खमरिया निवासी श्री द्वारिका नाथ चौधरी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नीलम कोहली-** गोरखपुर निवासी श्री विनोद कोहली की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम कोहली (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती दीपा गुप्ता-** संजीवनी नगर निवासी श्री राजेश गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती दीपा गुप्ता (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चेतन दास-** जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री चेतन दास (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सरोजनी मिश्रा-** शारदा कॉलोनी अधारताल निवासी श्री रामशंकर मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती सरोजनी मिश्रा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गौरी शंकर खटीक-** खटीक मोहल्ला सिंधी कैंप निवासी श्री गौरी शंकर खटीक (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुंदर लाल सेन-** ग्राम पंचायत तिगरी खमरिया निवासी श्री सुंदर लाल सेन (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ललता बाई अहिरवार-** झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड सिद्धबाबा रोड निवासी श्री अक्षय लाल अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती ललता बाई अहिरवार (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जीएल रैकवार-** मड़ई बिलपुरा निवासी श्री जीएल रैकवार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रूपेश करोसिया-** चंडालभाटा हरिजन बस्ती दमोहनाका निवासी श्री रंगीलाल करोसिया के पुत्र श्री रूपेश करोसिया (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री शरद कुमार पटेल-** अधारताल निवासी श्री शरद कुमार पटेल (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री **किशन गुप्ता-** लार्डगंज कछियाना निवासी श्री किशन गुप्ता (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175


**खबर संक्षेप**

### टीसीएस का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ा




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर शुक्रवार को करीब सात प्रतिशत चढ़ा। इससे कंपनी के बाजार पूंजीकरण में 94,866.26 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष की पहली (जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रुपये रहा।

### हिंदुस्तान कॉपर का पूंजी व्यय बढ़ने का अनुमान




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान कॉपर लि. ने शुक्रवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में उसका पूंजीगत व्यय 350 करोड़ रुपये के तय लक्ष्य को पार कर सकता है। कंपनी ने बताया कि 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 350 करोड़ रुपये है, लेकिन उम्मीद है कि कंपनी पिछले साल की तरह इस साल भी लक्ष्य को पार कर सकती है।

### चीन का निर्यात जून में 8.6 प्रतिशत बढ़ा



**हांगकांग।** चीन का निर्यात जून में सालाना आधार पर 8.6 प्रतिशत बढ़कर 307.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह अनुमानित 7.4 से आठ प्रतिशत से अधिक है। चीन के सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, आयात में जून में गिरावट दर्ज की गई। यह सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 208.8 अरब डॉलर रहा।

### अदाणी विल्मर लेगी ओमकार केमिकल्स में हिस्सेदारी




**नई दिल्ली।** प्रमुख खाद्य तेल कंपनी अदाणी विल्मर लि. 56 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर ओमकार केमिकल्स इंडस्ट्रीज में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी। अदाणी विल्मर, अदाणी समूह और सिंगापुर के विल्मर समूह के की एक संयुक्त उद्यम है। यह भारत की सबसे बड़ी उपभोक्ता खाद्य कंपनियों में शामिल है।

### बाउंस इन्फिनिटी ने जैप ईवी के साथ की साझेदारी



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाने वाली कंपनी बाउंस इन्फिनिटी ने उसके इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के अनुबंध विनिर्माण के लिए जैप इलेक्ट्रिक व्हीकल्स समूह के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने कहा कि समझौते के तहत जैप द्वारा प्रदान की गई विशिष्टताओं के आधार पर बाउंस इन्फिनिटी जैप के ईवी के लिए अनुबंध विनिर्माण सेवाएं प्रदान करेगी।

### पूर्वांकरा ने 1,128 करोड़ रुपए के फ्लैट बेचे




**बेंगलुरु।** रियल एस्टेट कंपनी पूर्वांकरा लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 1,128 करोड़ रुपये के फ्लैट की बिक्री की। कंपनी ने बताया कि आवास की मजबूत मांग के बावजूद उसने नई पेशकश स्थगित कर दी है। पूर्वांकरा लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 1,128 करोड़ रुपये की बिक्री की....जबकि एक साल पहले समान अवधि में 1,126 करोड़ रुपये की बिक्री की थी।

# क्या इलेक्ट्रिक कारों को पछाड़ देगी हाइब्रिड कारें? बाजार में मचा रही हैं तहलका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने हाल में हाइब्रिड कारों की रजिस्ट्रेशन फीस पर 100 फीसदी की छूट दे दी। इसके बाद से एक नई बहस छिड़ गई है कि क्या हाइब्रिड कारें आने वाले दिनों में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को सेल्स के मामले में पीछे छोड़ देंगी या भारत के लिए ईवी से बेहतर हाइब्रिड कारें हैं।

हाइब्रिड कारों की खासियत ये है कि इनके लिए वैसा कोई नया इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की जरूरत नहीं है, जैसा कि देश में इलेक्ट्रिक कारों के लिए चार्जिंग स्टेशन के रूप में चाहिए। वहीं ये सामान्य कार की तुलना में बेहतर रेंज भी देती हैं, तो ये इलेक्ट्रिक कारों के साथ जुड़ी रेंज एंजाइटी को भी दूर करती हैं।

## यूपी में हाइब्रिड कारों की रजिस्ट्रेशन फीस पर 100 फीसदी छूट से गरमाया मामला

### क्या ईवी को पछाड़ देंगी हाइब्रिड कारें?

हाइब्रिड कारों के लिए बैटरी चार्जिंग या बैटरी स्वैपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत नहीं होती है। वहीं अभी यूपी सरकार के फैसले की तरह अन्य राज्य सरकारें भी ऐसा निर्णय करें तो इस सेगमेंट को एक नया बूस्ट मिल सकता है। वहीं अगर मार्केट के ट्रेंड को देखें तो देश में एसयूवी के साथ-साथ हाइब्रिड कारों की सेल भी बढ़ी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की सेल में 38 प्रतिशत की ग्रोथ की संभावना है। ये अप्रैल-जून तिमाही में 22,389 यूनिट रह सकती है। वहीं ईवी की सेल्स में 0.2 प्रतिशत की गिरावट आने की उम्मीद है।



- हाइब्रिड कारों के लिए कोई नया इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की जरूरत नहीं पड़ती

### कैसे काम करती हैं हाइब्रिड कारें?

हाइब्रिड कारों में जेट टेक्नोलॉजी इस्तेमाल होती है। उसमें किसी कार के इंजन के साथ एक बैटरी भी जुड़ी होती है। यही दो मोड पर चलने की इनकी खासियत लोगों को एक्स्ट्रा रेंज देने का काम करती है। हाइब्रिड कार में लगी इलेक्ट्रिक मोटर की बैटरी पेट्रोल से चार्ज नहीं होती, बल्कि रीजेनरेटिव एनर्जी के सिद्धांत पर काम करती है। इसलिए अभी मार्केट में जो मौजूदा कारें उनमें ही मामूली बदलाव के साथ कारों को हाइब्रिड बनाया जा सकता है।

### मार्केट में मौजूद हैं ये हाइब्रिड कारें

भारत में अभी मुख्य तौर पर मारुति सुजुकी और टोयोटा मोटर्स की ही हाइब्रिड कारें हैं। ये कारें दरअसल आपस में एक दूसरे का ही क्रॉसिंग वर्जन हैं। जबकि इन दोनों के अलावा सिर्फ होंडा मोटर्स ही ऐसी कंपनी है जिसकी अपनी एक हाइब्रिड सेडान होंडा सिटी ईएचईवी मार्केट में मौजूद है। गौर करने वाली बात ये है कि इन सभी कंपनियों का कनेक्शन जापान से है, यानी जापान ने हाइब्रिड कारों पर बड़ा दांव लगाया हुआ है।

*पहियों के पास रीजेनरेटिव ब्रेक्स लगाए जाते हैं*

*हाइब्रिड कार में पहियों के पास रीजेनरेटिव ब्रेक्स लगाए जाते हैं। जैसे ही आप ब्रेक लगाते हैं तो जो काइनेटिक एनर्जी जेनरेट होती है, उसे इलेक्ट्रिसिटी डायनमो की मदद से बैटरी में स्टोर कर लिया जाता है। जब आप कार चलाते हैं तो एक निश्चित स्पीड पर पहुंचने के बाद इंजन में पेट्रोल की सप्लाई बंद हो जाती है और इलेक्ट्रिक मोटर पर आपकी कार चलने लगती है।*

## बारिश के चलते सब्जियों की कीमतों में उछाल

# खुदरा महंगाई दर फिर 5% के पार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल रहा जारी

*खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल के चलते खुदरा महंगाई दर एक बार फिर 5 फीसदी के पार जा पहुंची है। जून 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.08 फीसदी रही है जो मई 2024 में 4.80 फीसदी रही थी। खाद्य महंगाई दर में इजाफा देखने को मिला है और ये 9 फीसदी के पार चला गया है। जून में खाद्य महंगाई दर 9.36 फीसदी रही है जो मई में 8.83 फीसदी रही थी।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सांख्यिकी मंत्रालय ने जून महीने के लिए खुदरा महंगाई दर के आंकड़े घोषित किए हैं। डेटा के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल के चलते खुदरा महंगाई दर 5.08 फीसदी रही है जो मई में 4.75 फीसदी रही थी जिसे अब रिवाइज कर 4.80 फीसदी कर दिया गया है।

एक साल पहले जून 2023 में खुदरा महंगाई दर 4.87 फीसदी रही थी। जून महीने में खाद्य महंगाई दर 9.36 फीसदी रही है जो मई में 8.83 फीसदी रही थी। जून 2023 में खाद्य महंगाई दर 4.31 फीसदी रही थी।





### साग-सब्जियों और दालों में बढ़ी महंगाई

देश के कई इलाकों में तेज बारिश के चलते सब्जियों की कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है जिसके चलते साग-सब्जियां महंगी हुई है। जून में सब्जियों की महंगाई दर 29.32 फीसदी रही है जो मई में 27.33 फीसदी रही थी। दालों की महंगाई दर जून में 16.07 फीसदी रही है जो मई में 17.14 फीसदी रही थी। जून में दालों की महंगाई में मामूली कमी आई है।

- मई 2024 में 4.80 फीसदी रही थी
- खाद्य महंगाई दर 9 फीसदी के पार चली गई
- जून में खाद्य महंगाई दर 9.36 फीसदी रही

*सस्ते कर्ज की उम्मीदों पर फिरा पानी : खुदरा महंगाई दर में उछाल आरबीआई के लिए बड़ा झटका है। आरबीआई की कोशिश इसे 4 फीसदी तक लाने पर था लेकिन यूटर्न लेते हुए खुदरा महंगाई दर फिर से 5 फीसदी के ऊपर चला गया है। ऐसे में आरबीआई की ओर से पॉलिसी रेट्स में कटौती की संभावनाओं पर भी ब्रेक लग गया है।*

### औद्योगिक उत्पादन बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर पर

खनन और बिजली क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन के कारण इस साल मई में देश का औद्योगिक उत्पादन सात महीने के उच्चतम स्तर 5.9 प्रतिशत पर पहुंच गया। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन मई 2023 में 5.7 प्रतिशत बढ़ा था।

#### औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5.9 फीसदी बढ़ा

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मई 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5.9 प्रतिशत बढ़ा। आईआईपी इस साल अप्रैल में पांच प्रतिशत, मार्च में 5.4 प्रतिशत, फरवरी में 5.6 प्रतिशत और जनवरी में 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। पिछले साल दिसंबर में आईआईपी 4.4 प्रतिशत और नवंबर में 2.5 प्रतिशत था। आईआईपी का पिछला उच्च स्तर अक्टूबर 2023 में 11.9 प्रतिशत था।

#### खनन व बिजली खंड में उत्पादन बढ़ा

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक मई 2024 में खनन उत्पादन 6.6 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 13.7 फीसदी बढ़ा। मई 2023 में खनन उत्पादन 6.4 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 0.9 प्रतिशत बढ़ा था। आंकड़ों के मुताबिक इस साल मई में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 4.6 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी माह में 6.3 प्रतिशत थी।

# किफायती आवास की आपूर्ति अप्रैल-जून में 21 फीसदी घटी



- रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया ने जारी की रिपोर्ट
- 50 लाख रुपए से कम कीमत वाले किफायती आवास की आपूर्ति घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के सात प्रमुख शहरों में अप्रैल-जून में 50 लाख रुपये से कम कीमत वाले किफायती आवास की आपूर्ति में 21 प्रतिशत की गिरावट आई है। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया के अनुसार बिल्डरों के अधिक प्रीमियम फ्लैट पेश करने की वजह से किफायती अपार्टमेंट की आपूर्ति में गिरावट आई है।

जेएलएल इंडिया द्वारा शुक्रवार को जारी प्रमुख सात शहरों के आवासीय बाजार के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून 2024 में अपार्टमेंट की नई आपूर्ति पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,59,455 इकाई रही जो एक साल पहले समान अवधि में 151,207 इकाई थी। आंकड़ों में केवल अपार्टमेंट शामिल हैं। रोहाउस, विला और प्लॉटेड डेवलपमेंट को विश्लेषण से बाहर रखा गया है।

अप्रैल-जून तिमाही में कुल नई आपूर्ति में से किफायती फ्लैट की पेशकश 13,277 इकाई रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की 16,728 इकाई से 21 प्रतिशत कम है। समीक्षाधीन अवधि में एक से तीन करोड़ रुपये मूल्य वर्ग में नई आपूर्ति तीन प्रतिशत बढ़कर 69,312 इकाई हो गई। यह पिछले साल समान अवधि में 67,119 इकाई थी।

### उच्च मूल्य वाले मकानों की मांग बढ़ी

जेएलएल के भारत में आवासीय सेवाओं के प्रमुख वरिष्ठ प्रबंध निदेशक (चेन्नई और कोयंबटूर) शिव कृष्णन ने कहा, "यह लक्षियत ग्राहकों के बीच उच्च मूल्य वाले मकानों की मांग में वृद्धि के प्रति डेवलपर के रुझान को दर्शाता है।" ये सात शहर दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे हैं।

# स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज वैश्विक सेवा कारोबार अलग करेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑप्टिकल और डिजिटल समाधान प्रदाता स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज को अपने वैश्विक सेवा कारोबार को अलग करने के लिए शेयरधारकों और कर्जदाताओं से मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही नए कारोबार के शेयरों को अलग से सूचीबद्ध करने का रास्ता साफ हो गया है।

स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज ने शुक्रवार को बीएसई को दी गई सूचना में कहा कि वैश्विक सेवा कारोबार को अलग करने के प्रस्ताव को मतदान प्रक्रिया के जरिये सुरक्षित और असुरक्षित दोनों तरह के कर्जदाताओं से 100 प्रतिशत और इक्विटी शेयरधारकों से 99.98 प्रतिशत अनुमोदन मिला।

कंपनी ने कहा कि इस मतदान के परिणामों ने स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज लि. (एसटीएल) की वृद्धि क्षमता और मूल्य सृजन में दृढ़ विश्वास को दर्शाया है। इस मंजूरी से नए कारोबार के शेयरों को अलग से सूचीबद्ध करने का रास्ता साफ हो गया है। कंपनी ने कहा कि इस विभाजन के बाद एसटीएल और नई वैश्विक सेवा इकाई दोनों ही स्वतंत्र रूप से अधिक तेजी के साथ आगे बढ़ सकेंगी। इससे वैश्विक सेवा कारोबार में विशेष रुचि रखने वाले निवेशकों और रणनीतिक भागीदारों के लिए अधिक मूल्य भी हासिल हो सकेगा।

Sterlite Tech

- कंपनी को शेयरधारकों और कर्जदाताओं से मिली मंजूरी
- नए कारोबार के शेयरों को अलग से सूचीबद्ध करने का रास्ता साफ

### आर्थिक हित में कोई बदलाव नहीं आएगा

विभाजन के बाद अलग हुई कंपनी के किसी भी शेयरधारक के आर्थिक हित में कोई बदलाव नहीं आएगा। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से मंजूरी मिलने की प्रक्रिया दो-तीन महीने में पूरी हो जाएगी। एसटीएल के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा, यह मंजूरी हमारी रणनीतिक दृष्टि और विकास क्षमता में शेयरधारकों और कर्जदाताओं के दृढ़ विश्वास को दर्शाती है।

# कोल इंडिया ई-नीलामी के नियम आसान बनाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महारत्न कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसने ई-नीलामी के नियमों को आसान बनाने के उपाए किये हैं। कंपनी ने बताया कि इसके तहत बयाना राशि को कम करना और पेशकश में कोयला की मात्रा बढ़ाने जैसे कदम शामिल हैं।

कोल इंडिया अपनी नीलामी और आवंटन पद्धति में भी बदलाव करने की योजना बना रही है, जिसका मकसद भागीदारी को बढ़ावा देना है। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'कोल इंडिया ने ई-नीलामी के नियमों को आसान बनाने के लिए बयाना राशि जमा (ईएमडी) को कम करने और नीलामी के तहत पेश की जाने वाली मात्रा को बढ़ाने जैसे कदम उठाए हैं।' कोल इंडिया ने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को छोड़कर अपनी सभी इकाइयों से चालू वित्त वर्ष की दूसरी और तीसरी तिमाही के लिए ई-नीलामी के तहत पेशकश की मात्रा को अपने संबंधित कुल उत्पादन के मुकाबले 40 प्रतिशत तक बढ़ाने को कहा है।




- आवंटन पद्धति में बदलाव की योजना

### इस समय एग्नॉस्टिक ई- नीलामी योजना संचालित

इस समय कोल इंडिया केवल एकल खिड़की व्यवस्था 'एग्नॉस्टिक' ई-नीलामी योजना संचालित करती है, जहां उपभोक्ता कोयले के परिवहन का अपना पसंदीदा तरीका चुन सकते हैं। बयान में कहा गया, कंपनी अपनी इलेक्ट्रॉनिक विंडो के तहत नीलामी और आवंटन पद्धति में सुधार की भी योजना बना रही है।

### सोना 250 रुपए मजबूत, चांदी में 200 रुपए की गिरावट



**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में मजबूती दिखी और राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को यह 250 रुपये की मजबूती के साथ 75,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की तेजी के साथ 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। जबकि बुधवार को सोने में 400 रुपये की तेजी आई थी। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक कीमतों में नरमी के बीच स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की सतत खरीदारी के कारण कीमतों में तेजी आई है।

## ऑलटाइम हाई पर पहुंचा विदेशी मुद्रा भंडार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

12 जुलाई (भाषा) देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच जुलाई को समाप्त सप्ताह में 5.16 अरब डॉलर उछलकर 657.16 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 1.71 अरब डॉलर घटकर 651.99 अरब डॉलर रहा था। इस वर्ष सात जून को विदेशी मुद्रा भंडार 655.82 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक पांच जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.23 अरब डॉलर बढ़कर 577.11 अरब डॉलर हो गयी।

डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 90.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 57.43 अरब डॉलर रहा।



- 5.15 बिलियन डॉलर के उछाल के साथ 657 अरब डॉलर हुआ रिजर्व

### टाटा पावर ने ओडिशा में विस्तार पर किया निवेश



**भुवनेश्वर।** टाटा पावर की अगुवाई वाली बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) ने पिछले तीन-चार साल में ओडिशा में बुनियादी ढांचे के विस्तार तथा तंत्र उन्नयन पर 4,245 करोड़ रुपये का निवेश किया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ओडिशा सरकार के साथ कंपनी संयुक्त उद्यम में डिस्कॉम टीपी सेंट्रल ओडिशा डिस्ट्रीब्यूशन (टीपीसीओडीएल), टीपी वेस्टर्न ओडिशा डिस्ट्रीब्यूशन (टीपीडब्ल्यूओडीएल), टीपी साउथर्न ओडिशा डिस्ट्रीब्यूशन (टीपीएसओडीएल) और टीपी नॉर्दर्न ओडिशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीएनओडीएल) का संचालन करती है। यह सामूहिक रूप से 90 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करते हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि कुल निवेश में से 1,232 करोड़ रुपये विभिन्न सरकारी समर्थित योजनाओं के जरिये आवंटित किए गए हैं।

## टीसीएस के अच्छे नतीजों से निवेशक रहे उत्साहित

# आईटी शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स, निफ्टी शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टीसीएस के अच्छे नतीजों से उत्साहित होकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी शेयरों में तगड़ी लिवाली आने से शुक्रवार को दोनों मानक सूचकांक अपने नए शिखर पर पहुंच गए। सेंसेक्स में 622 अंक और निफ्टी में 186 अंकों की बड़ी उछाल दर्ज की गई। निवेशकों की संपत्ति भी 1.17 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी।

कारोबारियों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 622 अंक उछलकर 80,519.34 के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 996.17 अंक तक उछला। निफ्टी भी 186.20 अंक बढ़कर 24,502.15 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

- निवेशकों की संपत्ति 1.17 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ी

### टीसीएस में शानदार उछाल

सेंसेक्स के समूह में शामिल देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर शानदार तिमाही नतीजों के बाद करीब सात प्रतिशत तक उछल गया। टीसीएस का जून तिमाही में शुद्ध लाभ 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रुपये हो गया।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

इसके अलावा इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टूब्रो के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।



### कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड स्तर पर

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को 452.38 लाख करोड़ रुपये के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजारों में तेजी के बीच मानक सूचकांक सेंसेक्स अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इससे निवेशकों की संपत्ति में 1.17 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।

### अमेरिका में मुद्रास्फीति एक साल के निचले स्तर पर

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, विभिन्न कारणों से बाजार सीमित दायरे से बाहर निकलने में सफल रहा। दिग्गज आईटी कंपनी के मजबूत परिणाम और अमेरिका में मुद्रास्फीति के एक साल के निचले स्तर पर आने से बाजार में उम्मीद नजर आई।

### एशियाई बाजार में रही गिरावट

इसके अलावा वैश्विक बाजार में कारोबार मिला-जुला रहा। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की गिरावट पर रहे। यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

### मैजिकपिन ने 1,000 से अधिक ब्रांड साथ जोड़े




**नई दिल्ली।** ई-वाणिज्य कंपनी मैजिकपिन ने एक साल में 1,000 से अधिक बहुनगरीय और बहुराष्ट्रीय उपभोक्ता ब्रांड को अपने साथ जोड़ा है। कंपनी बयान के अनुसार, मैजिकपिन को करीब 2,000 ब्रांड जोड़ने में चार साल का समय लगा, लेकिन केवल पिछले साल में उसने 1,000 से अधिक ब्रांड से हाथ मिलाया। मैजिकपिन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं सह-संस्थापक अंशु शर्मा ने एक बयान में कहा, "हमारे लिए पिछले 12 महीने अभूतपूर्व रहे हैं... ब्रांड तथा व्यापारियों के मामले में 100 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।"

## चिंतन

# बिम्सटेक के विकास में भारत के लिए अवसर

भारत को बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) को मजबूत करने पर खास ध्यान देना चाहिए। बिम्सटेक के सभी सदस्य देश भारत के मित्र पड़ोसी देश हैं। सात सदस्यीय बिम्सटेक में पांच दक्षिण एशियाई देश भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल व भूटान और दो दक्षिण पूर्व एशियाई देश म्यांमा व थाईलैंड शामिल हैं। इसमें सबसे अधिक ताकतवर भारत ही है, आर्थिक रूप से भी और सामरिक रूप से भी। सभी के साथ भारत के मधुर संबंध हैं, हालांकि ये देश चीन के प्रभाव में भी हैं। भारत बिम्सटेक का न केवल विकास इंजन बन सकता है, बल्कि वह सदस्य देशों को सामरिक सुरक्षा भी दे सकता है। जब भारत की ग्लोबल भूमिका बढ़ने की बात आती है, ऐसे ही छोटे-छोटे कदमों से वह भूमिका का विस्तार कर सकता है। वर्ष 1997 में बिम्सटेक की स्थापना हुई है, भारत इसका संस्थापक सदस्य है, इसके बावजूद भारत ने इस बहुपक्षीय संगठन के मंच से अपने पड़ोसी देशों के विकास में बड़ा योगदान नहीं दिया है। मोदी सरकार के आने के बाद से बिम्सटेक को प्राथमिकता दी जा रही है, जो चीन से मुकाबला की दृष्टि से जरूरी कदम है। बिम्सटेक क्षेत्र न केवल संसाधन के लिहाज से बल्कि सामरिक सुरक्षा के लिहाज से भी भारत के लिए अहम है। एशिया की तेजी से बदलती भू-रणनीतिक स्थिति में भारत के पास बंगाल की खाड़ी का लाभ उठाकर अधिक मुखर और सक्षम चीन को नियंत्रित करनक का अवसर है। भारत का दायित्व है कि सभी की संप्रभुता का सम्मान करते हुए बिम्सटेक देशों के विकास में अपना योगदान दे और सुरक्षा भी प्रदान करे। चूंकि भारत के पड़ोसी देशों पर चीन का भी आर्थिक वर्चस्व है, इसलिए भारत को चाहिए कि वह चीनी पैठ अपने पड़ोस तक न होने दे। बिम्सटेक के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक नई दिल्ली में हुई, इसके अंतिम दिन विदेश मंत्रियों ने पीएम नरेन्द्र मोदी से संयुक्त रूप से मुलाकात की। इस दौरान पीएम ने आर्थिक एवं सामाजिक विकास के इंजन के रूप में बिम्सटेक की भूमिका पर जोर दिया। बिम्सटेक ने कनेक्टिविटी, ऊर्जा, व्यापार, स्वास्थ्य, कृषि, विज्ञान, सुरक्षा और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने पर बल दिया है। इस वर्ष सितम्बर में बिम्सटेक का शिखर सम्मेलन थाईलैंड में होना है, जिसमें सहयोग बढ़ाने के अनेक मुद्दों पर चर्चा होगी। ब्रिक्स की तर्ज पर भारत को बिम्सटेक बैंक के गठन को लेकर पहल करनी चाहिए, इसमें भारत को एक बड़ा कोष बनाना चाहिए। यह बैंक बिम्सटेक देशों में इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधारने, कनेक्टिविटी बढ़ाने, डिजिटल इन्फ्रा को बढ़ावा देने, गरीबी उन्मूलन करने आदि में अहम योगदान कर सकता है। यह बैंक भारत को पड़ोसी फर्स्ट व एक्ट ईस्ट की नीति के संवर्धन में सहयोग करेगा। इन देशों को विश्वास में लेकर सैन्य सुरक्षा का मार्ग भी भारत प्रशस्त कर सकता है। बिम्स्टेक छोटा पर व्यापक भारतीय प्रभाव वाला मंच बन सकता है। बिम्स्टेक आसियान के सदस्यों के बीच अंतर-क्षेत्रीय सहयोग हेतु भी मंच प्रदान करता है। भारत व म्यांमा को जोड़ने वाली कलादान मल्टीमॉडल परियोजना, म्यांमा होकर भारत को थाईलेंड से जोड़ने वाली एशियाई त्रिपक्षीय राजमार्ग, यात्री और माल परिवहन के निर्बाध प्रवाह के लिए बांग्लादेश-भूटान-भारत-नेपाल (बीबीआईएन) मोटर वाहन समझौता आदि अहम विकास प्रोजेक्ट हैं, जो बिम्सटेक की कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगी। बिम्सटेक देशों के बीच वीजा मुक्त आवाजाही होनी चाहिए। भारत को दक्षिण एशिया में इस नए भू-राजनीतिक माहौल में साझा लक्ष्यों की दिशा में मिलकर बिम्सटेक को मजबूत करना होगा।


## सारा संसार



मध्य प्रदेश राज्य में सतना जिले के मैहर शहर में त्रिकूटी की सबसे ऊंची पहाड़ी पर स्थित मैहर माता मंदिर भारत के सबसे दिव्य मंदिरों में से एक है। मैहर माता का यह प्राचीन मंदिर माँ शारदा देवी की पूजा अर्चना और उनके चमत्कारों के लिए जाना जाता है।

## सजगता

डॉ. मोनिका शर्मा



# सैर सपाटे में अनुशासन जरूरी

बीते दिनों महाराष्ट्र के लोनावला में भुशी बांध पर सैर-सपाटा करने पहुंचा एक पूरा परिवार झरने के पानी में बह गया। इस अनहोनी के वायरल वीडियो में तेज बहाव के बीच समूह बनाकर खड़े बच्चे-बड़े भय से चीखते देख रहे हैं। पानी की गति इतनी तेज थी कि हादसे में एक ही परिवार के नौ में से पांच सदस्य डूब गए। बरसात ने अभी दस्तक दी ही है, पर देशभर के पर्यटन स्थलों पर ऐसे कई हादसे हो चुके हैं। हाल ही में बोकारो में ग्रामीणों ने दामोदर नदी में डूबते चार युवकों की जान बचाई, जो दामोदर नदी में स्नान करते हुए तेज़ बहाव में डूब गए थे। हर वर्ष ही बरसात के मौसम में सैर सपाटे के निकले लोगों के साथ ऐसी दुर्घटनाएं होतीं हैं। इन हादसों का सबसे दुखद पक्ष यह है कि कभी सुरक्षा नियमों की अनदेखी तो कभी अति-आत्मविश्वास के चलते लोगों का जीवन छिन जाता है। तकलीफदेह है कि बरसात के सुहावने मौसम में सैर-सपाटा करते लोग अपनी जान को जोखिम में डालने की गलती करते हैं। इस मौसम में बांध, नदी, झरने वाली जगहों पर ही पर्यटक जाना पसंद करते हैं। ऐसे अधिकतर स्थल आबादी वाली जगहों से दूर होते हैं, जिसके चलते समय पर बचाव दल का पहुंचना भी कठिन होता है। इतना ही नहीं बारिश में ऐसी जगहों पर अचानक पानी का बहाव तेज़ होने की भी संभावना रहती है। कहां और किस तरह दुर्घटना हो जाए यह समझना कठिन होता है। कहीं चट्टान वाली जगह पर फिसलन की आशंका रहती है तो कहीं पानी की गहराई की जानकारी नहीं होती। अचानक तेज वर्षा होने पर कई स्थलों का पानी का बहाव रौद्र रूप ले लेता है। लोनावला में भुशी बांध पर हुए हादसे में पूरा परिवार यूं झरने के पानी की तेज गति की ही अपने चपेट में आ गया। ध्यातव्य है कि अधिकतर मामलों में लोग भारी बरसात के अलर्ट, दुर्घटना स्थल से जुड़ी चेतावनियों और पर्यटन स्थल पर सुरक्षा को लेकर जारी नियमावली को भी नहीं मानते। पहाड़ी क्षेत्र हो या नदी-समुद्र जोखिमपूर्ण हिस्सों में भी पहुंच जाते हैं, जबकि प्रशासनिक अमले द्वारा समय-समय पर मानसून के मौसम में सैर सपाटे के दौरान ऐहतियात बरतने की सलाह दी जाती है। सैलानियों की सुरक्षा के लिए ऐसे स्थलों पर सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देशों वाले बोर्ड लगाए जाते हैं। कई स्थलों को प्रतिबंधित घोषित किया जाता है। बावजूद इसके पर्यटक स्थलों पर न केवल सतर्कता की कमी ही देखने को मिलती है, बल्कि नियमों की अनदेखी की जाती है। हालिया बरसों में वर्चुअल दुनिया का दिखावा भी पर्यटन स्थलों पर होने वाले हादसे का कारण बना है। रील-वीडियो बनाने, विशेष तरह की तस्वीरें खींचने और अजब-गजब करतब करने के इरादे से की गई गतिविधियां दुर्घटनाओं को न्योता देने वाली साबित होती हैं। बीते दिनों गुजरात के कच्छ में मुंद्रा समुद्र तट पर इंस्टाग्राम रील्स के लिए स्टंट के करने के लिए समुद्र में उतारी दो गाड़ियों को पानी के तेज़ बहाव ने डुबो ही दिया था कि लोगों की मदद से उनकी जिंदगी बच सकी। इन्हीं दिनों बिहार के समस्तीपुर में रील बनाने के जुनून में बूढ़ी गंडक नदी में डूबने से तीन किशोरों की जान चली गई है। यह वाकई पीड़ादायी है कि आभासी दुनिया में विशेष उपस्थिति दर्ज करवाने के फेर में भी ऐसे हादसे हो रहे हैं, जबकि इन्हीं तकनीकी सुविधाओं का इस्तेमाल मौसम की सही जानकारी लेने के लिए भी किया जा सकता है। इस तरह की दुर्घटनाओं पर सजगता से ही लगाम लग सकती है। नियमों का पालन और सैर-सपाटे के समय भी अनुशासन का भाव ही जीवन सहेज सकता है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ब्रिटेन में कसे जाएं खालिस्तानी



दरकार

आर.के. सिन्हा

**भारत को ब्रिटेन की नई सरकार से यह भी उम्मीद रहेगी कि पिछले साल भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के लिए जिम्मेदार तत्वों पर अब कठोर एक्शन लिया जाए। ऋषि सुनक सरकार ने भी खालिस्तान समर्थक संगठनों पर चाबुक चलानी शुरू कर दी थी। ये संगठन ब्रिटेन में बैठकर भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाने की साजिश में लगे हुए हैं। इन संगठनों में इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन वगैरह शामिल हैं। खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई गई एसटीएफ ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते सील किए हैं। भारत-ब्रिटेन संबंधों में बेहतरी तभी आएगी, जब वहां खालिस्तानी समर्थक कसे जाएंगे।**

ब्रिटेन के हालिया चुनावों में लेबर पार्टी की महत्वपूर्ण जीत से साबित हो गया कि ब्रिटेन की राजनीति में भारतीय प्रवासी समाज की भूमिका बेहद खास है। ब्रिटेन के चुनाव परिणाम यह बताते हैं कि वहां की राजनीति में भारतीय प्रवासियों की ताकत बढ़ती ही जा रही है। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सहित 26 भारतीय मूल के नेता नई संसद के लिए चुने गए हैं। सुनक ने उत्तरी इंग्लैंड में रिचमंड एवं नॉर्थलेरटन सीट पर 23,059 वोट के अंतर के साथ दोबारा जीत हासिल की। सुनक की पार्टी की शिवानी राजा ने लीजेस्टर ईस्ट की सीट जीत ली है। लीजेस्टर ईस्ट की लड़ाई में कई दिग्गज शामिल थे, जिनमें पूर्व सांसद क्लाउड वेबे और कीथ वाज शामिल थे, जिन्होंने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा था। कीथ वाज भी भारतीय मूल के ही हैं। वे पहले भी संसद के सदस्य रहे हैं। शिवानी राजा शिक्षा की दुनिया से जुड़ी हुई हैं। वो लंबे समय से कंजरवेटिव पार्टी की एक्टिविस्ट हैं। भारत में जन्मे कनिष्क नारायण पूर्व वेल्स की सीट से जीत गए हैं। वे भी कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवार थे। बिहार के मुजफ्फरपुर के मूल निवासी कनिष्क नारायण 12 साल की उम्र में ब्रिटेन आ गए थे। उन्होंने ऑक्सफोर्ड और फिर स्टैनफोर्ड में पढ़ाई की। भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन ने फेयरहैम और वाटरलूविल सीट जीती है। उनके पिता गोवा के और मां तमिल मूल की हैं। पंजाबी हिन्दू परिवार से संबंध रखने वाले गगन मोहिन्दर फिर से साउथ-वेस्ट हर्टफोर्डशायर सीट से चुनाव जीत गए हैं। निवर्तमान संसद के सदस्य नवेंदु मिश्र लेबर पार्टी की टिकट पर स्टॉकपोर्ट सीट से कामयाब रहे हैं। वो मूलतः कानपुर से हैं। ब्रिटेन की निवर्तमान संसद में भी 15 भारतीय मूल के सांसद थे। ब्रिटेन के आम चुनाव 2024 में, कुल 107 ब्रिटिश-भारतीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे। भारत-ब्रिटेन संबंधों को देखा जाए तो इसके प्रमुख रूप से पांच आयाम हैं। ब्रिटेन भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है, जबकि भारत भी ब्रिटेन में नई परियोजनाएं शुरू करने के मामले में तीसरा सबसे बड़ा देश है। भारत के लिए ब्रिटेन एक महत्वपूर्ण आयातक देश है। हालांकि यह भारत को बहुत बड़ी मात्रा में निर्यात भी करता रहा है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में भारत की कंपनियों की भी बड़ी अहम भूमिका है। भारतीयों की स्वामित्व वाली 700 से ज़्यादा कंपनियों ने ब्रिटेन में 1 लाख से ज़्यादा लोगों को रोज़गार भी दिया हुआ है। टाटा ग्रुप की ही कंपनियों ने ब्रिटेन में हज़ारों लोगों को रोज़गार दिया हुआ है। वहां हिन्दुजा, लक्ष्मी मित्तल, स्वराज पॉल जैसे बहुत सारे बड़े उद्योगपति रहते स्थायी रूप से रहकर ही देश-विदेश में अपना काम कर रहे हैं। इसके अलावा भारत के हज़ारों छात्र ब्रिटेन में पढ़ाई करने भी हर साल जाते हैं। हां, भारत के युवाओं में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी में पढ़ाई, नौकरी या निवेश करने का चलन भी बढ़ रहा है। भारत और ब्रिटेन के बीच 200 साल से भी अधिक का पुराना संबंध है। दोनों ही देश सांस्कृतिक संस्थानों और अंग्रेज़ी से माध्यम से जुड़े हैं। दोनों देशों के आपसी संबंधों को मज़बूत रखने में ब्रिटेन में रहने वाले करीब 15




लाख प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका है। ये प्रवासी भारतीय न केवल ब्रिटेन और भारत के बीच एक मजबूत पुल का काम कर रहे हैं, बल्कि इन्होंने भारत की संस्कृति से ब्रिटेन को संपन्न भी किया है। प्रवासी भारतीय ब्रिटेन में हर क्षेत्र में प्रभावशाली रूप से मौजूद हैं। अब चाहे वो व्यापार, राजनीति, खेल का क्षेत्र हो या कोई और इन्होंने सभी क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण मुक़ाम हासिल किया है।

भारत को ब्रिटेन की नई सरकार से यह भी उम्मीद रहेगी कि पिछले साल भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के लिए जिम्मेदार तत्वों पर अब कठोर एक्शन लिया जाए। ऋषि सुनक सरकार ने भी खालिस्तान समर्थक संगठनों पर चाबुक चलानी शुरू कर दी थी। ये संगठन ब्रिटेन में बैठकर भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाने की साजिश में लगे हुए हैं। इन संगठनों में इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन, खालसा टेलीविजन लिमिटेड, खालिस्तानी टेलीविजन चैनल वगैरह शामिल हैं। ब्रिटेन में खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई गई स्पेशल टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते सील करके 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जब्त की है। भारत-ब्रिटेन संबंधों में बेहतरी तभी आएगी, जब वहां खालिस्तानी समर्थक कसे जाएंगे। अब भारत-ब्रिटेन का यह लक्ष्य रहेगा कि दोनों देश व्यापार, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा में सहयोग बढ़ाएं। पिछली 4 जुलाई को ब्रिटेन में हुए संसदीय चुनावों के परिणाम व्यापक रूप से अपेक्षित थे। कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी को 34 फीसदी वोटों के साथ हाउस ऑफ कॉमन्स में 650 सीटों में से 410 सीटों पर जीत मिली। वे अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनकी भी भारतीय सनातनी परम्पराओं में गहरी आस्था है और वे नियमित रूप से हिन्दू मंदिरों में जाते रहे हैं। हालिया चुनाव परिणाम भारत-ब्रिटेन संबंधों के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों ही प्रस्तुत करते हैं, जो पिछले दो दशकों में लगातार मजबूत होते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से बात की और उन्हें पीएम चुने जाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने विगत शनिवार को ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री से बात करते हुए उन्हें लेबर पार्टी की उल्लेखनीय जीत पर बधाई दी। बातचीत में दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री को मोदी ने भारत आने का निमंत्रण भी दिया। दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए को जल्द फाइनल करने की दिशा में काम करने पर भी सहमति जताई। भारत और ब्रिटेन के बीच आपसी संबंध मजबूत करने के लिहाज से एफटीए का काफी महत्व है। इस मुद्दे पर आगे बढ़ने के लिए दोनों ही देश कोशिशें कर रहे हैं। इस बाबत वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल गंभीरता से प्रयास करते रहे हैं। प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते में कुल 26 अध्याय हैं, जिनमें से अधिकतर पर आपसी सहमति बन गई है। अगर एफटीए हो जाता है तो इससे दोनों देशों में आर्थिक विकास और रोजगार के मौके को बढ़ावा मिलेगा। अभी ब्रिटेन के साथ भारत का जो द्विपक्षीय व्यापार है, वो भारत के पक्ष में ही थोड़ा झुका है। यानी भारत आयात के मुकाबले ब्रिटेन को निर्यात ज्यादा करता है। हालांकि आयात-निर्यात के बीच का यह अंतर बहुत ज्यादा नहीं है। भविष्य में भारत-ब्रिटेन के साथ संबंधों में लगातार बेहतरी की उम्मीद की जा सकती है। भारत चाहेगा कि नई सरकार ब्रिटेन में भारत विरोधी तत्वों की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाए और पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद का मुकाबला करने में सहयोग करे। वैसे ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री का कश्मीर पर रुख जग-जाहिर है। वे कश्मीर विवाद को पूर्णतः भारत का अंदरूनी मामला मानते हैं और कश्मीर में किसी भी तरह के पाकिस्तानी हस्तक्षेप के सख्त खिलाफ हैं।

(लेखक पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# सत्य के प्रति जागने में है 'जीवन की महत्ता'



संकलित

**दर्शन**

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं, इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है। परमात्मा प्रदत्त यह काया क्षणभंगुर है, पर इसके अंदर स्थित आत्मा अविनाशी है।

# गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित

**प्रेरणा**

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे, परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिए। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरुजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महीनों से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूं, पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया-राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है। गुरुजी ने कहा-राजन बात बहुत छोटी है, परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं, परंतु यहां पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है। गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परंतु आप स्वंय ऊंचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## सटाका




## आज की पाती

### बेरोजगारों को मिले मौका

हमारे देश में बढ़ती जनसंख्या और आधुनिक तकनीक ने बेरोजगारी की समस्या के जख्मों पर नमक लगाने का काम किया है। इसलिए अब सरकारों को ऐसी नीतियों को अपने वोट बैंक के लिए लगाम कसने की जरूरत है जो बेरोजगारी को बढ़ाती हों। हर कदम सोच समझकर उठाने की जरूरत है, ताकि हर बेरोजगार को रोजगार मिल सके। सरकारी नौकरी में रिटायरमेंट के बाद सेवा विस्तार नहीं देना चाहिए, ताकि बेरोजगार युवाओं को नौकरी का मौका मिल सके। अगर कोई सरकारी कर्मचारी एसोसिएशन या एक कर्मचारी भी रिटायरमेंट के बाद सेवा विस्तार की मांग करता है तो उन्हें इस पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि क्या इससे उनके बच्चों को सरकारी नौकरी मिल पाएगी? शायद नहीं। - **संजय पटेल**, भाटापारा

## करंट अफेयर

# यूएई में एक सड़क भारतीय मूल के डॉक्टर के नाम पर




संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में एक सड़क का नाम भारतीय मूल के 84 वर्षीय डॉक्टर के नाम पर रखा गया है। यह देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति श्रद्धांजलि है। नगर पालिका और परिवहन विभाग (डीएमटी) ने डॉ. जॉर्ज मैथ्यू के योगदान को मान्यता देने के लिए अबू धाबी में एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा है। यह नाम, "यूएई के दूरदर्शी लोगों का सम्मान : स्मृति मार्ग" परियोजना के तहत दिया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य उन व्यक्तियों को सम्मानित करना है जिन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अल मफराक में शेख शाकबूथ मेडिकल सिटी के पास की सड़क अब 'जॉर्ज मैथ्यू स्ट्रीट' के नाम से जानी जाएगी। अपनी यात्रा के बारे में बताते हुए डॉ. मैथ्यू ने कहा, "जब मैं पहली बार यूएई पहुंचा था, तब बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा था। राष्ट्रपिता दिवंगत शेख जायद बिन सुल्तान अल नाहयान से प्रेरित होकर मैंने लोगों की मदद करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया। मैं बहुत आभारी हूं कि मेरे प्रयासों को मान्यता मिली है।" डॉ. मैथ्यू 1967 में 26 वर्ष की आयु में संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे।

## ऑफ बीट

# चार दिन का सप्ताह हो सकता है कारगर

सप्ताह में पांच दिन काम करने वाले कई लोगों को यह एक सपने जैसा लग सकता है कि केवल चार दिन काम और एक लंबा सप्ताहांत। जब सप्ताहांत बहुत छोटा लगता है और पूर्णकालिक नौकरी को बचाने का दबाव श्रमिकों को सिरे तक धकेल देता है, तो चार-दिवसीय कार्य सप्ताह बहुत आकर्षक लग सकता है। हालाँकि व्यवहार में ऐसा कैसे होता है, और क्या यह आम बात बन सकती है? खैर, चार-दिवसीय कार्य सप्ताह परीक्षणों के बारे में हालिया खबरें अलग-अलग परिणाम दिखाती हैं। यूके में सबसे बड़े परीक्षण (जिसमें 60 से अधिक कंपनियां और लगभग 3,000 कर्मचारी शामिल थे) के नतीजों से पता चला कि 89% भाग लेने वाली कंपनियां अभी भी चार-दिवसीय सप्ताह लागू कर रही हैं, और 51% ने इसे स्थायी बनाने का फैसला किया है। अध्ययन से पता चलता है कि इस नयी व्यवस्था से कर्मचारियों की थकान में कमी आई और कम लोग नौकरी छोड़ रहे हैं, जो अन्य अध्ययनों के अनुरूप है। कुछ दिन पहले, सुपरमार्केट श्रृंखला एस्डा ने इसे जारी न रखने का निर्णय लेते हुए, चार-दिवसीय कार्य सप्ताह के साथ अपना स्वयं का प्रयोग समाप्त किया। लेकिन साथ ही, साउथ कैंब्रिजशायर काउंसिल ने अपने परीक्षण को सफल घोषित किया है, जिसमें 450 डेस्क कर्मचारी और कचरा संग्रहकर्ता शामिल थे।




## ट्रेंड

### नीतियों को समावेशी बना रहे



वर्ष 2016 में हमने परिवार विकास मिशन आरंभ किया था। हमें अत्यंत प्रसन्नता है कि आज हमारी इस शुरुआत के सकारात्मक परिणाम आए हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के लिए हम अपनी नीतियों को लगातार अधिक समावेशी और प्रभावी बना रहे हैं।

-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री

### मानवाधिकारों के लिए अहम



लैंगिक समानता हासिल करना लोगों के मानवाधिकारों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। वे तेजी से विकास या गिरावट जैसे सबसे चरम जनसांख्यिकीय परिणामों का मुकाबला करने में मदद कर सकते हैं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### सत्य की जीत



झूठे केस लगाकर सच को कब तक क़ैद में रखोगे। पूरा देश आपकी तानाशाही को देख रहा है। सुप्रीम कोर्ट मानते हैं कि केजरीवाल को ईडी ने झूठा फंसाया है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला सत्य की जीत है।

-संजय सिंह, आप नेता

### जैव विविधता पार्क बनाया



हमने पुणे में संरक्षण के लिए एक बंजर भूमि से उड़ान जैव विविधता पार्क बनाया है! दुर्लभ शिव सुमन पौधा, जो एक समय गंभीर रूप से लुप्तप्राय था, वापस लौट रहा है। ब्लू मॉर्मन (तितली) भी यहां पनपती है!

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**खबर संक्षेप**

## शांति समिति बैठक संपन्न



**ढ़ीमरखेड़ा।** शांति समिति की बैठक आयोजन ढ़ीमरखेड़ा थाना प्रांगण में किया गया। बैठक में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित होकर अपनी-अपने विचार, सलाह व सुझाव दिए। मुस्लिम समुदाय के नागरिकों ने बताया कि त्योहार 16 एवं 17 तारीख को आयोजित किया जाएगा जिसमें वर्तमान में चल रही बिजली की समस्याओं क्षेत्र में बनी हुई है और त्योहार रात्रि में ही मनाया जाएगा इस कारण से बिजली की व्यवस्था ठीक नहीं है विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कहा कि विद्युत व्यवस्था ठीक रहेगी। थाना प्रभारी ने सभी उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की बात कही किसी भी तरह के विवाद एवं लड़ाई झगड़े से दूर रहें और अपना ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकाले तथा ताजिया जुलूस से आवागवन पर किसी भी तरह जाम की स्थिति निर्मित ना हो सके।

## साक्षी एवं रूचि को मिली फीस वापस

**कटनी।** पैरामेडिकल कॉलेज की फीस वापस लेने हेतु जनसुनवाई के दौरान आवेदिका माया दुबे द्वारा कलेक्टर अवि प्रसाद को दिए गए आवेदन को त्वरित संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर द्वारा मुख्य सीएमएचओ आर.के.आठ्या को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ द्वारा अग्रिम कार्यवाही करते हुए महावीर पैरामेडिकल कॉलेज को शिकायती आवेदन के संबंध में समक्ष में उपस्थित होकर अपना कथन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित गया। जिस पर महावीर पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि कॉलेज द्वारा साक्षी दुबे एवं रूचि गुप्ता का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जाकर आवेदिक माया दुबे को फीस वापस कर दी गई है।

## खेत में करंट से किसान की हुई मौत



**कटनी।** माधव नगर थाना अंतर्गत निवार चौकी के बंडा गांव खेत में पानी लगाने के दौरान किसान की करंट से मौत हो गई। घटना के बााद ग्राम में शोक की लहर छा गई। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बंडा निवासी रामहित पिता राम विश्वास 52 वर्ष, अपने खेत में कार्य कर रहें थे। इसी दौरान उन्हें खेत में करंट लग गया। परिजन जब खेत पहुंचे तो रामहित बेहोशी की हालत में खेत में पड़े हुए थे। परिजनों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुँचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भेजा, खेत में करंट लगने की घटना को जांच में लिया

### गुलवारा के नगर वन में रोपे गए ढ़ाई हजार पौधे, विधायक, कलेक्टर व डीएफओ ने भी किया पौधारोपण

# धरती हमारी मां है, सब मिलकर पौधों से करें श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शहर से लगे गुलवारा गांव में तैयार किया जा रहा नगर वन सिटी फारेस्ट शुक्रवार को ढाई हजार पौधों के रोपण का साक्षी बना। यहां उत्सवी माहौल में जिला प्रशासन और वन विभाग द्वारा सघन पौधारोपण किया गया।

पौधारोपण के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद ने कहा कि कोरोना काल में प्रत्येक व्यक्ति ने ऑक्सीजन की कमी को महसूस किया है। पौधे लगाकर आप और हम धरती को हरा भरा कर पुण्य कार्य भी कर रहे हैं। पौधा लगाने के साथ महत्वपूर्ण यह भी है कि हम उसे बड़ा करने के लिए अपने बच्चे भी भांति उसकी देखभाल करे। प्रत्येक व्यक्ति पौधरोपण करें और जो पौधे रोपे गए हैं उनकी देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाएं।

नगर वन में शुक्रवार को फलदार, छायादार और औषधीय प्रजातियों के विभिन्न पौधे रोपे गए। जिसमें आम, आंवला, नीम, करंज, शीशम, हर्रा, बहेरा, पीपल, बरगद, कचनार आदि के पौधे शामिल हैं।





विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि आज का दिन विशेष है, ईश्वर का दूसरा रूप प्रकृति है। बढ़ती गर्मी प्रकृति की अनदेखी की ही परिणिति है। पौधारोपण से पर्यावरण संरक्षण के साथ फल और छाया भी मिलता है। उन्होनें कहा कि यहां छात्राओं की स्टडी से संबंधित पौधों का भी रोपण होना चाहिए ताकि वनस्पति विज्ञान के विषय की पढ़ाई करने में छात्राओं को इससे मदद मिल सके। उन्होंने आने वालीं पीढ़ी के भविष्य के नजरिये से पौधारोपण को जरूरी बताते हुए कहा कि शासकीय गर्ल्स कॉलेज में भी पौधारोपण हो। रोपे गए पौधों की बेहतर देखभाल की जावे।

डीएफओ गौरव शर्मा ने बताया कि नगर वन कान्सैप्ट भारत सरकार के ग्रीन इंडिया मिशन का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। जिसके तहत गुलवारा में 20 हेक्टेयर भूमि में इस साल 15 हजार पौधे रोपे जायेंगे। उन्होंने बताया कि यहां मातृवन, नक्षत्र वन, राम-सीता वाटिका, स्मृति वन, मेडिशनल प्लांट के लिए वाटेनिकल गार्डन भी बनाया गया है। यहां शुक्रवार को करीब ढाई हजार पौधे लगाए गए। जल्दी ही एक सप्ताह के भीतर यहां 15 हजार पौधे लगा दिए जायेंगे।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर वन में हुये पौधारोपण के सामाजिक अनुष्ठान में समाज के सभी वर्गों ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता निभाई। पौधारोपण के दौरान विधायक संदीप जायसवाल, ए.डी.जे जिला न्यायालय, कलेक्टर अवि प्रसाद, वन मंडलाधिकारी गौरव शर्मा सहित स्कूलों के छात्र छात्राओं सहित शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं एवं सामाजिक संगठनों व संस्थाओं ने यहां पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और वानिकीकरण के पुण्य कार्य में भागीदार बनें।

**राहगीरों को न कराना पड़े परेशानियो का सामना, दिए निर्देश**

# शहर की सड़कों में मौजूद गड्ढों की तत्काल कराई जावे मरम्मत-महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरसात के सीजन में अक्सर देखने में आता है कि भारी वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क में गड्ढे बन जाते हैं। जिससे राहगीरों को आने-जाने में असुविधा का सामना करना पड़ता है। बरसात में लोगों को आवागमन में हो रही समस्या को देखते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी ने गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

सड़कों की मरम्मत कराए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देश देते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि शहर के मुख्य मार्गों में बरसात के कारण जो भी गड्ढे उभर गए हैं, उनसे लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो इसका ख्याल रखते हुए तत्काल ही गड्ढों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाए। तथा समय-समय पर शहर का भ्रमण करके सड़कों और व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहें। उन्होंने अधिकारियों को



मरम्मत के कार्य जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

महापौर प्रीती संजीव सूरी ने कहा कि बारिश के दौरान लोगों को आवागमन करने में परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके लिए सड़कों में हुए गढ्ढों को प्रमुखता के आधार पर कार्य करने की आवश्यकता है। इस कार्य में लावरवाही तनिक भी बर्दाश्त नहीं की जावेगी। बारिश के दौरान सड़कों में हुए गड्ढे राहगीरों के लिए एक बड़ी समस्या हैं, इनकी वजह से दोपहिया वाहन चालकों के गिरने का भी खतरा बना रहता है। आमजनों को इस समस्या से राहत दिलाने में किसी भी प्रकार की कोई कसर नहीं होना चाहिए। मैन रोड से लेकर शहर की मुख्यमार्गो का निरीक्षण लगातार करने के निर्देश महापौर प्रीती संजीव सूरी ने अधिकारियों को देते हुए कहा कि जल्द से जल्द सड़कों को गढ्ढों से मुक्त कराया जावे। जहां जहां सीवर लाईन के लिए सड़कों में कार्य किया गया हैं वहां ठेकेदार जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत का कार्य पूर्ण करें। सड़क के मरम्मत कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जावे। महापौर ने ऐसे स्थानों की पहचान करने को कहा जहां सड़कें ज्यादा खराब है या बार-बार क्षतिग्रस्त होती हैं चयनित स्थानों पर मरम्मत कार्य शुरू कराया जावे।

### महापौर ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



मोहर्रम पर्व पर समुचित व्यवस्था करने को लेकर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित करबला शरीफ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने नगर निगम द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाएं समय पर कराये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। कर्बला स्थल में साफ सफाई ,पेयजल लाइटिंग,जुलूस मार्ग में गढ्ढे इत्यादि की मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए गये है । इस दौरान निगम अध्यक्ष मनीष पाठक,पार्षद सरला मिश्रा,बल्ली सोनी,अजरा शाहीन, संजय मिश्रा, तेजभान सिंह,मोना करेरा उपस्थित रहे।

# मोहर्रम पर्व पर समुचित व्यवस्था करने अपर कलेक्टर ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

मोहर्रम त्यौहार के मुख्य कार्यक्रम ताजिया जुलूस 16 जुलाई या 17 जुलाई को मनाया जावेगा। मोहर्रम पर्व को दृष्टिगत रखते हुए 17 जुलाई तक इस्लाम चौक, मौला चौक, सुभाष चौक, पूर्व कमानिया गेट, ईश्वरीपुरा वार्ड, अमीरगंज, श्याम मेडिकल, आजाद चौक, मिशन चौक, गाटर घाट कर्बला, मदन मोहन चौबे वार्ड एवं सागर रेलवे पुल के पास कर्बला में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अपर कलेक्टर ने दिए है।

अपर कलेक्टर द्वारा सागर रेलवे पुल के पास कर्बला के आसपास साफ-सफाई कराई कराने, जुलूस मार्गों के गड्ढों को भरवाते हुए मार्ग सुधार कार्य कराया जाए एवं ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव सहित उक्त स्थानों में पेयजल व्यवस्था हेतु पर्याप्त टैंकर रखे जाए तथा आवारा पशुओं की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी को निर्देशित किया है।

अपर कलेक्टर द्वारा मोहर्रम त्यौहार पर 16 एवं 17 जून को ताजिया जुलूस को दृष्टिगत रखते हुये विद्युत तारों, टेलीफोन तारों को समुचित ऊंचाई पर समय से पूर्व व्यवस्थित करने,किसी भी असुविधा की स्थिति निराकरण हेतु अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने तथा नियुक्त अधिकारी, कर्मचारियों की जानकारी दूरभाष क्रमांक सहित प्रकाशित कराने के निर्देश तथा म.प्र. विद्युत विभाग व कार्यालय प्रमुख बी.एस.एन.एल. विभाग को दिए है। मोहर्रम के आयोजित में अत्यधिक भीड़ एवं जुलूस में व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त महिला, पुरुष पुलिस बल, अन्य कर्मचारियों की व्यवस्था, यातायात की समुचित व्यवस्था, त्यौहार में ताजिया विसर्जन हेतु घाटों में समुचित व्यवस्था करने निर्देशित किया गया है। मोहर्रम पर्व पर आयोजित कार्यक्रम अनुसार चिन्हित स्थानों में चिकित्सक मय दवाईया व स्टाफ सहित पृथक-पृथक एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाए साथ ही जिला चिकित्सालय में 24 घंटे हेतु चिकित्सक की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया, ग्रामीण क्षेत्रों में भी कार्यक्रमों में पृथक से संबंधित प्रशासन की सहायता से समुचित व्यवस्थाएं करने निर्देश जारी किए।

# कोदो व कुटकी की प्रोसेसिंग के लिए दी जावे ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय कृषि विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया l जिसमें 42 सदस्यों ने भाग लिया l कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ डीपी शर्मा, संचालक विस्तार सेवाएं, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा की गई। कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशम्पायन के नेतृत्व में किया गया l इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, संचालक विस्तार सेवाएं के तकनीकी अधिकारी वैज्ञानिक डॉ पीके गुप्ता एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ आरपी बेन, डॉ केपी द्विवेदी व संदीप चंद्रवंशी उपस्थित थे। कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, महिला एवं बाल



विकास विभाग बीज निगम एनजीओ के अधिकारी एवं कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं के साथ जिले के प्रगतिशील कृषकों ने कार्यक्रम में विभिन्न कृषि तकनीकी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अर्पिता श्रीवास्तव ने रबी 2023-24 की प्रगति एवं खरीफ 2025 की कार्य योजना को प्रस्तुत किया। जिसको कृषि विश्वविद्यालय के संचालक विस्तार सेवाएं डॉ डीपी शर्मा ने अवलोकन किया एवं विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने सुझाव दिए। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ डीपी शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना की और सुझाव दिए कि कृषि विज्ञान केंद्र और अच्छे से काम करें एवं कोदो और कुटकी के प्रोसेसिंग की ट्रेनिंग और मार्केटिंग की व्यवस्था की जाए ,कड़कनाथ की मार्केटिंग एवं ट्रेनिंग दी जाए। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय द्वारा उत्पादित जैव उर्वरक को कृषि विज्ञान केंद्र में विक्रय हेतु उपलब्ध करवाए जाएं कार्यक्रम अध्यक्ष के संचालक विस्तार सेवाएं डॉ डी पी शर्मा ने एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया l इस कार्यक्रम के तहत 350 पौधों का वृक्षारोपण केंद्र में किया गया साथ ही सभी सदस्यों ने केंद्र में बोई गई खरीफ फसलों के अवलोकन हेतु प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ आर पी बेन ने किया एवं कार्यक्रम में शामिल हुए सदस्यों का धन्यवाद डॉ के पी द्विवेदी द्वारा किया गया।

### टमाटर ने दिखाए अपने लाल तेवर, आलू-प्याज भी जा रहे किचन से बाहर

# महंगी हुई सब्जियां, 20 दिनों में दो से तीन गुना तक बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बारिश के चलते लगातार सब्जियां महंगी हो रही हैं। टमाटर के दाम 80 रुपये प्रति हो गए हैं, तो वहीं आलू भी 40 रूपए पर पहुंच गय है वहीं प्याज ने भी अर्धतकम मार लिया है। इसके साथ ही अन्य सब्जियां भी 80 से 100 रूपए किलो बिक रही हैं। सब्जियों के दाम पिछले 20 दिनों से लगातार बढ़ते जा रहे हैं जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है।

बारिश के सीजन का सबसे ज्यादा असर सब्जियों के दाम में देखना को मिल रहा है। बारिश का सीजन शुरू होने के साथ ही स्थानीय किसानों के खेतों से निकलने वाली सब्जी की आवक कम हो गई है, जिसका सीधा असर सब्जियों की कीमत पर पड़ रहा है. महंगी हो रही सब्जियां आम नागरिक के लिए परेशानी बढ़ा रही हैं। यहां गरीब व मध्यम वर्ग की थाली से धीरे-धीरे सब्जियां कम होती जा रही हैं। लगातार बढ़ रहे सब्जियों के दाम ने किचन का बजट तो बिगाड़ ही रखा है, साथ



ही वैवाहिक कार्यक्रमों में भी इसका असर देखा जा रहा है।

**बारिश में टमाटर और भी लाल**

महंगाई का सबसे ज्यादा असर टमाटर पर देखने को मिला है। गरीब और मध्यम तबके की थालियों से सब्जी का स्वाद बढ़ाने वाला टमाटर अब अलग होता जा रहा है। अगर बात लौकी, तोरई और भिंडी की किया जाए तो यह भी अर्धसतक लागाने की कगार पर हैं। करेला 80 रूपए तो शिमला मिर्च 100 रूपए तक पहुंच गई है। खाने की थाली के राजा आलू भी 40 रूपए पर पहुंच गया है वहीं प्याज भी आंखों से आंसू नकालने के साथ ही जेब पर भी भारी पड़ रहा है। इसके साथ ही बाकी सभी सब्जियां 40 रुपये या इससे अधिक कीमत में बिक रही हैं। आधे महीने पहले करीब 40 रुपये प्रति किलो के दाम से बिकने वाला टमाटर वर्तमान में दो गुना बढ़त बनाकर 80 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है।

सब्जी विक्रेताओं की माने तो आने वाले समय में टमाटर, आलू के साथ साथ हरी सब्जियों के दाम और बढ़ सकते हैं। आपके आसपास की दुकानों या सब्जी के ठेलों पर ही नहीं, थोक सब्जी मंडी में भी यही हाल है। एक बार फिर से साग-सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। कारोबारियों का कहना है कि बारिश कम होने के चलते कई जगह फसल खराब हुई है। इसकी वजह से दामों में तेजी आई है। सब्जियों के दाम बढ़ने की मुख्य वजह बारिश कम होना बताई जा रही है। सब्जी बताया जाता है कि बारिश कम होने के चलते फसल खराब हुई हैं। जिसका असर हरी सब्जियों के दामों पर पड़ा है। रिटेल बाजार में इन दिनों हरी मिर्च, धनिया, अदरक और लहसुन के दाम में भी बढ़ोतरी हुई है। सब्जी कारोबारी बताते हैं कि धनिया का रेट 200 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। एक महीने पहले तक धनिया 100 से 150 रुपये किलो बिक रही थी। वहीं लहसुन भी 300 रुपये प्रति किलो के रेट पर पहुंच गया है। लहसुन में भी तेजी आई है।

# जनपरिषद ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनपरिषद संस्था ने शुक्रवार को सरकार के पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखने के अभियान एक पेड़ मां के नाम...में अपना योगदान दिया। तिलक कॉलेज के पास संस्था के सदस्यों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर विभिन्न प्रजातियों के अनेक पौधे रोपे गए। जनपरिषद के चेयरमैन पूर्व डीजीपी एसके त्रिपाठी एवं संयोजक रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में दोनों विंगों ने संयुक्त आयोजन कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। पौधा रोपण में मनोज बर्मन एवं श्रीमती रीता बर्मन के विशेष सहयोग से संस्था के सदस्यों ने पौधे रोपकर शासन के अभियान में भी एक कदम साथ बढ़ाया। कार्यक्रम में वूमन विंग की राष्ट्रीय सचिव शिल्पी सोनी, कटनी चैप्टर के अध्यक्ष एवं प्रान्तीय सचिव राजेश श्रीवास्तव प्रखर, प्रान्तीय उपाध्यक्ष आशीष सोनी, प्रान्तीय सह सचिव अजय खरे पंकज, वूमन विंग की नीलम जगवानी, मंजूषा गौतम, आशीष पटेल, श्रीमती गीतांजलि श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों की मौजूदगी रही। सभी ने प्रकृति को हरा भरा बनाने वृक्षारोपण अभियान को जन जन तक पहुंचाने और आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## एक वर्षीय सेवा कालीन हेतु आवेदन 15 तक

**कटनी।** स्कूल शिक्षा विभाग में एक वर्षीय सेवाकालीन प्रशिक्षण (अंग्रेजी भाषा) प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण राज्य शिक्षा केन्द्र के अंतर्गत संचालित आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान (इंग्लिश लैंग्वेज टीचिंग इंस्टीट्यूट) में दिया जाएगा। यह पाठ्यक्रम बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों से प्रशिक्षण के लिये आवेदन आमंत्रित किये हैं। आवेदन 15 जुलाई तक जमा कराये जा सकते हैं।

## चाबी ना देने पर फांसी पर लटक रहा था युवक

**कटनी।** माधव नगर थाना अंतर्गत एक युवक अपनी पत्नी द्वारा घर की चाबी न देने के कारण नाराज था और इसी के चलते वह फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने जा रहा था। जिसकी जानकारी पुलिस को लगत ही पुलिस के प्रयासों से युवक को फांसी लगाने के पहले ही बचा लिया गया। इस सराहनीय प्रयास के लिए माधवनगर थाना से निरीक्षक अनूप सिंह और आरक्षक भानू प्रकाश पांडेय, बृज किशोर की नेतृत्व क्षमता और समय पर की गई कार्यवाही ने एक कीमती जीवन को बचा लिया।

## कलचुरी में लोक निर्माण मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक

# रीजनल इंडस्ट्री कांक्लेव को सफल बनाने के लिये एकजुट हुये शहरवासी

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव जबलपुर -2024 की तैयारियों को लेकर होटल कल्चुरी में बैठक आयोजित की। बैठक में मंत्री सिंह ने महाकौशल क्षेत्र में औद्योगिक विकास की संभावनाएं, आवश्यकता, तैयारियों, कार्ययोजना के संबंध में विभिन्न तथ्यों पर गंभीरता से चर्चा कर कॉनक्लेव को सफल बनाने के लिये कहा गया। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि सकरात्मक सोच के साथ निवेश को आकर्षित करने के लिये व्यवहारिक पक्ष पर ज्यादा यान दें। कभी जबलपुर एक बड़ा गांव हुआ करता था, लेकिन अब यहां बड़ा परिवर्तन दिखाई दे रहा है। जबलपुर महानगर का रूप ले रहा है, धीरे-धीरे औद्योगिक विकास की ओर बढ़ रहा है। यहां हवाई सेवाएW, आईटी पार्प, रिंग रोड जैसी सुविधाएं एक सकारात्मक सोच के कारण हुआ है। यह रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश में समग्र औद्योगिक विकास को दृष्टिगत रखते हुये आयोजित की जा रही है। आने वाले समय में पर्यटन की दृष्टि से यह क्षेत्र काफी विकसित होगा। उन्होंने छोटे-बड़े उद्योगों में चर्चा करते हुये कहा कि मटर हमारी ताकत है। अतः इस ताकत को समझना चाहिए और निजी क्षेत्र को इस दिशा में आगे आना चाहिए। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बहुत ही उत्सुक हैं कि इस कॉनक्लेव के माध्यम से महाकौशल में इंवेस्ट बढे, उद्योगों की स्थापना हो और रोजगार के अवसर बढ़े। महाकौशल क्षेत्र में अन्य क्षेत्रों की तुलना में औद्योगिक विकास की पृष्ठ भूमि अलग है, अतः इस पृष्ठ भूमि को समझें, संभावनाओं को तलाशे और निवेश को प्रोत्साहित करें। यदि यह सभी व्यवहारिक व सकारात्मक सोच से उपयुक्त है तो निश्चित ही इस इंडस्ट्री कॉनक्लेव का फायदा प्रदेश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिये जो भी बेहतर हो सकता है, उस दिशा में प्रयास करें। यहां महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि महाकौशल में फिल्म इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया जाये। जिससे स्थानीय लोगों को मौका मिले, एयर टेक्सी से आस-पास के नेशनल पार्प व टूरिज्म प्लेस को जोड़ा जाये, मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर भविष्य में मिलेट के निर्यात की दिशा में कार्य किया जाये। इसी के साथ उन्होंने बहुत से संभावनाओं पर चर्चा कर कॉनक्लेव को सफल बनाने को कहा। विधायक विश्नोई ने स्पोर्ट्स का बड़ा सेंटर बनाने, गारमेंट इंडस्ट्री को एसएसजी से लिंक करने, टूरिज्म हब बनाने, होजरी यूनिट लगाने के साथ मटर प्रोसेसिंग को वास्तविक धरातल में साकार करने पर बल दिया।विधायक अभिलाष पांडे ने कहा कि कॉनक्लेव की समुचित तैयारी ऐसी करें जिससे परिणाम सुखद हो और विंध्य व महाकौशल सहित अन्य क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल सके। विधायक नीरज सिंह ने फिल्म इंडस्ट्री और टूरिज्म को बढ़ावा देने पर जोर दिया। विधायक रोहाणी ने खनिज संसाधनों के समुचित उपयोग पर जोर देते हुये कहा कि क्षेत्र में कॉस्मेटिक प्लांट लगाने के लिये अनूकूल माहौल तैयार करें। विधायक संतोष बरकड़े ने कहा कि क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिये व्यवहारिक पक्ष को ध्यान में रखकर कार्ययोजना बनाये और निवेशकों को आमंत्रित करें। निवेशकों के आने से क्षेत्र में औद्योगिक विकास की संभावनाएं बढ़ेगी। उन्होंने इंडस्ट्री कॉनक्लेव को सफल बनाने के प्रयास पर जोर दिया।



### इन्होंने भी रखे विचार

इस दौरान उद्योग संघों के पदाधिकारी रवि गुप्ता, डीआर जेसवानी, डॉ. अर्चना भटनाकर, अनुराग जैन, दीपक जैन आदि ने इस रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव को सफल बनाने के लिये अपने सारगर्भित सुझाव दिये। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया, अखिलेश जैन, रिकुंज विज उपस्थित थे। वहीं संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा, कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीती यादव सहित संबंधित अधिकारी और उद्योग संघो के पदाधिकारी शामिल थे।



# अमरनाथ यात्रा से भक्तों की हुई वापसी, स्टेशन पर हुआ स्वागत

**जबलपुर।** बाबा अमरनाथ यात्रा पर 01 जुलाई को 125 लोगों का जाना हुआ था भगवान बाबा अमरनाथ के दर्शन के पश्चात 12 जुलाई को सुबह उनकी हुई वापसी, जिसमें जबलपुर स्टेशन पर उनके परिजनों और लोगों द्वारा उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत, प्रतिवर्ष 2004 से श्री शिव सेवक शाखा प्रमुख राज कुमार सिंगरहा के नेतृत्व में जबलपुर के शिवभक्तों को श्री अमरनाथ यात्रा करवाई जाती है, इस वर्ष यात्रा में मुख्य रूप से राज कुमार सिंगरहा, मुकेश सोनी, ब्रजेश शर्मा, सुनील पटेल, आशीष चौबे, सुमित चौहान, विवेक कछवाहा, अतितोष शर्मा, दिलीप गुहा, अनिल परदेशी, विजय गुप्ता, सूरज भान, चंद्रकला सोनी, शशि बघेल, अन्नपोर्णा सिंह, सविता रजक, आरती पुरोहित, नीता-मिटा डास, नेहा वैश्य, रीता प्रधान, अतुल पचौरी, मनोज पचौरी, विजय कुमार, संत राम, नरेश उपाध्याय, पंकज शर्मा, प्रदीप राय, मनीषकांत आशीष उपाध्याय, आशीष सोंधिया, विनय सिंह, संदीप अग्रवाल सहित 125 शिवभक्तों ने बाबा बर्फानी की पवित्र गुफा की यात्रा की।

# जैन महिला परिषद ने फलदार औषधि पौधों का रोपण किया

**जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद लॉर्डगंज शाखा (चंदना संभाग) के तत्वाधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जे.के. कान्वेंट स्कूल में औषधि पौधो का रोपण किया। अध्यक्ष श्रीमती पूजा विद्यार्थी ने बताया कि पेड़ लगाने से हमारा पर्यावरण शुद्ध होता है, ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है, एक पेड़ एक जीवन। पेड़ हमें शुद्ध हवा प्रदान करते हैं इसलिए पेड़ अधिक से अधिक लगाना चाहिए। कार्यक्रम में पर्यावरण प्रभारी रेखा जैन एवं वर्षा जैन का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर संभाग अध्यक्ष संध्या कौशल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ श्रीमती विमला जैन डॉक्टर श्रीमती कुसुम जैन, भूतपूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विजयलक्ष्मी, भूतपूर्व प्रांतीय सचिव निशा चौधरी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष मीना राज काकरी, प्रांतीय उपाध्यक्ष मंजुला जैन, प्रांतीय उपाध्यक्ष साधना बड़कुल, संध्या शांत, सुषमा सिटी, चंद्रप्रभा चित्रा जैन, सुषमा जैन पूर्व पार्षद, मंजुला शशि, प्रभा नीरा सिंघई, प्रेमलता जैन, सचिव मनीषा जैन, कोषाध्यक्ष रीता पन्नी, भूतपूर्व अध्यक्ष स्वाति जैन, अंजू पेड़ा आदि उपस्थित थे।



## मानकुंवरबाई महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय संगोष्ठी संपन्न

**जबलपुर।** शासकीय मानकुंवरबाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा 11 जुलाई विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उज्जवला खारपाटे के संरक्षण में तथा भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। विषय प्रवर्तन भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी ने किया। संगोष्ठी में डॉ. मनोज प्रियदर्शन, डॉ. इन्द्रसिंह बरकड़े, डॉ. ज्योति जाट, डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. शोभना पांडेय, डॉ. बसंती अग्रवाल, डॉ. हर्षा सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।

# एनएसयूआई ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कुलगुरू को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।**

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा एनएसयूआई पूर्व जिला अध्यक्ष सागर शुक्ला के नेतृत्व में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा एफआरसी से अधिक फीस वसूलने, कोड 28 के तहत प्राध्यापकों को नियुक्ति न किए जाने, संबद्धता के मापदंड पूरे किए बगैर शपथ पत्र में झूठे तथ्यों के आधार पर संबद्धता हासिल करने, विश्विद्यालय में मूल्यांकन कार्य में लापरवाही, छात्रों की शिकायत के निवारण हेतु एकीकृत शिकायत खिड़की सहित शोध प्रबंध हेतु आधुनिक लैब, कम्प्यूटर सेंटर आदि मांगों को लेकर कुलगुरु डॉ. राजेश कुमार वर्मा, कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा, डीएसडब्ल्यू डॉ. विवेक मिश्रा को संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा गया।



एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष सागर शुक्ला ने बताया की विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी अशासकीय और अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों मे संचालित किए जा रहे पाठ्यक्रमों मे फीस की भारी असंगति है। अनेकों महाविद्यालयों को पाठ्यक्रम शुल्क के निर्धारण हेतू एफआरसी से अनुमोदन अप्राप्त है, अर्थात महाविद्यालयों द्वारा अवैध रूप से तथ्य छिपाकर वसूली की जा रही है, ऐसे महाविद्यालयों की जांच कराने एवं जहां आवश्यक हो वहा उचित समिति से पाठ्यकर्म शुल्क के निर्धारण की समान व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।ज्ञापन में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष सागर शुक्ला, अदनान अंसारी प्रतीक गौतम, एजाज अंसारी, सक्षम यादव, सचिन, अंकित कोरी, अंकित शुक्ला, चिंटू ठाकुर, सैफ अली, अंकुश गौतम, अभिषेक श्रीवास्तव, सोनू मराठी, सुशांत विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## "पर्यावरण संरक्षण की ओर एक कदम" जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण की ओर एक कदम, पेपर बैग निर्माण गतिविधि का आयोजन 12 जुलाई को मानव विकास विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्राओं, शिक्षक, अभिभावक एवं महाविद्यालयीन कर्मचारियों ने सहभागिता की। उपस्थितजनों को पोस्टर के माध्यम से प्लास्टिक के प्रयोग के नुकसान और पेपर बैग के प्रयोग हेतु अभिप्रेरित किया गया।



इसी श्रृंखला में सभी को विभाग में निर्मित पेपर बैग भेंट किए गए। सम्पूर्ण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार के संरक्षण, प्रभारी विभागाध्यक्ष, कार्यक्रम प्रभारी अर्चना गुप्ता एवं डॉ. मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ. मनीषा आर्या, श्रुति सिंह एवं माधुरी खाडेलकर के सहयोग से संपन्न हुआ।

# उच्च पद प्रभार में उर्दू विषय को शामिल किया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के महामंत्री ज़ियाउर्रहीम ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की इस समय उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया जारी है परंतु उसमे अन्य विषय के समान उर्दू विषय को प्राथमिकता नहीं दी गई है, जिस वजह से उर्दू विषय के शिक्षकों को उच्च पद प्रभार में आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल पाएगा, यही वजह है कि माध्यमिक उर्दू शालाओं में उर्दू विषय वाले शिक्षकों की कमी रहेगी। अतः आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय से माँग है की उर्दू विषय को भी उच्च पद प्रभार प्रक्रिया में शामिल किया जाए। संगठन के मीनुकान्त शर्मा, हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, रऊफ खान, राजेश साहरिया, एनोस विक्टर, राजकुमार यादव, गुडविन चार्ल्स, वसुमुदीन, मनमोहन चौधरी, उमेश सिंह ठाकुर, मक़सूद अहमद अंसारी, सुरेन्द्र चौरसिया, राकेश गुप्ता, गोपिसाह, दीपेश जैन, सुधीर अवधिया, आशीष कोरी, सुधीर पावेल, संतोष चौरसिया आदि ने माँग की है।

# पैरामेडीकल कोर्सेस के एग्जाम कराये जाएंः आप

**जबलपुर।**

मध्यप्रदेश में नर्सिंग घोटाले की तरह ही पैरामेडीकल कोर्सेस मं भी धांधली हई है जिसका खामियाजा हजारों विद्यार्थियों को उठाना पड़ रहा है, वर्तमान समय में विगत चार वर्षो से परीक्षा ही नहीं ली गई, उक्त जानकारी देते हुए आम आदमी पार्टी की आरटीआई विंग ने मप्र मेडीकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर, पैरामेडीकल काउंसिल तथा चिकित्सा शिक्षा मत्री को पत्र भेजकर तत्काल परीक्षा शुरू करने की मांग की है। मनीष शर्मा प्रदेश अध्यक्ष विंग ने बताया कि इस संदर्भ में बैठक कर निर्णय लिया गया कि आम आदमी पार्टी विद्यार्थियों के हित में आवाज बुलंद करेगी। आम आदमी पार्टी के प्रफुल्ल सक्सेना, गोपाल पारासर, राकेश चक्रवर्ती, संतोष वर्मा, मुन्ना राय, बृजेश चतुर्वेदी, जितेन्द्र श्रीवास, अमजद मंसूरी, मयंक राज, अंकित गोस्वामी, सेवेन्द्र बर्मन, विनोद पांडे, अनुराग मरावी आदि ने पैरामेडीकल विद्यार्थियों को हुई मानसिक प्रताड़ना, बहुमूल्य समय की बर्बादी तथा आर्थिक नुकसार की भरपाई करने प्रति स्टूडेंट्स 2,00,000 रुपये मुआवजा देने तथा तत्काल परीक्षा कराने की मांग की है।





## 15 बटुक ब्राह्मणों का जनेऊ संस्कार किया गया

**जबलपुर।** नर्मदा तट ग्वारीघाट गीताधाम में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ब्राह्मण संगठन के द्वारा बटुक ब्राह्मणों का उपनयन जनेऊ संस्कार का आयोजन किया गया, जिसमे 15 बटुक ब्राह्मणों का संस्कार के साथ जनेऊ संस्कार किया गया, विधि विधान के साथ यह कार्यक्रम संपन्न कराया गया, इस अवसर पर परिवार के लोग भी मौजूद रहे, मुख्य यजमान श्रीमती आरती सुशील चौबे रहे, इस अवसर पर विष्णु शास्त्री, दीपनारायण शास्त्री, आरती चौबे, सुशील चौबे, सहित संगठन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जनेऊ संस्कार कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# कौशल महोत्सव "हुनर से कदर" तक कार्यक्रम का किया आयोजन

**जबलपुर।**

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर, अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास संस्थान एवं जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में 11 दिवसीय कौशल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कौशल प्रशिक्षण, नवीन स्टार्टअप प्रोत्साहन एवं रोजगार संचार कार्यक्रम का शुभारंभ विगत 4 जुलाई को किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नए कौशल सिखाना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार के नए अवसर प्रदान करना है, इस कार्यक्रम के अंतर्गत आज पंडित लज्जा शंकर झा शासकीय विद्यालय में छह दिवसीय करियर काउंसिलिंग एवं कौशल से उद्यमिता कार्यक्रम को सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया, जिसके माध्यम से छात्रों ने तकनीकी ज्ञान, आत्मविश्वास और उद्यमिता में प्रोत्साहन प्राप्त किया। कैलाश भाटी ने कार्यक्रम कि रुपरेखा रखते हुए बताया कि नवीन स्टार्टअप प्रोत्साहन कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को अपने विचारों को वास्तविकता में बदलने का अवसर मिलेगा, और रोजगार संचार कार्यक्रम के तहत उन्हें नए रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मुकेश कुमार तिवारी द्वारा की गयी, जिन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए संचार माध्यम से बताया कि कौशल विकास ही सफलता की कुंजी है और इस दिशा में किया गया यह प्रयास निश्चित रूप से सार्थक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में केके चौबे, डॉ. अर्चना मिश्रा, डॉ. भारती मालपानी, अंजलि सोनी, दिव्यांश दुबे एवं बड़ी संख्या में युवाओं, गणमान्य अतिथियों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया।




कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/80
दिनांक:- 12/07/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रगति गोगिया एवं प्रकृति गोगिया दोनों के पिता श्री दिलीप कुमार गोगिया ने मकान नं. 1516/3 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती तृतीय तल 470 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर



कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/79
दिनांक:- 12/07/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री दिलीप कुमार गोगिया पिता स्व. श्री बी. एच. गोगिया (2) श्रीमती लक्ष्मी गोगिया पति श्री दिलीप कुमार गोगिया ने मकान नं. 1516/2 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथम तल 688 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर


## कृषि विश्वविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण

# पेड़-पौधे प्रकृति का अनुपम श्रृंगार : कुलपति डॉ. मिश्रा

**जबलपुर।** पेड़-पौधे प्रकृति का अनुपम श्रृंगार है। इनकी सुरक्षा और संरक्षण करना हमारा नैतिक दायित्व है। पर्यावरण के संरक्षण-संवर्धन की दृष्टि से वृक्षारोपण करना आज की महती आवश्यकता है, इसलिये हम सभी को पौधारोपण करना चाहिये क्योंकि वृक्ष मानव जीवन को लाखों रूपए की निःशुल्क ऑक्सीजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ तरह-तरह की औषधि भी हमे उपलब्ध कराते हैं। यह बात जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने देशव्यापी अभियान के तहत "एक पौधा मां के नाम" को एक उत्कृष्ट पहल बताते हुये मुख्यअतिथि की आंसदी से कही। कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा कि यह जनाग्रह प्रकृति के प्रति जागरूकता के साथ, जन मनोभाव में भी प्रेरणीय है, इसके माध्यम से सहज प्रयास में भी अच्छी जैव विविधता सहेजी जा सकती है, इसके लिये लगातार प्रयास किया जाना अतिआवश्यक है। दरअसल विश्वविद्यालय के वृहत पौधरोपण कार्यक्रम के तहत कृषि महाविद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण जनेकृविवि के संयुक्त तत्वाधान में जवाहर क्रीड़ांगन परिसर और फॉर्म मशीनरी टेस्टिंग सेंटर परिसर में नीम, आम, अशोक, गुलमोहर, नीबू, अमरूद, मधुकामनी सहित बड़ी संख्या में फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस. के. पांडे, संचालक अनुसंधान संवायें डॉ. जी.के. कौतु, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर.एस.शुक्ला, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, कुलसचिव रेवा सिंह सिसोदिया, कार्यपालन यंत्री डॉ. ए.के. राय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, डॉ. ब्रजेश दीक्षित, डॉ. मोहन सिंह, सहायक लेखानियंत्रक डॉ. डी. के. वर्मा सहित आदि ने भी पौधा रोपण किया।




**नाम सुधार सूचना**

मैं, धनराज कुमार पटेल पिता स्व. ताम सिंह पटेल, उम्र 47 निवासी मकान न. 233, कमला नेहरू नगर जबलपुर म.प्र. का होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ – यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। यह कि मेरा आर्मी न. EX-14425938H Rank HAV (MACP NB SUB) बुक न. 54507 में मेरी पत्नि का नाम RAJANI PATEL (रजानी पटेल) एवं जन्म दिनांक 10/02/1980 हो गया है जो गलत है। यह कि मेरी पत्नि के समस्त दस्तावेज एवं आधार कार्ड 8658 5345 4053 के अनुसार मेरी पत्नि का सही नाम RAJNI PATEL (रजनी पटेल) एवं जन्म दिनांक 17/07/1977 है जो सही नाम एवं जन्म दिनांक सही दर्ज करने वास्ते आवेदन प्रस्तुत है। यह कि मेरी डिस्चार्ज बुक में मेरी पत्नि का नाम RAJNI PATEL (रजनी पटेल) एवं जन्म दिनांक 17/07/1977 नाम एवं जन्म दिनांक दर्ज करने वास्ते यह शपथ पत्र प्रस्तुत है। यह कि दिए गए कथन मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।

दिनांक: 11/07/2024 शपथकर्ता



कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/83
दिनांक:- 12/07/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कणाद भट्टाचार्जी पिता स्व. श्री प्रहलाद भट्टाचार्जी ने मकान नं. 1047/ए वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 741 व.फु. शपथपत्र/सहमति पत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर



कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/82
दिनांक:- 12/07/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री लोकेश जैन पिता स्व. श्री बी.सी. जैन ने मकान नं. 858 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 320 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर



कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/81
दिनांक:- 12/07/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरोज जैन पति स्व. श्री भागचंद जैन ने मकान नं. 857 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 320 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# गुडनाइट ने पेश किया मच्छर भगाने वाला मॉलिक्यूल



**मुंबई।** मच्छर जनित बीमारियों के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि हासिल की है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के वैज्ञानिकों ने साझेदार के साथ मिलकर 'रेनोफ्लुथ्रिन' विकसित किया है। यह भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित और पेटेंट किया गया मॉलिक्यूल है जो मच्छर नियंत्रण के लिए सबसे प्रभावी लिक्विड वेपोराइजर फॉर्मूलेशन बनाता है। रेनोफ्लुथ्रिन से बने फॉर्मूलेशन भारत में वर्तमान में उपलब्ध लिक्विड वेपोराइजर फॉर्मेट में किसी भी अन्य पंजीकृत फॉर्मूलेशन की तुलना में मच्छरों के खिलाफ दोगुना प्रभावी है। घरेलू कीटनाशकों की श्रेणी में अग्रणी जीसीपीएल अपने नए गुडनाइट फ्लैश लिक्विड वेपोराइजर में रेनोफ्लुथ्रिन फॉर्मूलेशन पेश कर रहा है, जो प्रभावशाली लिक्विड वेपोराइजर है। इस मॉलिक्यूल की सफलता पर टिप्पणी करते हुए गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के एमडी और सीईओ सुधीर सीतापति ने कहा, "इनोवेशन की 127 साल की विरासत के साथ गोदरेज ने भारत में कई घरेलू नवाचार पेश किए हैं। विशेष रूप से, हमने अगरबत्ती जैसे मच्छर भगाने वाले उत्पादों का व्यापक उपयोग देखा है, जिसमें विभिन्न चैनलों से भारत में प्रवेश करने वाले अपंजीकृत और अवैध चीनी मॉलिक्यूल शामिल हैं। रेनोफ्लुथ्रिन भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित मच्छर भगाने वाला मॉलिक्यूल है जो लोगों को अवैध मॉलिक्यूल वाले उत्पादों का उपयोग करने से रोकेगा। यह इनोवेशन भारत को आत्मनिर्भर बनाता है क्योंकि अब हमें अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मॉलिक्यूल का आयात नहीं करना पड़ेगा। रेनोफ्लुथ्रिन सबसे अधिक पाए जाने वाले मच्छरों जैसे एनोफिलीज, एडीज और क्यूलेक्स आदि के खिलाफ प्रभावी है।' एक प्रमुख बाल रोग विशेषज्ञ और भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी (आइएपी) के वरिष्ठ सदस्य डॉ. समीर दलवई ने कहा, 'मलेरिया और डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारियां न केवल गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा करती हैं, बल्कि इनका इलाज जेब पर भी बोझ है। इसलिए, मच्छरों के खिलाफ जबरदस्त सुरक्षा होना जरूरी है। इन बीमारियों से निपटने के लिए उपाय सुझाते समय मैं प्रभावकारिता, सुरक्षा और दीर्घकालिक विश्वसनीयता को प्राथमिकता देता हूं। रेनोफ्लुथ्रिन जैसे नए मॉलिक्यूल की शुरूआत मच्छर जनित बीमारियों को रोकने में मदद करेगी। रेनोफ्लुथ्रिन मलेरिया और डेंगू के लिए जिम्मेदार आम मच्छर प्रजातियों को लक्षित करते हुए कई स्तर पर सुरक्षा देता है इसका तुरंत प्रभाव और सुरक्षा मच्छरों की आबादी घटाने और इनसे होने वाली बीमारियों के संचरण को कम करने में एक उपयोगी उपकरण बनाती है।'

## एनएसई ने निवेशकों को किया सावधान और दी सलाह

# शेयर बाजार में किसी भी व्यक्ति, संस्था द्वारा पेश की गई कोई भी योजना की सदस्यता नहीं लें जो अवैध हो

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्सचेंज के संज्ञान में लाया गया है कि तनु सिंह और विकास गुप्ता नाम के व्यक्ति गुडविल ट्रेडिंग स्टॉक ब्रोकरेज नामक संस्था से जुड़े होने का दावा करते हैं, जो मोबाइल नंबर "8085796761", "7241134893" और टेलीग्राम पेज https://t.me/stocktradingtips के माध्यम से कारोबार कर रहे हैं, वे ट्रेडिंग के लिए प्रतिभूति बाजार युक्तियां, शेयर बाजार में निवेश पर सुनिश्चित रिटर्न प्रदान कर रहे हैं और निवेशकों से उनकी लॉगिन आईडी,पासवर्ड साझा करने के लिए कहकर निवेशकों के ट्रेडिंग खाते को संभालने की पेशकश कर रहे हैं। निवेशकों से अनुरोध है कि वे ध्यान दें कि एक्सचेंज के पंजीकृत ट्रेडिंग सदस्य गुडविल वेल्थ मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने एनएसई को सूचित किया है कि उपर्युक्त व्यक्ति किसी भी तरह से उनके साथ जुड़े नहीं हैं। निवेशकों को सावधान किया जाता है और सलाह दी जाती है कि वे शेयर बाजार में किसी भी व्यक्ति, संस्था द्वारा पेश की गई ऐसी किसी भी योजना, उत्पाद की सदस्यता न लें क्योंकि ऐसा करना कानून द्वारा निषिद्ध है। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि यह व्यक्ति/संस्था नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के किसी भी पंजीकृत सदस्य के सदस्य या अधिकृत व्यक्ति के रूप में पंजीकृत नहीं है। इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 की धारा 23(1) के अनुसार कोई भी संस्था/व्यक्ति जो एससीआरए की धारा 13,16,17 या 19 का उल्लंघन करता है। उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा और दोषी पाए जाने पर उसे दस साल तक की कैद या पच्चीस करोड़ तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। एससीआरए की धारा 25 के अनुसार धारा 23 के तहत दंडनीय अपराध दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अर्थ में संज्ञेय अपराध हैं और इस तरह राज्य के कानून प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा भी उनकी जांच की जा सकती है। प्रतिभूति कानूनों का उल्लंघन करने के अलावा, डब्बा ट्रेडिंग भारतीय दंड संहिता, 1870 की धारा 406,420 और धारा 120-बी के दायरे में भी आती है।

## इंडकल टेक्नोलॉजीज़ एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन लॉन्च करेगी



**जबलपुर।** भारत की जानी-मानी टेक्नोलॉजी कंपनी इंडकल टेक्नोलॉजीज़ ने आज एसर इनकॉर्पोरेटेड के साथ ट्रेडमार्क लाइसेंसिंग समझौते के तहत स्मार्टफोन बाजार में प्रवेश करने की घोषणा की है। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ एक ग्लोबल आईसीटी दिग्गज है, जो अपनी खास टेक्नोलॉजी और शानदार उत्पादों के लिए जानी जाती है। इस समझौते के तहत, इंडकल भारत में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन की डिजाइनिंग, उत्पादन और वितरण करेगी। यह रणनीतिक डील भारतीय बाजार में एसर-ब्रांडेड स्मार्टफोन की शुरूआत का संकेत है। इसके साथ ही नवाचार और विस्तार के एक नए युग की शुरुआत भी होती है।इंडकल टेक्नोलॉजीज़ 2024 के मध्य में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन मॉडल्स की एक विस्तृत श्रृंखला लॉन्च करेगी।

# व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है न्यूरोपैथिक दर्द



**जबलपुर।** हमारे शरीर और मस्तिष्क के बीच संदेश ले जाने वाली नसों में समस्या के बाद एक दर्द उत्पन्न होता है, जिसे न्यूरोपैथिक दर्द कहते हैं। सेन्ट्रल नर्वस सिस्टम में खराबी, मधुमेह एवं अन्य स्थितियों में न्यूरोपैथिक दर्द उत्पन्न हो सकता है। दरअसल, हमारा सेन्ट्रल नर्वस सिस्टम हमारी रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क से बना होता है। आप अपनी न्यूरोपैथिक दर्द नर्वस सिस्टम के अलग-अलग स्तरों पर रीढ़ की हड्डी या मस्तिष्क में कहीं भी महसूस कर सकते हैं। कई बार यह दर्द सामान्य नहीं होता बल्कि इसमें तेज छुरा घोंपने, जलने या गोली लगने जैसा महसूस होता है। कभी-कभी यह बिजली के झटके लगने या पिन और सुई चुभने जैसा प्रतीत होता है। इस दर्द से पीड़ित लोग किसी के स्पर्श या छूने से बचने की कोशिश करते हैं, क्योंकि हल्का स्पर्श भी इन्हें चोट पहुंचा सकता है। इस स्थिति को एलोडोनिया कहा जाता है। इस बारे में बात करते हुए न्यूरो एंड स्पाइन क्लिनिक के डॉ. हर्ष सक्सेना कहते हैं कि "भले ही न्यूरोपैथिक दर्द से प्रभावित व्यक्ति को आम दिनचर्या में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, मगर ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर विशेषज्ञ डॉक्टर से ली गई सही सलाह और नियत अवधि तक आराम करने से समस्या दूर हो सकती है। इसलिये जब भी आपको न्यूरोपैथिक दर्द की अनुभूति हो, अपने डॉक्टर से मिलकर इसका निदान करें।"

*अंतरिक्ष में फंसीं हुई है सुनीता विलियम्स!*

# स्पेस स्टेशन की हैं कई रोचक बातें एक दिन में होता है 16 सूर्योदय

एजेंसी ⏭ न्यूयार्क



अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और अपने साथी बैरी विल्मोर के साथ स्पेस में फंस गई हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने वाले बोइंग स्टारलाइनर में खराबी के कारण दोनों अंतरिक्ष यात्री वापस नहीं आ पाए हैं। अंतरिक्ष यात्रियों का यह मिशन सिर्फ आठ दिनों का ही था। पांच जून को अंतरिक्ष यान ने उन्हें लेकर उड़ान भरा था। बोइंग स्टारलाइनर ने यह पहली उड़ान भरी थी। हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी के कारण उनकी वापसी को टाल दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में सुनीता विलियम्स अभी भी हैं। नासा के मुताबिक, वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में जाने वाले अंतरिक्ष यात्रियों की उम्र धरती की तुलना में कम तेजी से बढ़ती है। यूरोपियन अंतिरक्ष एजेंसी के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर यात्रियों के समय का बहाव अलग होता है। विज्ञान की भाषा में इसे टाइम डिलेशन कहा जाता है। इसकी वजह से कोई शख्स अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 16 साल तक रहता है, तो उसकी उम्र धरती के लोगों की उम्र से एक सेकेंड कम रहती है।

### कैसा है अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन?



स्पेस में स्थित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन एक घर की तरह है। इसमें पांच बेडरूम, दो बाथरूम, एक जिम और एक खिड़की भी है। अगर अंतरिक्ष स्टेशन में लगे सोलर पैनल के किनारों से मापा जाए, तो यह एक फुटबॉल मैदान के बराबर है। अंतरिक्ष स्टेशन पर छह लोग रह सकते हैं, लेकिन कई बार इसकी संख्या अधिक हो सकती है।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मई 2022 तक 20 देशों के 258 अंतरिक्ष यात्री जा चुके हैं। इनमें सबसे अधिक अमेरिका के 158 और रूस के 54 अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। यह पृथ्वी से करीब 400 किमी ऊपर है। यह 28, 000 किमी की रफ्तार से धरती के चारों तरफ घूमता है। 90 मिनट में अंतरिक्ष स्टेशन धरती का एक चक्कर पूरा करता है। इसका मतलब यह है कि एक दिन में अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष स्टेशन में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं।

### अंतरिक्ष में रहने वाले यात्रियों पर ये होता है असर

*अंतरिक्ष में वातावरण पृथ्वी से अलग होता है। वहां पर माइक्रोग्रैविटी, रेडिएशन का खतरा, अंतरिक्ष स्टेशनों के सीमित क्वार्टर मानव स्वास्थ्य के लिए एक चुनौती है। अंतरिक्ष स्टेशन पर ज्यादा समय तक रुकना उनके लिए जोखिम भरा है। अंतरिक्ष यात्रियों के लिए स्पेस में तात्कालिक परिवर्तनों में एक द्रव पुनर्वितरण है। गुरुत्वाकर्षण न होने की वजह से शारीरिक तरल पदार्थ शरीर के ऊपर वाले भाग पहुंचने लगते हैं। इसकी वजह से चेहरे पर सूजन, नाक बंद होना और पैरों में तरल पदार्थ की कमी होने लगती है। इससे रक्त की मात्रा कम होने का खतरा रहता है और ब्लड प्रेशर में गड़बड़ी हो सकती है।*

### ये होती है समस्या?

*धरती पर लौटने पर इसका असर नजर आता है। कुछ समय तक खड़े होने पर अंतरिक्ष यात्रियों को चक्कर आने लगता है और बेहोश हो जाते हैं। अंतरिक्ष में जाने वाले हर यात्री के साथ इस तरह की समस्या होती है। माइक्रोग्रैविटी का मस्कुलोस्केलेटल सिस्टम पर असर होता है। गुरुत्वाकर्षण की कमी की वजह से अंतरिक्ष यात्रियों की मांशपेशियां पैरों और पीठ में विशेष तौर पर कमजोरी आती है। इसके कारण हड्डियों को नुकसान होता है। विशेष तौर पर रीढ़ और श्रोणि जैसी वजन उठाने वाली हड्डियों में। यांत्रिक तनाव की कमी के कारण ऑस्टियोपोरोसिस के समान हड्डियों के घनत्व में कमी आती है।*

**अमेरिका ने अपना पहला अंतरिक्ष स्टेशन 1973 में किया लॉन्च**

सोवियत ने सोयुज 11 अंतरिक्ष यान से तीन अंतरिक्ष यात्री भेजे थे और वे वहां पर 21 दिन रहे। वापस आते वक्त अंतरिक्ष यान में खराबी आ गई और तीनों अतरिक्ष यात्रियों की मौत हो गई। इसके बाद अमेरिका ने भी अपना पहला अंतरिक्ष स्टेशन 14 मई 1973 को लॉन्च किया। फिर रूस ने 20 फरवरी 1986 तो अपना पहला स्थायी स्पेस स्टेशन मीर (एमआईआर) स्थापित किया।

# भारत का सबसे तेजी से बढ़ता डेयरी ब्रांड, हेरिटेज पश्चिम बंगाल में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार

**रांची।** भारत की दूसरी सबसे बड़ी सूचीबद्ध डेयरी कंपनी, हेरिटेज फूड्स लिमिटेड, कोलकाता शहर के साथ व्यापार विस्तार योजना की शुरुआत करते हुए पश्चिम बंगाल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। 1992 में स्थापित यह आज भारत में सबसे तेजी से बढ़ती सार्वजनिक सूचीबद्ध डेयरी कंपनियों में से एक है। देश व्यापी डेयरी कंपनी बनने की रणनीति के अनुरूप, हेरिटेज फूड्स अब पश्चिम बंगाल के बाजार पर ध्यान केंद्रित करेगी और राज्य भर के महत्वपूर्ण शहरों में व्यापार भागीदारों के माध्यम से उपभोक्ताओं को अपने प्रसिद्ध, उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला को चरणबद्ध तरीके से पेश करेगी। हेरिटेज फूड्स लिमिटेड चुनिंदा उत्पाद पेश करेगा जो उपभोक्ता को हर दिन खुशी प्रदान करेंगे । हेरिटेज फूड्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक ब्रह्मणी नारा ने कहा, 'हमारा लक्ष्य हर घर को ताज़े और स्वस्थ उत्पादों से खुश करना और अद्वितीय 'रिलेशनशिप फ़ार्मिंग' मॉडल के माध्यम से किसान समुदाय को सशक्त बनाना है। हम हमेशा बेहतर कल बनाने के लिए आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय पहलुओं के संतुलन की वकालत करते हैं।' हैदराबाद में मुख्यालय वाली हेरिटेज फूड्स की कई राज्यों में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। इसके उत्पाद आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, ओडिशा, दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में उपलब्ध हैं।

## एफसीआई द्वारा गेहूं ओपन सेल में बेचे जाने की हवा का असर

# प्रदेशभर की मंडियों में 50 से 75 रुपए प्रति क्विंटल घटे गेहूं के भाव

**भोपाल।** फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) द्वारा ओएमएसएस (ओपन सेल )के तहत गेहूं बेचे जाने की हवा से गुरूवार को राजधानी भोपाल सहित प्रदेश भर की कृषि उपज मंडियों में गेहूं के थोक भाव में वैरायटीनुसार 50 से 75 रुपए क्विंटल की गिरावट आ गई है। करोंद स्थित पंडित लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मंडी भोपाल के गल्ला मंडी के गेहूं व्यापारी संजीव जैन ने बताया कि बुधवार की शाम को एफसीआई द्वारा गेहूं की बिक्री ओएमएसएस के तहत गेहूं बेचे जाने की खबर फैली। जिसके बाद गुरूवार को मंडियों में गेहूं भाव में नरमी का माहौल बना। संजीव जैन ने बताया कि स्थानीय करोंद गल्ला मंडी में मिल क्वालिटी गेहूं जो पहले 2550 से 2600 रुपए क्विंटल बिका था वह 2500 से 2525 रुपए क्विंटल बोला गया। इसी प्रकार 1144 वैरायटी का गेहूं जो 2650 से 2750 रुपए क्विंटल था वह 2600 से 2650 रुपए और लोकवन मालवा शक्ति गेहूं जो 2500 से 2575 रुपए बिका वह गुरूवार को मंडी में 2475 से 2525 रुपए क्विंटल के भाव बिका।

### बल्क कंज्यूमर्स को गेहूं बेचने की तैयारी

गेहूं की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों में आटा और बिस्कुट उपलब्ध कराने के लिए सरकार अपने रिजर्व से आटा मिलों और बिस्कुट बनाने वाली कंपनियों जैसे बल्क कंज्यूमर्स को गेहूं बेचने की तैयारी में है। केंद्र सरकार ने कीमतों पर नकेल कसने के लिए एफसीआई को अपने इंवेटरी से गेहूं बेचने की अनुमति दे दी है जिससे बाजार में गेहूं की सप्लाई को बढ़ाई जा सके।।

### कितना गेहूं बेचा जाएगा फिलहाल यह तय नहीं हुआ

फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ओएमएसएसके तहत गेहूं बेचेगी। अगले महीने से एफसीआई 23,250 रुपए प्रति टन के भाव पर गेहूं बेचेगी , जो बाजार में मौजूदा भाव से 12 फीसदी सस्ता है। हालांकि ओपन मार्केट सेल स्कीम के तहत कितना गेहूं बेचा जाएगा , फिलहाल यह तय नहीं हुआ है। पिछले वर्ष भी गेहूं की कीमतों में तेजी के बाद एफसीआई ने बल्क कंज्यूमर्स और प्राइवेट प्लेयर्स को गेहूं बेचा था. वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान एफसीआई ने ओपन मार्केट में 10 मिलियन मीट्रिक टन गेहूं बेचा जो कि रिकॉर्ड है। जानकारी के अनुसार गेहूं के स्टॉक में कमी और कीमतों पर नकेल कसने के लिए छह वर्ष की पाबंदी के बाद भारत फिर से गेहूं का आयात कर सकता है। सरकार ने गेहूं के आयात पर 40 फीसदी टैक्स लगा रखा है। टैक्स को हटाए जाने पर प्राइवेट ट्रेडर्स और आटा मिलों के लिए रूस और ऑस्ट्रेलिया से गेहूं का आयात करने का रास्ता खुल सकेगा।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500-82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544 (रायपुर /16 / जुलाई 24)

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियां हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाए (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) +916267324667(रायपुर/25/जुलाई 24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (जिसमें वर्ग रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन की सम्भावना सम्भावना भी बन रही है।

**वृष** — कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। धैर्यशीलता में कमी हो सकती है।

**मिथुन** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भौतिक सुखों के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते

**सिंह** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — क्रोध के अतिरेक से बचें। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव बढ़ेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**धनु** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। कारोबारी यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सफलता

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

# ये 'चाट' है या दुनिया का 8वां अजूबा, रेसिपी देख झन्ना जाएगा




**नई दिल्ली।** कोल्ड कॉफी मैगी, गुलाब जामुन पराठा और गुलाब जामुन डोसा के बाद गुलाब जामुन चाट भी मार्केट में आ गई है।सुनने के बाद बेशक आपको यकीन न हो, लेकिन ये सच्चाई है। वैसे तो चाट भारत के मशहूर व्यंजनों में से एक है, लेकिन हो सकता है कि इस चाट का नाम सुनकर गुलाब जामुन या फिर चाट खाने का ही मन न करे। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। खाने में इसका स्वाद जो भी हो, लेकिन वायरल वीडियो में यूजर्स की तमाम प्रतिक्रियाएं आ रही हैं।लोग कह रहे हैं कि भाई ऐसी चाट बनाने से पहले भगवान से तो डरो, भाई स्वाद बिगाड़कर तुम्हें क्या मिलेगा., लगता है कलयुग अंतिम चरण में है। जैसी तमाम प्रतिकियाएं मिल रही हैं। दरअसल, भारतीय बाजारों में चाट की कई वैराइटियां मिलती हैं। इसमें पपड़ी चाट, कॉर्न चाट, पानी पुरी चाट, टिक्टी चाट, आलू चाट और यहां तक कि समोसा चाट भी शामिल हैं। लेकिन, इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक फूड वेंडर गुलाब जामुन चाट बनाकर बेचते दिख रहा था।. जैसे ही इसकी वीडियो इंटरनेट पर वायरल हुई, वैसे ही कमेंट्स की झड़ी लग गई। गुलाब जामुन चाट के इस वीडियो को एक ब्लॉगर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। इस वीडियो को अब तक करीब 2 हजार लोग देख चुके हैं। वीडियो में दिख रहे फूड वेंडर ने पहले चार गुलाब जामुन को प्लेट में रखा। इसके बाद उस पर दही, चाट वाली दो तरह की चटनी और पपड़ी और अनार दाना और अन्य चीजें डालीं। सभी को अच्छे से मिक्स करके लोगों को सर्व किया।

### यूजर्स की कुछ ऐसी थी प्रतिक्रियाएं

इंस्टाग्राम यूजर्स को चाट के साथ ये नायाब तरीका भा नहीं आ रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद से यूजर्स तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि जीवन में ऐसी क्या मजबूरी है, जो गुलाब जामुन चाट बना रहे हो? दूसरे यूजर ने लिखा कि तुम्हें नर्क में भी जगह नहीं मिलेगी। एक लड़की ने लिखा कि ये देखने से पहले मैं मर क्यों नहीं गई? एक ने लिखा- भाई स्वाद बिगाड़कर तुम्हें क्या मिलेगा।लगता है कलयुग अंतिम चरण में है। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा गुलाब जामुन के इतने बुरे दिन कब से आ गए? एक यूजर ने ये भी कहा कि ये महापाप है, भगवान ही बचाए इस पाप से।


## शब्द पहेली - 5570



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली- 5569 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5581

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5580 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |



# अमिताभ की टक्कर में अकेले थे विनोद खन्ना!

**नई दिल्ली।** विनोद खन्ना को हिंदी सिनेमा में कोई भुला नहीं सकता। वो उस दौर के सुपर स्टार रहे हैं, जब फिल्म इंड्स्ट्री में अमिताभ बच्चन के नाम का डंका बजता था। लेट सिक्सटीज और फिर सेवंटीज में अगर अमिताभ बच्चन के सामने कोई हीरो बराबरी से टिक पाता था तो वो थे सिर्फ विनोद खन्ना। जो कद काठी में अमिताभ बच्चन से जरा भी कम नहीं थे। स्टाइल और लुक्स के मामले में भी टक्कर या यूं कहें कि एक कदम आगे ही थे। विनोद खन्ना से एक पुराने इंटरव्यू में दोनों को लेकर सवाल हुआ। इस इंटरव्यू के कुछ अंश सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इंटरव्यू में विनोद खन्ना ने कहा कि उस समय सिर्फ वही एक ऐसे स्टार थे जो अमिताभ बच्चन को चुनौती दे पाते थे।

## लाइफ Style

# सोनाक्षी

## मजेदार लगी थी 'काकूदा' की कहानी

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा बीते कुछ समय से काफी चर्चा में हैं। उनकी शादी की खबरों ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं। अब एक बार फिर से वह फिल्मी दुनिया में सक्रिय हो गई हैं। हाल में ही उन्होंने अपनी नवीनतम फिल्म 'काकूदा' पर बातचीत की।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोनाक्षी की यह हालिया रिलीज फिल्म जी 5 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है। इस दौरान अभिनेत्री ने बताया कि वह विभिन्न जॉनर की फिल्में करना चाहती हैं और वह ऐसी भूमिकाएं नहीं करेंगी, जिनमें उन्हें गाने और कुछ दृश्य ही मिले। 'काकूदा' पर उन्होंने कहा कि इसकी स्क्रिप्ट उन्हें काफी मजेदार लगी थी। इसे पढ़ते समय मैं बहुत खुश थी। हालांकि, मुझे हॉरर फिल्में पसंद नहीं हैं, लेकिन इस फिल्म में भरपूर कॉमेडी थी।

आदित्य ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने इस शैली को बहुत अच्छी तरह से समझा है और इस पर उनकी पकड़ शानदार है। उन्हें पता है लोगों को कहां डराना है, कहां हंसाना है, वह सभी चीजों को अच्छे तरीकों से करते हैं। उनके जैसे निर्देशक के साथ पहली बार इस तरह की फिल्म में काम करना काफी मजेदार है। एक हालिया इंटरव्यू के दौरान, जब सोनाक्षी से पूछा गया कि क्या मुख्यधारा की फिल्मों में कम काम करना कलाकारों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी बात है। अभिनेत्री ने कहा, ' ये तो अच्छा है ना। मैं बड़ी भूमिकाएं और महत्वपूर्ण भूमिकाएं ही करना चाहूंगी। अकीरा (2016), जिसमें मैं मुख्य किरदार में थी, यह मेरे लिए खून चखने जैसा था। मैं कभी भी एक फिल्म में दो गाने और चार सीन करने के दौर में वापस नहीं जाना चाहती।



## हॉलीवुड मसाला



# अगले साल रिलीज होगी 'सुपरमैन'

**लॉस एंजिलिस।** सुपरमैन को चाहने वाले दुनियाभर में मौजूद हैं। फैंस को इस फ्रेंचाइजी की फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। इस बीच डीसी स्टूडियोज के सीईओ और सुपरमैन फिल्म निर्देशक जेम्स गन ने प्रशंसकों को बड़ी सौगात दी है। सुपरहीरो की पोशाक में डेविड कोरेंसवेट की तस्वीर जमकर वायरल भी हुई थी। सुपरमैन का प्रीमियर 11 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में होगा। इसमें लोइस लेन के रूप में रेचल ब्रोसनाहन, लेक्स लूथर के रूप में निकोलस हॉल्ट और इंजीनियर के रूप में मारिया गैब्रिएला डे फारिया भी हैं।




# इनसाइड आउट 2 बनी नंबर 1 एनिमेटेड फिल्म

**लॉस एंजिलिस।** डिज्नी और पिक्सार की एनिमेटेड फिल्म 'इनसाइड आउट 2' सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहराती नजर आई है। 14 जून को रिलीज हुई इस मूवी को दुनियाभर के दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है। इसी कड़ी में यह डिज्नी और पिक्सार की विश्व में सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। 'इनक्रेडिबल्स 2' जैसी बॉक्स ऑफिस ब्लॉकबस्टर को पीछे छोड़ते हुए 'इनसाइड आउट 2' ने अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पिक्सार फिल्म के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है। इतना ही नहीं, यह वर्तमान में सर्वकालिक सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्मों की सूची में चौथे नंबर पर काबिज है। 'इनसाइड आउट 2' की सफलता को देखते हुए उद्योग विश्लेषकों का अनुमान है कि यह जल्द ही सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्म की सूची में पहले स्थान पर आ सकती है।



# हिना की सलामती के लिए प्रशंसक मांग रहे दुआ

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री हिना खान ने जब से अपने स्टेज थ्री के ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित होने का खुलासा किया है, उनके प्रशंसक काफी चिंतित है। सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसकों ने उनके लिए फिक्र जताई और उनके जल्दी ठीक होने की कामना की है। अब हिना खान ने दिल छू लेने वाला खुलासा अपने प्रशंसकों को लेकर किया है। अभिनेत्री ने बताया कि उनके प्रशंसक उनके जल्दी स्वस्थ होने के लिए रोजा रख रहे और हवन तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं। इस बात का खुलासा हिना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में किया है। अपने प्रशंसकों और जानने वालों की चिंता से अभिभूत होकर हिना ने इंस्टाग्राम स्टोरी साझा की है, जिसमें उन्होंने एक लंबा चौड़ा नोट लिखा है। चार स्लाइड की नोट में हिना ने लिखा, 'मुझे नहीं पता कि मैंने ऐसा क्या किया जिसके लिए मुझे यह सब सहना पड़ा।



# 'किल' हिट होने पर पार्ट-2 लेकर आएंगे : लक्ष्य

**नई दिल्ली।** 2015 में टेलीविजन सीरीज 'वॉरियर हाई' से अपने अभिनय की शुरुआत करने वाले अभिनेता लक्ष्य की पहली हिंदी फिल्म है 'किल'। 'किल' लगातार सिनेमाघरों में बनी हुई और बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म को काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। फिल्म की सफलता को देखते हुए 'किल' के मुख्य अभिनेता लक्ष्य ने फिल्म को लेकर एक बड़ा और दिलचस्प खुलासा किया है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। फिल्म को काफी प्यार मिल रहा है। ऐसे ही आप इस फिल्म के लिए अपने प्यार को बरकरार रखिए और साथ ही फिल्म को स्पोर्ट करते रहिए।' फिल्म को लेकर लक्ष्य ने आगे कहा, 'आपने ऐसा सिनेमा कभी नहीं देखा होगा। और मैं वादा करता हूं कि अगर आप लोग इस फिल्म को हिट कराते हैं, तो जरूर हम इस फिल्म का पार्ट-2 लेकर आएंगे।

## टीवी मसाला



# टास्क को लेकर सना और कृतिका में छिड़ी जुबानी जंग

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' में थोड़े ही समय में ढेर सारे बदलाव देखने को मिले हैं। शो में जहां विशाल का दिल रणवीर के लिए बदल रहा है, वहीं अब सना मकबूल और कृतिका मलिक के बीच एक तीखी नोंकझोंक देखने को मिली है। लेटेस्ट एपिसोड में एक टास्क के दौरान दोनों एक-दूसरे से बहस करते हुए दिखाई दिए। बिग बॉस के घर में एक टास्क हुआ जिसमें प्रतियोगियों को यह तय करना था कि उनके अनुसार शो में सबसे स्टाइलिश प्रतियोगी कौन है? इस टास्क में घरवाले दो हिस्सों में बंटे दिखाई दिए। जहां अरमान मलिक और उनके कुछ दोस्त उनका नाम लेते नजर आए, वहीं सना मकबूल और उनकी टीम उनका नाम लेती नजर आईं। हालांकि, अरमान एक वोट से जीत गए। यह बात सना को पसंद नहीं आई और उन्होंने कहा कि उन्हें यह भी नहीं पता कि स्टाइल क्या होता है और जब दर्शक शो देखेंगे तो वे हंसेंगे। टास्क के बाद में सना अरमान से बात करती हुई नजर आईं। इस दौरान कृतिका ने बीच-बचाव किया। इस वजह से दोनों में जुबानी जंग छिड़ गई। इस दौरान कृतिका ने कहा कि कैसे कुछ दिन पहले उन्हें वह सबसे स्टाइलिश प्रतियोगी लगी थीं और अब नहीं हैं। दूसरी और कृतिका का कहना है कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि सना पहले उनकी दोस्त थीं और अब नहीं हैं।

# शिव का किरदार निभाकर समर को आज भी होता है पछतावा

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई ऐसे सीरियल्स आए थे जिन्होंने लोगों को अपना दीवाना बना लिया था। खासकर माइथोलॉजिकल शोज। इन शोज को देखने का लोगों को इंतजार रहता था। लोग अपना काम छोड़कर या टाइम से




निपटाकर इसे देखते थे। इसमें से एक शो ओम नमः शिवाय भी था। इस शो में समर जय सिंह ने भगवान शिव का किरदार निभाया था। इस शो से समर घर-घर में फेमस हो गए थे। इतना ही नहीं लोग उन्हें भगवान शिव समझने लगे थे। जहां भी जाते थे वहां उन्हें लोग भोले बाबा कहकर आ जाते थे और भीड़ लग जाती थी। मगर उनका ये ही किरदार उनके करियर पर भारी पड़ गया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि शिवजी के रोल की वजह से उन्हें फिल्मों में आखिरी टाइम पर रिजेक्ट कर देते थे। मेकर्स को लगता था कि लोगों के मन में उनकी भगवान शिव वाली ही इमेज है। जिसकी वजह से वो उन्हें दूसरे रोल में नहीं देख पाएंगे।

# 'इंडियन 2' में दिखा महेश बाबू और राम चरण की फिल्म का कनेक्शन




**मुंबई।** 12 जुलाई को 28 साल बाद कमल हासन की हिट फिल्म 'इंडियन' का दूसरा भाग रिलीज हो गया है। कमल हासन के प्रशंसकों ने उन्हें 1996 में सेनापति के किरदार में देखा था, जिससे उन्होंने लोगों के दिलों में जगह बना ली थी और अब फिर से कमल हासन इतिहास को दोहरा रहे हैं। 'इंडियन 2' के रिलीज होने के बाद एक रोचक जानकारी सामने आई है। 'इंडियन 2' में दो बड़े दक्षिण भारतीय अभिनेताओं की फिल्मों के गानों को इस्तेमाल किया गया है। इनमें से एक है राम चरण की आने वाली फिल्म 'गेम चेंजर' का गाना 'जगारंडी' और दूसरा है महेश बाबू की 'गुंटूर करम' का 'कुर्ची मदथा पेटी'। इन दोनों गानों को सुनते ही सिनेमाघरों में बैठे दर्शक नाचने को मजबूर हो गए। 'इंडियन 2' का निर्देशन शंकर ने किया है और राम चरण और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका वाली 'गेम चेंजर' को भी उन्होंने ही डायरेक्ट किया है। यह एक राजनीतिक ड्रामा फिल्म है, जो जल्द ही देखने को मिलेगी। 'इंडियन 2' की बात करें तो इसमें कमल हासन के साथ-साथ काजल अग्रवाल, सिद्धार्थ, एसजे सूर्या, रकुल प्रीत, बॉबी सिम्हा और समुथिरकानी समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है। इस फिल्म के पहले भाग में कमल हासन सेनापति का रोल निभाते हुए देश में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए नजर आए थे। उन्होंने इसमें दोहरी भूमिका निभाई थी और 'इंडियन 2' में भी वो सेनापति बनकर भ्रष्टाचारियों से जंग लड़ रहे हैं।

# फैंस को पसंद आई 'सरफिरा' हो रही जमकर तारीफ



**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की सरफिरा ने सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। फिल्म में राधिका मदान और परेश रावल अहम भूमिकाओं में हैं। वहीं, इसमें तमिल सुपरस्टार सूर्या के विशिष्ट भूमिका निभाई है। यह फिल्म साल 2020 में आई तमिल फिल्म सूरारई पोट्रू का आधिकारिक रीमेक है। मूल फिल्म बनाने वाली सुधा कोंगरा ने ही इसका निर्देशन किया है। फिल्म को देखने के बाद अब लोगों ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं। बड़ी संख्या में इस फिल्म को लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। एक शख्स ने लिखा, 'माइंडलेस एक्शन फिल्मों की दुनिया में, सरफिरा किसी ताजी हवा के झोंके के जैसी है। इसे जरूर देखें। अक्षय कुमार वास्तव में वापस आ गए हैं। इससे पहले, हाल ही में सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन दिल्ली में किया गया था। इसे देखने के बाद एक्स पर लोगों ने फिल्म की तारीफ की थी। एक यूजर ने लिखा था, 'अक्षय कुमार ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया, परेश रावल भी अपने रोल में अच्छे लग रहे हैं, हर अभिनेता ने अच्छा काम किया लेकिन सूर्या कैमियो ने दिल जीत। कुल मिलाकर, फिल्म काफी अच्छी है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, "एक वाक्य में फिल्म का रिव्यू...वह वापस लौट आए हैं।'

# खूंखार विलेन की हीरो से ज्यादा थी फीस, लोग डरते थे, बच्चों का नाम नहीं रखते थे प्राण

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के खूंखार खलनायक का नाम जब जहन में आता है, तो सबसे पहले प्राण उर्फ कृष्ण सिकंद अहलूवालिया का नाम आता है। प्राण, एक भारतीय अभिनेता थे, जिन्हें भारतीय सिनेमा के इतिहास में अब तक के सबसे महान खलनायकों में से एक और 1940 से 1990 के दशक तक हिंदी सिनेमा में सहायक अभिनेता के रूप में जाना जाता है। वह भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे सफल और सम्मानित दिग्गज अभिनेताओं में से एक हैं। बता दें कि प्राण अपने समय के सबसे अधिक भुगतान पाने वाले अभिनेताओं में से एक थे। 12 जुलाई को प्राण की पुण्यतिथि थी। उन्होंने 40 के दशक में नायक की कई भूमिकाएं निभाईं। इसके बाद 1942 से 1991 तक खलनायर के किरदार में जमकर धमाल मचाया था। 50 के दशक में प्राण खलनायक और सहायक अभिनेता के रूप में अपने करियर के चरम पर थे। स्क्रीन पर नकारात्मक किरदारों में उनका अभिनय हीरो के किरदार पर भी भारी पड़ता था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्मों में प्राण की खलनायकी इतनी दमदार हुआ करती थी कि लोगों ने अपने बच्चों का नाम 'प्राण' रखना बंद कर दिया था।



## पान की दुकान पर मिला पहली फिल्म का ऑफर

प्राण का जन्म 12 फरवरी 1920 में मुंबई में हुआ। अपनी खलनायक की भूमिका के लिये जाने जाते हैं प्राण। फिल्मफेयर पुरस्कार और बंगाली फिल्म जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन अवार्ड्स जीतने वाले भारतीय अभिनेता प्राण की फिल्मों को उनके प्रशंसक आज भी देखना पसंद करते हैं। प्राण की पहचान हिंदी फिल्म जगत के सबसे खूंखार विलेन के तौर पर की जाती है। 'राम और श्याम', 'मिलन', 'जंजीर' और 'डॉन' जैसी एक से बढ़कर शानदार फिल्मों में अभिनय का दमदार जौहर दिखा चुके अभिनेता प्राण की गिनती बॉलीवुड के महानतम कलाकारों में की जाती है। प्राण के फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने की दास्तान किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। उनको अपनी पहली फिल्म का ऑफर पान की दुकान पर मिला था।

## वली मोहम्मद को गुरु माना

प्राण को पहली फिल्म मिलने की कहानी बहुत फिल्मी है। प्राण अक्सर लाहौर में एक पान की दुकान पर जाया करते थे। उसी पान की दुकान पर मशहूर फिल्म राइटर वली मोहम्मद भी पान खाने जाते थे, जब वली मोहम्मद फिल्म यमला जट बना रहे थे, तो उसमें उन्हें खलनायक के रोल के लिए किसी नए चेहरे की तलाश थी। वली मोहम्मद की नजर जब प्राण पर पड़ी तो उन्होंने प्राण को मिलने के लिए बुलाया। प्राण ने वली मोहम्मद की बात को कोई तवज्जों नहीं दी, जब दोबारा दोनों की मुलाकात हुई तो वली ने प्राण को फिल्म में काम करने के लिये तैयार कर लिया। इसके बाद प्राण ने फिल्म 'यमला जट' में काम किया। इस फिल्म में अभिनय करने के बाद फिर कभी प्राण ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्राण ने जिंदगीभर वली मोहम्मद को अपना गुरु माना। प्राण ने अपने शानदार काम की बदौलत कई बार फिल्म फेयर का पुरस्कार जीता।

# गायिका मालिनी अवस्थी ने भंसाली को लताड़ा

**मुंबई।** भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित प्रसिद्ध गायिका मालिनी अवस्थी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने 'मिर्जापुर' और 'हीरामंडी' जैसी वेब सीरीज बनाने वाले निर्देशकों को खूब जमकर खरी खोटी सुनाई है। यूपी से निकली मशहूर गायिका मालिनी अवस्थी की दमदार और बुलंद आवाज पूरे देश में गूंजती हैं। वो ऐसी लोक गायिका हैं, जिनका कोई सानी नहीं है।



वह जब भी मंच पर आती हैं तो उनकी आवाज दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। मालिनी अवस्थी भोजपुरी इंडस्ट्री का जाना-माना चेहरा हैं। उन्होंने लोकगीत को अपनी आवाज में बुलंदियों पर पहुंचाया है। 57 साल की मालिनी ने 'दम लगाके हईशा' में 'सुंदर सुशील' गाना गाया। इसके अलावा वो 'बम बम बोले', 'एजेंट विनोद', 'इश्क' जैसी बॉलीवुड फिल्मों के लिए गाना गाया है। अब मालिनी ने 'मिर्जापुर' और 'हीरामंडी' जैसी वेब सीरीज बनाने वाले निर्देशकों की क्लास लगाई है। मालिनी ने वेब सीरीज 'हीरामंडी' और 'मिर्जापुर' को लेकर लिखा, 'हम तो यही समझते हुए बड़े हुए कि जहां न पहुंचे रवि वहां पहुंचे कवि! लेकिन आज ओटीटी प्लेटफार्म पर कवि और कलाकार, इन्हें किस नजरिए से दिखाया जा रहा है! यह बहुत गंभीर विषय है। मिर्जापुर हो या हीरामंडी... सब वास्तविकता से कोसों दूर। कहानी, कल्पना फितूर उसपर तो क्या टिप्पणी की जाए, लेकिन इधर जो दिखा है उस पर खामोश रहना सही नहीं होगा।

# टेस्ट सीरीज : वेस्टइंडीज को पारी और 114 रन से हराया

# इंग्लैंड जीता, एंडरसन का संन्यास, 704 विकेट लेने वाले सबसे तेज गेंदबाज, फेंकी रिकॉर्ड 50 हजार गेंदें


जेम्स एंडरसन

एजेंसी ▸▸ लंदन

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने दूसरी पारी में 32 रन पर तीन विकेट चटकाकर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी टीम को एकतरफा जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पहली पारी में 121 रन बनाने वाली वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी मैच के तीसरे दिन शुरुआती घंटे के अंदर 136 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 371 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने पारी और 114 रन से यादगार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड के महानतम तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से यादगार विदाई ली। एंडरसन ने अपने करियर के आखिरी और 188वें टेस्ट मैच में कुल चार विकेट झटके जिससे इस प्रारूप में उनका करियर 704 विकेट के साथ खत्म हुआ।



## गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित

इंग्लैंड के 41 वर्षीय गेंदबाज को दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वहीं, फैंस ने उनका ताली बजाकर स्वागत किया। इसके बाद दिग्गज गेंदबाज ने मैदान पर मौजूद सभी का अभिवादन किया। इंग्लैंड क्रिकेट ने इसका वीडियो अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी साझा किया है। इसके साथ कैप्शन में बोर्ड ने लिखा, /"एक महान व्यक्ति के लिए सम्मान। अलविदा जेम्स एंडरसन और धन्यवाद।/"

## 50 हजार प्लस गेंदें तीनों प्रारूपों में फेंके

जेम्स एंडरसन ने अपने आखिरी टेस्ट मुकाबले में उम्दा गेंदबाजी करते हुए एक खास उपलब्धि प्राप्त कर ली है। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 50,000 से अधिक गेंदे फेंकने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में सर्वाधिक गेंदे डालने का रिकॉर्ड श्रीलंकाई पूर्व दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के नाम दर्ज है। उन्होंने श्रीलंका के लिए 495 मैचों में शिरकत की। इस बीच वह 583 ओवरों में 63132 गेंदे फेंकने में कामयाब रहे। पूर्व भारतीय दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले कुल 55346 गेंदे फेंकर दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे स्थान पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वॉर्न (51347 गेंदे) हैं। इन तीनों गेंदबाजों के बाद जेम्स एंडरसन का नाम आता है। एंडरसन ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के लिए अबतक कुल 401 मैच की 560 पारियों में शिरकत की है। इस बीच वह 50000 से अधिक गेंदें डाल चुके हैं।

### एंडरसन का टेस्ट करियर

| | |
|---|---|
| 188 | मैच |
| 704 | विकेट |
| 26.45 | औसत |
| 11/71 | मैच में बेस्ट |

स्ट्राइक रेट 56.8
इकोनॉमी रेट 2.79
पारी में बेस्ट 7/42
पारी में 5 विकेट 32
मैच में 10 विकेट 3

### एटकिंसन ने डेब्यू मैच में झटके 12 विकेट

गट एटकिंसन ने पारी में पांच और मैच में कुल 12 विकेट लेकर अपने पदार्पण को यादगार बनाया। वह 1946 में एलेक बेडसर के बाद घरेलू मैदान पर एक टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए। तीसरे सबसे सफल गेंदबाज एंडरसन ने कॅरियर का आगाज 21 साल पहले 2003 में लॉर्ड्स के मैदान पर ही किया था। टेस्ट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इसी मैदान पर आया है। उन्होंने 2017 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 42 रन पर सात विकेट झटके थे। एंडरसन टेस्ट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले इकलौते तेज गेंदबाज है। वह मुथैया मुरलीधरन (800) और शेन वार्न (708) के बाद इस प्रारूप के तीसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं।

### सबसे ज्यादा विकेट

| विकेट | खिलाड़ी | देश |
|---|---|---|
| 800 | मुथैया मुरलीधरन | श्रीलंका |
| 708 | शेन वॉर्न | ऑस्ट्रेलिया |
| 704 | जेम्स एंडरसन | इंग्लैंड |
| 619 | अनिल कुंबले | भारत |
| 604 | स्टुअर्ट ब्रॉड | इंग्लैंड |
| 563 | ग्लेन मैकग्रा | ऑस्ट्रेलिया |
| 530 | नाथन लियोन | ऑस्ट्रेलिया |
| 519 | कर्टनी वॉल्श | वेस्टइंडीज |
| 516 | आर अश्विन | भारत |
| 439 | डेल स्टेन | द.अफ्रीका |

## खबर संक्षेप



### हम हर मैच जीतना चाहते हैं : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि भारतीय महिला टीम हर मैच को जीतने के इरादे से मैदान पर उतरती है। इस महीने के अंत में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के मैच के दौरान भी उसका यही लक्ष्य होगा। भारत ने हाल ही में घरेलू सरजमीं पर दक्षिण अफ्रीका को तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट में हराने के बाद टी20 श्रृंखला को 1-1 की बराबरी पर खत्म किया। दक्षिण अफ्रीका पर मिली जीत से भारतीय टीम का हौसला बढ़ा हुआ है।

### डोपिंग का दंश झेलना सबसे निराशाजनक



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के लिए चुनी गई 16 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाने वाले जरमनप्रीत सिंह ने कहा कि 2016 में डोपिंग का दंश झेलना उनके कॅरियर का सबसे निराशाजनक समय था। जरमनप्रीत पिछले कुछ वर्षों से भारतीय टीम के नियमित खिलाड़ी रहे हैं। वह डोपिंग के कारण 2016 से 2018 तक खेल से दूर रहे थे। ओलंपिक में पदार्पण को तैयार इस खिलाड़ी ने डोपिंग के कारण लगे प्रतिबंध को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए आसान नहीं था। यह कई अनिश्चितताओं के साथ मेरे सबसे बुरे समय में से एक था।'

### अश्विन की किताब में हैं मजेदार किस्से

**नई दिल्ली।** आर अश्विन की आत्मकथा 'आई हैव द स्ट्रीट्स -ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी' में पढ़ने के




लिए कुछ मजेदार किस्से मौजूद हैं। इसमें नाराज महेंद्र सिंह धोनी का एस श्रीसंत को मैच के बीच में स्वदेश भेजने के फैसले के वाकये से लेकर किशोरावस्था में 'मांकडिंग' पदार्पण और डब्ल्यू वी रमन का उन्हें मारक ऑफ स्पिनर बनाने का प्रयास करने की बातें शामिल हैं। इस 184 पन्ने की किताब को पेंगुइन रैंडम ने प्रकाशित किया है जिसके सह लेखक सीनियर पत्रकार सिद्धार्थ मोंगा है जिसमें अश्विन के शुरुआती वर्षों से लेकर 2011 तक भारत की ऐतिहासिक विश्व कप जीत तक का सफर शामिल है।

### हिमंत ने लवलीना को दीं शुभकामनाएं



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने



वाली राज्य की इकलौती मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को शुभकामनाएं दीं। लवलीना ने 2020 टोक्यो खेलों में कांस्य पदक जीता था। वह ओलंपिक पदक जीतने वाली राज्य की पहली खिलाड़ी बनीं थी। शर्मा ने इस मौके पर लवलीना के लिए शुभकामनाएं लिखने के साथ गमोसा (अंग वस्त्र) पर हस्ताक्षर किए। असम अमेच्योर मुक्केबाज संघ ने इस खिलाड़ी को शुभकामनाएं भेजने के लिए अपनी पहल में, गुरुवार को हस्ताक्षर एकत्र किए। खिलाड़ियों और अन्य हस्तियों से शुभकामनाएं लेने के बाद, एएबीए सचिव हेमंत कुमार कलिता लवलीना को 'गुड लक गमोसा' सौंपेंगे। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉल के जरिए लवलीना से बातचीत की जो इस समय जर्मनी में अभ्यास कर रही हैं। लवलीना ओलंपिक में भाग लेने वाली राज्य की दूसरी मुक्केबाज हैं। उनसे पहले शिव थापा ने 2012 लंदन ओलंपिक और 2016 रियो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

# विंबलडन को मिलेगी नई मल्लिका क्रेजिकोवा-पाओलिनी में होगी भिड़ंत

एजेंसी ▸▸ लंदन

बारबोरा क्रेजिकोवा और जैस्मिन पाओलिनी के बीच शनिवार को यहां होने वाले फाइनल में कोई भी जीते, यह सुनिश्चित है कि विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट को इस बार नई मल्लिका मिलेगी। क्रेजिकोवा ने पीठ में दर्द के बावजूद इस बार विंबलडन में हिस्सा लिया। यही नहीं इस टूर्नामेंट से पहले वह इस सत्र में कुछ मैच में ही जीत दर्ज कर पाई थी। इसलिए वह महिला एकल के फाइनल में पहुंचकर हैरान थी। यही हाल उनकी प्रतिद्वंदी और सातवीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी का है।

इन दोनों में से कोई भी खिलाड़ी इससे पहले विंबलडन एकल के फाइनल में नहीं पहुंची थी। पाओलिनी ने वर्तमान टूर्नामेंट से पहले ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता में जो तीन मैच खेले थे उन सभी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। विंबलडन में पिछले सात वर्ष में महिला एकल में सात खिलाड़ी चैंपियन बनी हैं। इनमें सेरेना विलियम्स भी शामिल है जिन्होंने 2016 में यहां सातवीं बार खिताब जीता था। क्रेजिकोवा ने में 2021 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था, लेकिन उन्होंने यह सोचा भी नहीं था कि वह विंबलडन के फाइनल में पहुंचेंगी।

## भारतीय महिला टीम ने मैत्री मैच में म्यामां को 1-1 से बराबरी पर रोका



**यांगून।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां दूसरे मैत्री मैच में अपने प्रदर्शन का स्तर ऊंचा करते हुए म्यामां को 1-1 की बराबरी पर रोकने में सफल रही। भारतीय टीम को मंगलवार को खेले गए इस दौरे के शुरुआती मुकाबले में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। प्यारी खाखा ने मैच के 48वें मिनट में गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने इस गोल का जश्न मनाना अभी खत्म ही किया था कि दो मिनट के अंदर ही विन थीइंगी तुन ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय टीम शुरुआती मैच में हार का सामना करने के बाद इस मुकाबले मे आक्रामक तेवर के साथ मैदान पर उतरी थी। म्यामां की गोलकीपर मयो म्या म्या नयिन ने इस दौरान कुछ शानदार बचाव किए। दूसरे हाफ के शुरू होने पर ओडिशा एफसी की स्ट्राइकर प्यारी ने पनथोई के लंबे पास पर अच्छा नियंत्रण बनाते हुए म्यामां की लिन लाई ओ को छकाकर गोल कर दिया।

# भारतीय युवा ब्रिगेड की नजरें श्रृंखला जीतने पर

एजेंसी ▸▸ हरारे



भारतीय क्रिकेट की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार को चौथे टी20 मैच के जरिए श्रृंखला अपने नाम करके एक नए दौर का आगाज करने के इरादे से उतरेगी। पहले मैच में अप्रत्याशित हार के बाद शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा और तीसरा मैच भारी अंतर से जीतकर 2-1 से बढ़त बना ली है।

**चौथा टी20 आज**

मौजूदा क्रिकेट परिदृश्य में जिम्बाब्वे पर जीत बहुत बड़ी नहीं कही जाएगी लेकिन इससे उन युवाओं में उम्मीद जरूर पैदा होगी जो आधुनिक क्रिकेट के कुछ दिग्गजों के संन्यास के बाद भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में हैं। इनमें वॉशिंगटन सुंदर और अभिषेक शर्मा शामिल हैं। टी20 क्रिकेट से रविंद्र जडेजा के संन्यास के बाद वॉशिंगटन की नजरें स्पिन हरफनमौला के रूप में टीम में जगह पक्की करने पर लगी है। संजू सैमसन और शिवम दुबे के लिए भी इस श्रृंखला में बहुत कुछ दांव पर है। भारतीय टीम प्रबंधन अपने गेंदबाजों खासकर लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के प्रदर्शन से खुश होगा जिसकी गुगली मेजबान बल्लेबाज खेल ही नहीं पा रहे हैं।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
JAWAHARLAL NEHRU KRISHI VISHWA VIDYALAYA, JABALPUR
SHORT TENDER, NOTICE

No. E.E./Tender/2024/605 Dated 10/07/2024

Sealed tender are invited from Registered Contractor/ Firm in PWD/MES/CPWD by Registered post /Speed post only for Digging of Tube well and Supply & Erection of Deep well Submersible pump flat cable main cable, G.I. Pipe etc Forest Nursery, Dept. of Forestry and Supply of Various Materials and Accessories Items at J.N.K.V.V., Jabalpur for the financial year up to 2024-25 at JNKVV, Jabalpur. The detailed specification and tender document can be obtained from the office of the undersigned on payment of Rs.1,000/-.

The last date of issue of the tender document - 19/07/2024 up to 5.00PM.
The last date of submission of tender document - 26/07/2024 up to 5.00PM.
Date of opening of the tender - Next working day

IPRO/EE/2024/53 Executive Engineer

Maharashtra Institute of Higher Education, Jabalpur
Applications are invited
for the following Post for Legal Studies

| Post | Subject | No. of Vacancies |
|---|---|---|
| Principal | Law | 01 |
| Assistant Professor | Law | 06 |

Candidate must have a degree in LLM and have teaching experience. The Qualification for the above posts are as prescribed by the norms of Code-28 RDVV, Jabalpur. Salary best in segment. Candidates may submit their application with Resume up to 7 working days of publication between 11 to 5 P.M. at below mentioned address.

Director Principal

Near Shaheed Smarak, Gol Bazar Jabalpur, M.P. Pin- 482002
E-Mail- mihejbp@rediffmail.com Whatsapp No. 8319587870, 9039585016

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी (म. प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना ( संक्षिप्त )

विज्ञापन पत्र क्रमांक/2977/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2024 सिवनी, दिनांक- 10.07.2024

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं

| निविदा सूचना क्रमांक / दिनांक | ई- टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू लाख में) | कुल अमानती राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में.) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/नि.प्र./2024-25 दिनांक 10.07.2024 | 2024_PHED _356597_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड सिवनी के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य । समूह क्र. 01 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 24/07/2024 | 24/07/2024 | 60 दिवस (वषार्काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 01/नि.प्र./2024-25 दिनांक 10.07.2024 | 2024_PHED _356599_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड कुरई के विभिन्न ग्रामों में 125 / 115 मि. मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य । समूह क्र. 02 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 24/07/2024 | 24/07/2024 | 60 दिवस (वषार्काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 01/नि.प्र./2024-25 दिनांक 10.07.2024 | 2024_PHED _356600_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड केवलारी के विभिन्न ग्रामों में125 / 115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य । समूह क्र. 03 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 24/07/2024 | 24/07/2024 | 60 दिवस (वषार्काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 01/नि.प्र./2024-25 दिनांक 10.07.2024 | 2024_PHED _356601_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड बरघाट के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य । समूह क्र. 04 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 24/07/2024 | 24/07/2024 | 60 दिवस (वषार्काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 01/नि.प्र./2024-25 दिनांक 10.07.2024 | 2024_PHED _356602_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड छपारा के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य । समूह क्र. 05 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 24/07/2024 | 24/07/2024 | 60 दिवस (वषार्काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 01/नि.प्र./2024-25 दिनांक 10.07.2024 | 2024_PHED _356603_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड धनौरा के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य । समूह क्र. 06 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 24/07/2024 | 24/07/2024 | 60 दिवस (वषार्काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 01/नि.प्र./2024-25 दिनांक 10.07.2024 | 2024_PHED _356604_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड लखनादौन के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य । समूह क्र. 07 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 24/07/2024 | 24/07/2024 | 60 दिवस (वषार्काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 01/नि.प्र./2024-25 दिनांक 10.07.2024 | 2024_PHED _356605_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड घंसौर के विभिन्न ग्रामों में 125 / 115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य । समूह क्र. 08 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 24/07/2024 | 24/07/2024 | 60 दिवस (वषार्काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |

G-13366/24

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
सिवनी (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, सतना म.प्र.

NIT क्र. 09(E.T.)/जलप्रदाय/न.पा.नि./2023-24 // निविदा सूचना // सतना दिनांक-12/07/2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | निविदा क्र.व. जारी दिनांक | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | वार्ड क्र. | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 09 12.07.2024 | 2024_UAD_ 357385_1 | रोड मरम्मत कार्य विभिन्न स्थानो में ( द्वितीय कॉल) | 22,24,37, & 42 to 45 | 8,28,300/- | 16,600/- | 2,000/- | 01 माह |

शर्तें :- 1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 12.07.2024 समय 17 :30 से दिनांक 18.07.2024 समय 17 :30 बजे तक ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)

भारत सरकार / Government of India
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय/ Ministry of Social Justice & Empowerment
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग/Department of Empowerment of Persons with Disabilities, Govt. Of India
पाँचवा तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन/ 5th Floor, Pt. Deendayal Antyodaya Bhawan,
सी जी ओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003/ CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi-110003
Phone No. 011-24369054, Email ID: vineet.singhal17@gov.in, anita.meena13@nic.in

संदर्भ: 18-20/2024-डीडी-III/एनएफ दिनांक 4 जुलाई, 2024

सार्वजनिक सूचना

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग 'दिव्यांगजनों के लिए राष्ट्रीय निधि' के तहत कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक एसटीईएम (साइंस, टेकनोलॉजी, इंजीनियरिंग तथा मैथ्स) विषयों में 100% दृष्टिहीन और 100% बधिर (कोक्लियर इंप्लांट के बिना) छात्रों को शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति के लिए राष्ट्रीय संस्थानों/सीआरसी के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करता है।

| | |
|---|---|
| पात्रता मानदंड | • यह योजना केवल भारतीय नागरिकों के लिए है। • किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में अध्ययन करने वाले कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक एसटीईएम विषयों में अध्ययनरत 100% दृष्टिहीन और 100% बधिर (कोक्लियर इंप्लांट के बिना) छात्र। • सभी स्रोतों से अधिकतम वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपये तक। |
| वित्तीय सहायता की सीमा | • प्रति वर्ष प्रति छात्र रु. 1.5 लाख या वास्तविक, जो भी कम हो। |
| आवेदन कैसे करें: | • पात्र और इच्छुक छात्र डीईपीडब्ल्यूडी के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत किसी भी राष्ट्रीय संस्थान / समेकित क्षेत्रीय केंद्र में अपने विधिवत भरे हुए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। |

नोट: निर्धारित आवेदन पत्र, पात्रता शर्तों और अपेक्षित दस्तावेजों जैसे अधिक विवरण के लिए, आवेदक विभाग की वेबसाइट https://depwd.gov.in/national-fund-under-pwds/ पर देख सकते हैं।

(निदेशक)
डीईपीडब्ल्यूडी, एमएसजे एंड ई,
भारत सरकार

CBC 38117/11/0009/2425




पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में वरिष्ठतम न्यायाधीश के रूप में हैं पदस्थ

# मप्र हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश बनाने न्यायमूर्ति जीएस संधावालिया के नाम की अनुशंसा

हरिभूमि, जबलपुर।

सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने न्यायमूर्ति जीएस संधावालिया के नाम की अनुशंसा की है। राष्ट्रपति की मुहर के साथ ही भारत सरकार का कानून व न्याय विभाग नियुक्ति की विधिवत अधिसूचना जारी कर देगा।

न्यायमूर्ति संधावालिया वर्तमान में पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में



वरिष्ठतम न्यायाधीश के रूप में पदस्थ हैं। वे 30 सितंबर, 2011 को पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त हुए थे। 24 जनवरी, 2014 को स्थायी न्यायाधीश बने।

### दो कार्यवाहक सीजे के बाद मिलेगी स्थायी सीजे की सौगात

मप्र हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ की पिछले दिनों सेवानिवृत्ति के बाद यहां पदस्थ वरिष्ठतम न्यायाधीश शील नागू को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया था। उनके पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश नियुक्त होने पर दिल्ली हाई कोर्ट से स्थानांतरित होकर आए वरिष्ठतम न्यायाधीश संजीव सचदेवा मप्र हाई कोर्ट के कार्यवाह मुख्य न्यायाधीश बनाए गए थे। नये मुख्य न्यायाधीश संधावालिया के पदभार ग्रहण करने के साथ ही वे प्रशासनिक न्यायाधीश बन जाएंगे।

### सुप्रीम कोर्ट की सिफारिश

भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने राष्ट्रपति भेजे प्रस्ताव में कहा है कि पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट देश के सबसे बड़े उच्च न्यायालयों में से एक है। पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश संधावालिया को मप्र हाइकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करना उचित होगा। लिहाजा, कालेजियम न्यायमूर्ति जीएस संधावालिया को मप्र हाईबकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश करता है।

रेलवे ने किया कई ट्रेनों के समय में परिवर्तन

# संपर्क क्रांति 10 मिनट, श्रीधाम और हमसफर 15 मिनट पहले स्टेशनों पर पहुंचेंगी

हरिभूमि, जबलपुर

अगस्त माह से संपर्क क्रांति, श्रीधाम, दयोदय एवं हमसफर सहित अन्य ट्रेनों का समय बदला



रेलवे द्वारा परिचालनीय जरूरत एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल ने यात्री गाड़ियों के समय में आंशिक संशोधन किया है।

गाड़ी संख्या 12121 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एमपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 11 अगस्त से जबलपुर स्टेशन पर पहले रवाना होने का समय 19:30 बजे की जगह अब 19:20 बजे रवाना होंगीं। आगे भी स्टेशनों में 10 मिनट का अंतर आएगा। गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस 11 अगस्त से जबलपुर स्टेशन पर पहले प्रस्थान समय 20.50 बजे की जगह अब 20:35 बजे रवाना होगी। गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस 11 अगस्त 2024 से जबलपुर स्टेशन पर पहले रवाना होने का समय 17.45 बजे की जगह अब 17.30 बजे रवाना होगी। गाड़ी संख्या 20827 जबलपुर-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस 15 अगस्त से जबलपुर स्टेशन पर पहले रवाना होने का समय 20.35 बजे की जगह अब 20.20 बजे रवाना होगी। गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस 11 अगस्त से बरौनी स्टेशन से रवाना होकर कटनी पहले पहुंचने का समय 06:35 बजे की जगह अब पहुंचने का समय 06:15 बजे रहेगा।

*पिता की याचिका पर गृह सचिव व डीजीपी सहित अन्य को नोटिस*

# पुत्र की संदेहास्पद मृत्यु की निष्पक्ष जांच के लिए ली हाई कोर्ट की शरण

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने पुत्र की संदेहास्पद मृत्यु की निष्पक्ष जांच की मांग के मामले में राज्य शासन, गृह सचिव व डीजीपी सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है।

याचिकाकर्ता छिंदवाड़ा निवासी दयाशंकर गोनेकर की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा, अंजना श्रीवास्तव व अभिमन्यु सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता का पुत्र देवेंद्र उर्फ देवा गोनेकर 19 मार्च, 2022 को पंचमुखी हनुमान मंदिर, छिंदवाड़ा के लिए निकला था। दर्शन के बाद



डेड़ बजे पवार होटल में नाश्ता किया। इसी दौरान समीप की एक दुकान में उसके तीन दोस्त खड़े थे। तीनों ने होली की पार्टी देने दबाव बनाया। साथ ही भरता देव डैम ले गए। वहां एकांत में पुत्र को पानी में डुबाने की साजिश रची गई। तीनों ने हल्ला मचाया कि उनका दोस्त डूब रहा है। यह सुनकर मछुआरे पहुंच गए और याचिकाकर्ता के पुत्र को निकाल लिया। तीनों दोस्तों ने याचिकाकर्ता को इस घटना की कोई सूचना नहीं दी। वे मौके से भाग गए। बाद में किसी दूसरे की सूचना पर याचिकाकर्ता मौके पर पहुंचा। उसने देखा कि पानी में डूबने की वजह से पुत्र की हालत खराब हो गई थी। लिहाजा, आनन-फानन में इलाज के लिए नागपुर की ओर रवाना हुए। लेकिन रास्ते में ही पुत्र ने दम तोड़ दिया। दरअसल, तीनों दोस्त प्रदीप रघुवंशी, नितिन बरखाने व शैलेंद्र गोनेकर आपराधिक छवि के युवक हैं। लिहाजा, घटना की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

मृतक के स्वजनों को राहत

# हाई कोर्ट ने सड़क दुर्घटना दावा राशि बढ़ाई

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अचल कुमार पालीवाल की एकलपीठ ने एक राहतकारी आदेश के जरिये सड़क दुर्घटना दावा राशि में बढ़ोत्तरी कर दी। इसी के साथ मृतक के स्वजनों ने राहत की सांस ली। कोर्ट ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा पूर्व में स्वीकार की गई 14 लाख 18 हजार रुपये दावा राशि में तीन लाख 74 हजार 120 रुपये जोड़कर कुल दावा राशि भुगतान के निर्देश दे दिए।

याचिकाकर्ता सिवनी निवासी रोशनी वंशकार की ओर से अधिवक्ता प्रमेंद्र सेन, प्रवीण सेन, ब्रजेंद्र बडगैंया व रोहित चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पति श्रीकांत वंशकार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। वह राजमिस्त्री का कार्य करता था। इसी से परिवार का भरण-पोषण होता था। इसके बावजूद मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने उसकी दैनिक, मासिक व वार्षिक आय का समुचित मूल्यांकन नहीं किया। नजीजतन अपेक्षाकृत कम दावा राशि स्वीकृत हुई। इससे व्यथित होकर विधवा पत्नी ने हाई कोर्ट की शरण ले ली। हाई कोर्ट ने तर्क सुनने के बाद दावा उचित पाकर राहतकारी आदेश पारित कर दिया।

इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित अन्य कॉलेजों पर भी लागू होंगे नए नियम

# नई पॉलिसी में अब छात्रों की फीस वापस नहीं करने पर रद्द हो सकती है कॉलेजों की मान्यता

हरिभूमि, जबलपुर

कॉलेजों को अब छात्रों की फीस नहीं लौटाना महंगा पड़ सकता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने छात्रों और अभिभावकों की शिकायतों के बाद फीस रिफंड को लेकर नई पॉलिसी बनाई है। इस बार फीस रिफंड पॉलिसी 2024 को पहले की पॉलिसी के मुकाबले काफी सख्त बनाया गया है। अब अगर समय रहते किसी भी छात्र की फीस कॉलेज के द्वारा नहीं लौटाई गई, तो संबंधित कॉलेज की मान्यता तक रद्द हो सकती है। इसके साथ ही उस कॉलेज का अनुदान रोकने से लेकर डिफॉल्टर लिस्ट में डालने तक का प्रावधान तक रखा गया है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय में सचिव मनीष जोशी ने इस बाबत नोटिस जारी किया है।

इस नोटिस में उन नियमों को दर्शाया गया है, जिसके तहत फीस नहीं लौटाने की स्थिति में कॉलेज की मान्यता रद्द करने की बात कही गई है। यह नियम इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित अन्य कॉलेजों पर भी लागू होंगे। यूजीसी ने कॉलेज प्रशासन पर फीस नहीं लौटाने की स्थिति में सख्त नियम बनाए है। इनमें ऑनलाइन और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कराने की मंजूरी वापस लेने, स्वायत्त संस्थान का दर्जा वापस लेने से लेकर उनका नाम डिफाल्टर सूची में शामिल करने तक का प्रावधान बताया गया है।

***अभिभावकों की शिकायतों के बाद फीस रिफंड की बनी नई पॉलिसी***



### *छात्रों को देना होगा आवेदन*

*जारी नोटिस के अनुसार इसके लिए छात्र या अभिभावकों को भी नियमों के तहत आवेदन करना होगा। फीस वापसी के लिए एक निर्धारित समय सीमा में ही छात्र अथवा अभिभावक को आवेदन करना होगा। बताया गया है कि यूजीसी को इस संबंध में कई छात्रों और अभिभावकों द्वारा शिकायत मिली थी, जिसके खास कारणों में अगर कोई छात्र संस्थान से अपना नाम वापस ले लेता था, तो उसे नियमों के अनुसार कालेज से फीस वापस नहीं की जा रही थी।*

# अटल गृह ज्योति योजना में 1 करोड़ उपभोक्ता लाभान्वित

कृषि ज्योति योजना में 26 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को मिल रहा लाभ

**हरिभूमि, जबलपुर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि एक करोड़ से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को अटल गृह ज्योति योजना और 26 लाख 59 हजार उपभोक्ताओं को अटल कृषि ज्योति योजना में लाभान्वित किया जा रहा है। अटल गृह ज्योति योजना में प्रदेश के ऐसे सभी घरेलू उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिया जा रहा है, जिनकी मासिक खपत 150 यूनिट तक है। ऐसे उपभोव्तओं को प्रथम 100 यूनिट की खपत के लिये अधिकतम 100 रूपये का बिल दिया जा रहा है एवं अंतर की राशि राज्य शासन द्वारा सब्सिडी के रूप में वितरण कंपनियों को दी जा रही है। ऐसे उपभोक्ताओं को 101 से 150 यूनिट खपत के लिए टैरिफ आदेश अनुसार दर लागू होती है।

अटल गृह योजना में 100 वॉट तक के संयोजित भार के 30 यूनिट तक की मासिक खपत वाली उपभोक्ता श्रेणी एल.व्ही.-1,1 के अनुसूचित जाति, जनजाति के गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले उपभोक्ताओं को प्रति माह 25 रूपये का बिल दिया जा रहा है एवं अंतर की राशि राज्य शासन द्वारा सब्सिडी के रूप में दी जा रही है। अटल गृह ज्योति योजना से लगभग 1.08 करोड़ से अधिक घरेलू उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे हैं। योजना के लिए वर्ष 2023-24 में सब्सिडी मद में 6404.61 करोड़ रूपये जारी किये गये हैं।

### अटल कृषि ज्योति योजना

अटल कृषि ज्योति योजना में 10 हार्स पॉवर तक के मीटर रहित स्थाई कृषि पंप कनेक्शनों को 750 रूपये प्रति हार्स पॉवर प्रतिवर्ष एवं 10 हार्स पॉवर से अधिक के मीटर रहित स्थाई कृषि पंप कनेक्शनों को 1500 रूपये प्रति हार्स पॉवर प्रतिवर्ष की फ्लेट दर से बिजली दी जा रही है। साथ ही 10 हार्स पॉवर तक के मीटरयुक्त स्थाई कृषि पंप कनेक्शन एवं अस्थाई कृषि पंप कनेक्शनों को भी ऊर्जा प्रभार में रियायत दी गई है। निर्धारित दर से अंतर की राशि का भुगतान राज्य शासन द्वारा सब्सिडी के रूप में किया जा रहा है। इस योजना से लगभग 26.59 लाख कृषि उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे हैं। राज्य शासन द्वारा इस योजना के लिये वर्ष 2023-24 में सब्सिडी मद में 13212.05 करोड़ रूपये जारी किए गए हैं।




*छात्र बोले- हल चलाए बगैर कैसे सिखाएंगे खेती किसानी*

# अब बगैर एंट्रेंस एग्जाम दिए होंगे निजी कॉलेजों में एडमिशन

**हरिभूमि, जबलपुर।** मप्र शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने अब कई निजी कॉलेजों को भी कृषि से संबंधित पाठ्यक्रमों को पढ़ाए जाने का आदेश जारी कर दिया है, जिसमें बगैर एंट्रेंस एग्जाम दिए भी एडमिशन होने लगे हैं। लेकिन सरकार के इस आदेश को लेकर अब प्रदेश भर के शासकीय कृषि महाविद्यालयों में एंट्रेंस एग्जाम देकर पढने वाले छात्र खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। सरकार के इस आदेश का विरोध शुरू हो गया है। छात्रों का कहना है कि जब तक मप्र सरकार इस तरह के आदेश को वापस ले।

### ये है आदेश

दरअसल, बीते माह उच्च शिक्षा विभाग ने एक आदेश जारी किया था, जिसमें कृषि स्नातक पाठ्यक्रम को गैर कृषि महाविद्यालय में संचालित करने के आदेश दिए गए हैं। बस इसी बात को लेकर कृषि महाविद्यालय के छात्र आंदोलन कर रहे हैं। उनका कहना है कि गैर कृषि महाविद्यालय में इस पाठ्यक्रम को पढ़ाए जाने से ना तो विद्यार्थियों का भला होगा, ना ही वे अच्छे और कुशल कृषक बन पाएंगे। क्योंकि कृषि महाविद्यालय में कृषि के छात्रों को लैब और फील्ड में प्रैक्टिकल कराए जाते हैं। इसके चलते वे बहुत सी चीज सीख पाते हैं। लेकिन, गैर कृषि महाविद्यालय में ना तो लैब है, ना हीं उनके पास कृषि के लिए जमीन। ऐसे में वहां पढने वाले छात्र सही से पढ़ भी नहीं पाएंगे। वहां उन्हें सिर्फ चार दिवारी में डिग्री ही मिल सकती है, लेकिन नॉलेज नहीं। इसी बात को लेकर हम अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। बता दे कि छात्रों के अनुसार इस मामले में इंदौर हाई कोर्ट में एक याचिका भी लगाई गई है, और अब जगह-जगह कृषि महाविद्यालयों में प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं।

### मप्र शासन को नहीं है आदेश निकालने का अधिकार

छात्रों का कहना है कि कृषि का स्नातक पाठ्यक्रम तकनीकी शिक्षा से जुड़ा हुआ है। इसका संचालन और नियंत्रण भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद दिल्ली द्वारा किया जाता है। मप्र सरकार द्वारा कृषि स्नातक पाठ्यक्रम का संचालन नहीं किया जाता। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह आदेश का अधिकार उच्च शिक्षा विभाग के पास नहीं है। कृषि के छात्रों का यह भी कहना है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा कृषि कॉलेज में कृषि स्नातक पाठ्यक्रम को संचालित करने के लिए नियमावली बनाई गई है। ऐसे में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की नियमावली को अनदेखा नहीं किया जा सकता। उनका कहना है कि अनुसंधान परिषद की स्थापना इस उद्देश्य के साथ की गई थी कि कृषि के अनुसंधान का प्रसार होगा। जिसमें कृषि की नवीनतम तकनीक, कृषि के लिए आवश्यक आधुनिक मशीनरी, उन्नत बीजों का विकास एवं कृषि से संबंधित अन्य गतिविधियों की नवीन प्रणाली को स्थापित किया जाएगा। लेकिन गैर कृषि महाविद्यालय में यह सब हो पाना मुश्किल है। ऐसे में उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस आदेश को वापस लेकर कृषि महाविद्यालय में ही कृषि की पढ़ाई करने दी जाए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240